



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 77 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.2 2082 शुक्रवार, 13 जून-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## देश में कोरोना के एक्टिव केस 7154 पार, 77 मौतें

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। देश में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट तेजी से फैल रहा है। 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7154 पहुंच गई है। एक हफ्ते से औसतन हर दिन 400 नए केस सामने आए। हालांकि, बुधवार को केवल 33 केस दर्ज हुए हैं।

केरल में सबसे ज्यादा 2165 मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोरोना से 30 लोगों की जान गई है। नए वैरिएंट से अब तक 77 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई। महाराष्ट्र में 2, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 1-1 मरीज की मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 21 मौतें हुई हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बुधवार को कहा कि सर्दी-खांसी और गले में दर्द होने पर खुद को क्वारंटीन कर लेना चाहिए।

## अहमदाबाद में बड़ा हादसा

# एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त

## 240 यात्रियों की मौत-ब्रिटिश नागरिक समेत दो जिंदा बचे

अहमदाबाद, 12 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में बड़ा विमान हादसा हुआ है। दरअसल अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 242 यात्री सवार थे। हादसे के बाद 240 लोगों की मौत हो गयी, जबकि ब्रिटिश नागरिक समेत दो लोग जिंदा बच निकले हैं। हादसे के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हो गया। घटनास्थल पर अग्निशमन दल की टीमें पहुंच गई और राहत और बचाव कार्य में जुट गये।

**अहमदाबाद से लंदन जा रहा था विमान**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हुआ है, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। यह विमान बोइंग बी787 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी था। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ है। ऐसे में बड़ा नुकसान होने की आशंका है। हादसे की सूचना मिलते ही गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गुजरात सीएम और अहमदाबाद के कमिश्नर से फोन पर बात की है और उनसे हालात के बारे में जानकारी ली। एअर इंडिया ने भी हादसे की पुष्टि की है और बयान में कहा है कि वे हालात की समीक्षा कर रहे हैं।

**डीजीसीए ने जारी किया बयान**

डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 10 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1.38 पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की कई टीमें मौके पर भेजी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी इस विमान में सवार थे।




## एअर इंडिया के चेयरमैन ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख, जारी किया हॉटलाइन नंबर

अहमदाबाद, 12 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे पर एअर इंडिया ने बयान जारी किया है। एअर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बयान में कहा कि हम बड़े दुख के साथ सूचित कर रहे हैं कि एअर इंडिया की फ्लाइट 171, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रही थी, वह आज हादसे का शिकार हो गई। हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं। अभी हमारी प्राथमिकता पीड़ित लोगों और परिवारों की मदद करना है। हम हरसंभव कोशिश कर रहे हैं और आपात टीमों की मदद में जुटे हैं। जैसे ही सही जानकारी मिलेगी, वैसे ही इसे साझा किया जाएगा। पीड़ित परिवारों को जानकारी देने के लिए एक आपात सेंटर बनाया गया है और उसे एक्टिवेट कर दिया गया है।

**एअर इंडिया ने जारी किया हॉटलाइन नंबर :**

एअर इंडिया ने बयान जारी कर बताया कि फ्लाइट एआई171 ने 1.38 पर उड़ान भरी थी। विमान में 242 यात्री सवार थे, जिनमें से 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एअर इंडिया ने जानकारी देने के लिए हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया है। एअर इंडिया ने अथॉरिटीज को पूरा समर्थन देने की बात कही है। एअर इंडिया ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

**डॉक्टर हॉस्टल के ऊपर गिरा विमान :**

अहमदाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुई। सूचना मिलने के 2-3 मिनट के भीतर ही पुलिस अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। करीब 70-80 प्रतिशत इलाका क्लीयर करा लिया गया है। सभी एजेंसियां काम में जुटी हैं।

## मृतकों के परिवार को एक करोड़ की मदद करेगा टाटा ग्रुप

अहमदाबाद, 12 जून (एजेंसियां)। टाटा समूह विमान हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा हम घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त, हम बी.जे. मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे।

## विमान की सुरक्षा पर उठ चुके हैं सवाल

अहमदाबाद, 12 जून (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का एक विमान दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया है। यह दर्दनाक हादसा अहमदाबाद के मेघानी इलाके में हुआ। एयर इंडिया ने बताया कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एआई-171 आज 12 जून 2025 को हादसे का शिकार हो गई है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि हम हादसे के विवरण का पता कर रहे हैं। इसकी जानकारी अपने एक्स हैंडल पर साझा की जाएगी।

**जो विमान हादसे का शिकार हुआ, वह विवादों में क्यों रहा है...**

> उत्पादन प्रक्रिया में समस्याएं : बोइंग को 787 ड्रीमलाइनर के उत्पादन में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दा इसकी सप्लाई चेन और उत्पादन प्रक्रिया में देरी थी।

> गुणवत्ता नियंत्रण में कमी : बोइंग के इस मॉडल के विमान के पुर्जों में गुणवत्ता नियंत्रण की कमी पाई गई, जिससे सुरक्षा संबंधित चिंताएं पैदा हुई थी।

> नियामक जांच : सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के कारण, बोइंग को नियामक एजेंसियों की जांच का सामना करना पड़ा था। जिन्होंने विमान की सुरक्षा और गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे।

> वित्तीय प्रभाव : इन विवादों के कारण बोइंग को वित्तीय नुकसान हुआ और कंपनी की प्रतिष्ठा भी प्रभावित हुई। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर जेट के साथ जुड़े विवाद ने विमानन उद्योग में गुणवत्ता नियंत्रण और उत्पादन प्रक्रिया के महत्व को उजागर किया था।

बोइंग ने इन मुद्दों को हल करने के लिए कदम उठाए थे, पर विवाद ने कंपनी की प्रतिष्ठा और वित्तीय स्थिति को खस्ताहाल कर दिया था।

यह दुर्घटना सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप हुई है, जिससे क्षेत्र में भारी धुंआ और आग की लपटें देखी गईं। स्थानीय निवासियों ने आसमान में काले धुएं का गुबार देखा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि हादसा गंभीर है।

## पूर्व सीएम विजय रुपाणी 8 नंबर सीट पर सवार थे

अहमदाबाद, 12 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास मेघाणी नगर के पास एक इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर एयर इंडिया का एक विमान गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कहा जा रहा है कि इस प्लेन में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी भी सीट नंबर 12 पर सवार थे। मामले में अग्निशमन अधिकारी जयेश खड़िया ने बताया कि विमान के गिरने के बाद उसमें आग लग गई और दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए मौके पर भेजा गया है। अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने हादसे के बारे में कहा, हवाईअड्डे के पास मेघाणी नगर में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे। लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।





विजय रुपाणी का जन्म म्यांमार के रंगून (फिलहाल यंगून) में साल 1956 में हुआ था। उनके पिता का नाम रमणीक लाल है। रुपाणी राजकोट में बड़े हुए है, उन्होंने स्कूली दिनों में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जॉइन कर लिया था। उन्होंने बीए और बाद में एलएलबी की डिग्री हासिल की। राज्य के टूरिज़म कॉर्पोरेशन का चेयरमैन रहने के दौरान उन्होंने 'खुशबू गुजरात की' अभियान को मशहूर बनाया। गुजरात को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने का बहुत कुछ श्रेय रुपाणी को ही जाता है।

वह एक समर्पित आरएसएस कार्यकर्ता रहे हैं। वह लो प्रोफाइल रहकर काम करने के लिए जाने जाते हैं।

# कोर्ट की सतर्कता ज्यूडिशियल टेररिज्म में न बदले : सीजेआई

*कई ऐसे मौके होते हैं जहां न्यायपालिका को नहीं घुसना चाहिए, वहां सीमा लांघ जाते हैं*

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए। ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो।

एक न्यूज पोर्टल के सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए। जस्टिस गवई ने आगे कहा कि ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए।

जस्टिस बीआर गवई ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'फ्रॉम रिप्रेजेन्टेशन टु रियलाइजेशन एम्बॉडिइंग द कॉन्स्टिट्यूशन्स प्रॉमिस' सब्जेक्ट पर बोलते हुए कहा कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए।



**मई 2025: जस्टिस गवई का राजनीति में एंट्री से इनकार : बोले- रिटायरमेंट के बाद कोई पद नहीं लूंगा :**

सीजेआई गवई ने रिटायर होने के बाद राजनीति में आने से इनकार किया। उन्होंने कहा था कि सीजेआई के पद पर रहने के बाद व्यक्ति को कोई जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए।

सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर उन्होंने कहा- मैं सोशल मीडिया को फॉलो नहीं करता हूं, लेकिन मेरा भी यही मानना है कि जस्टिस अपने घरों में बैठकर फैसले नहीं सुना सकते।

हमें आम आदमी के मुद्दों को समझना होगा।

**अक्टूबर 2024 : गवई बोले- जज नेता की प्रशंसा न करें, लोगों का ज्यूडिशियरी से भरोसा उठता है**

जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि बेंच पर और बेंच से बाहर जज का व्यवहार ज्यूडिशियल एथिक्स के हाई स्टैंडर्ड के मुताबिक होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पद पर रहते हुए और शिष्टाचार के दायरे से बाहर जज के किसी राजनेता या नौकरशाह की तारीफ करते हैं तो पूरी न्यायपालिका में लोगों का भरोसा प्रभावित हो सकता है।

चुनाव लड़ने के लिए किसी जज का इस्तीफा देना निष्पक्षता को लेकर लोगों की धारणा को प्रभावित कर सकता है। ज्यूडिशियल एथिक्स और ईमानदारी ऐसे बुनियादी स्तंभ हैं, जो कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता को बनाए रखते हैं।

## पीएम मोदी ने बीजेपी प्रवक्ताओं को दी नसीहत

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के साथ एक अहम बैठक की। यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। जिसमें पीएम ने प्रवक्ताओं को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने प्रवक्ताओं से उनके अनुभवों के बारे में पूछा और खुद भी पत्रकारों व संपादकों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

पीएम मोदी ने प्रवक्ताओं को सलाह दी कि पत्रकारों और संपादकों के साथ संबंध बनाते समय संयम और समझदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम सत्ताधारी पार्टी हैं, इसलिए हमारी वाणी में विनम्रता होनी चाहिए। इससे हमारी बात का असर बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने प्रवक्ताओं को डिबेट और प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी तैयारी के साथ जाने की नसीहत दी।

# बंगाल हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप

> विधानसभा में हुआ हंगामा > विधायकों का वॉकआउट

कोलकाता, 12 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हिंसा के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। बुधवार को यहां पुलिस और असामाजिक तत्वों के बीच झड़प हुई थी। भाजपा नेता और नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि हिंसा के दौरान शिव मंदिर में तोड़फोड़ की गई।

**शुभेंदु अधिकारी का आरोप- हिंसा सांप्रदायिक थी :**

शुभेंदु अधिकारी ने डायमंड हार्बर के एसपी और बंगाल के डीजीपी से अपील की है कि वे हिंसा प्रभावित महेशताला जाना चाहते हैं और वहां पीड़ित हिंदू परिवारों से मुलाकात करना चाहते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मैंने डायमंड हार्बर के एसपी और डीजीप से बात की है ताकि मैं और एक अन्य विधायक महेशताला जाकर उन हिंदू पीड़ित परिवारों से मिल सकें, जिन पर जिहादियों ने हमला किया और उनसे मिलकर उनके प्रति एकजुटता दिखा सकें।

शुभेंदु अधिकारी का कहना है कि दक्षिण 24 परगना में हुई हिंसा में 30-35 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पांच पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई और तोड़फोड़ की गई। अराजक भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और पुलिस ने सफेद झंडे लहराए। यही मीडिया में चल रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी तो अदालत पैरामिलिट्री फोर्स को निर्देश देगी।

**बुधवार को हुई हिंसा, कई पुलिसकर्मी घायल :**

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में बुधवार को रवींद्रनगर इलाके में सोमवार को एक बड़ी हिंसा हुई। जहां भीड़ ने पुलिस पर हमला किया और वाहनों को तोड़ दिया और कई पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। यह घटना दो समूहों के बीच एक स्थानीय विवाद के बाद हुई।

जानकारी के मुताबिक, भीड़ ने पुलिस के वाहन पर पथराव किया और एक पुलिस की गाड़ी के कांच भी तोड़ दिए। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें एक महिला कांस्टेबल भी शामिल हैं, जिसके सिर में चोट लगी थी। कई अन्य पुलिसकर्मियों को भी पत्थर लगने से खून बहता हुआ देखा गया।

**विधानसभा में हंगामा :**

दक्षिण 24 परगना में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में हंगामा हुआ और भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। भाजपा विधायकों ने हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया था। स्पीकर के इनकार के बाद विधायकों ने हंगामा कर दिया और सदन से बाहर चले गए।

# भाजपा के नए अध्यक्ष का चुनाव 21 जुलाई तक संभव

### अगले हफ्ते से कवायद तेज होगी, 10 राज्यों में भी नए अध्यक्ष चुने जाएंगे



नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र की शुरूआत से पहले हो सकता है। अगले हफ्ते से इस दिशा में कवायद तेज हो जाएगी। लगभग 10 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की तरफ से अनौपचारिक बातचीत में इसके साफ संकेत मिले हैं कि नए अध्यक्ष का चुनाव अब टाला नहीं जाएगा। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। लिहाजा, संगठन में इससे पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दरअसल, बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं, वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है।

**भाजपा बिहार चुनाव में असमंजस की स्थिति नहीं रखना चाहती :**

15 अगस्त के बाद बिहार चुनाव को लेकर हलचल शुरू हो जाएगी। इसलिए भाजपा इससे पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना चाहेगी क्योंकि बिहार के विधान सभा चुनाव नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर असमंजस की स्थिति नहीं रहे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दस प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव को लेकर तेजी से काम हो रहा है। 21 जून तक कई प्रदेशों में नए अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे जिसके बाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## ईडी के सामने पेश हुए डिनो मोरिया

मुंबई, 12 जून (एजेंसियां)। मीठी नदी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभिनेता डिनो मोरिया प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने गुरुवार को पेश हुए। ईडी के दफ्तर पहुंचे अभिनेता से पूछताछ जारी है। जांच एजेंसी को मिले कुछ अहम सबूतों के आधार पर डिनो मोरिया से सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। घोटाला को लेकर अभिनेता डिनो मोरिया को 7 जून को ईडी ने समन भेजा था।

इससे पहले 6 जून को डिनो मोरिया के बांद्रा स्थित आवास पर ईडी ने छापेमारी की थी, जो करीब 14 घंटे तक चली थी। इसके अलावा, ईडी ने मुंबई और कोच्चि में 15 से ज्यादा ठिकानों पर कार्रवाई की, जिसमें डिनो के भाई सैंटिनो, ठेकेदारों और बीएमसी अधिकारियों के परिसर शामिल थे। जानकारी के अनुसार, डिनो मोरिया के अलावा बीएमसी के सहायक अभियंता प्रशांत रामुगडे समेत अन्य के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की थी। इसी मामले में अभिनेता 28 मई को आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए थे।

# कांग्रेस बोली-भारत को अमेरिका से 3 बड़े झटके लगे

✻ मुनीर को न्योता दिया ✻ पाकिस्तान की तारीफ की ✻ पीएम सर्वदलीय बैठक बुलाएं

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा- बुधवार को एक ही दिन में भारत की कूटनीति (डिप्लोमेसी) को अमेरिका से तीन बड़े झटके लगे हैं। इनसे भारत की विदेश नीति और भारत-अमेरिका संबंधों पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

जयराम ने कहा- अमेरिका की सेंट्रल कमांड चीफ जनरल माइकल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ साझेदार बताया।

पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर को अमेरिकी आर्मी डे के लिए न्योता दिया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने फिर से कहा कि भारत-पाक तनाव ट्रम्प ने खत्म करवाया।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि ये हमारी कूटनीति के लिए बड़े झटके हैं। साथ ही चेतावनी और चुनौती भी हैं। प्रधानमंत्री जो सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी हैं, उन्हें अब सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। उन्होंने विदेश यात्राओं पर गए सांसदों से मुलाकात की है, अब विपक्षी दलों के नेताओं से भी मिलना चाहिए।



**जयराम रमेश ने गिनाए 3 झटके**

**पहला झटका : पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी साझेदार बताया**

जयराम रमेश कहा, अमेरिका के सेंट्रल कमांड चीफ जनरल माइकल कुरिल्ला ने हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सामने पाकिस्तान को एक शानदार आतंकवाद विरोधी साझेदार बताया। क्या यही पाकिस्तान है जहां ओसामा बिन लादेन 10 साल छिपा रहा और 2011 में मारा गया। वही पाकिस्तान अब अमेरिका के लिए आतंकवाद विरोधी साझेदार बन गया।

**दूसरा झटका : पाक आर्मी चीफ मुनीर को अमेरिका आने का न्योता :**

जयराम रमेश ने कहा, अमेरिका ने पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर को 14 जून को अमेरिका सेना की 250वीं वर्षगांठ पर आयोजित परेड में भाग लेने के लिए न्योता भेजा है।

यह वही आसिम मुनीर है जिसने पहलगाम आतंकी हमले से ठीक पहले भड़काऊ और उकसावे बयान दिए थे। उनके बयानों से ही आतंकियों को बल मिला।

**तीसरा झटका : भारत-पाक तनाव खत्म करने पर ट्रम्प की भूमिका दोहराई :**

जयराम रमेश ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने दोबारा कहा कि भारत-पाक तनाव को कम करने में डोनाल्ड ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भूमिका रही है।

### हाईटेंशन तार के चपेट में आने से दो मासूम झुलसे

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। नांगलोई इलाके में हाईटेंशन तार के चपेट में आने से दो मासूम झुलस गए। परिवार वालों ने घायल दोनों बच्चों को तुरंत पास से अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बच्चों की पहचान 10 साल के सूर्यांश और ऋतिक के रूप में हुई है। घटना के समय दोनों मकान की छत पर खेल रहे थे। बाहरी जिला के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि शाम पुलिस को लक्ष्मी पार्क के सैनिक कालोनी में दो बच्चों के हाईटेंशन तार के चपेट में आकर घायल होने की सूचना मिली। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक परिवार और आस पास के लोग बच्चों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करा चुके थे। जांच में पता चला है कि सूर्यांश 35 फीसदी और ऋतिक 19 फीसदी झुलस गया है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और दोनों की हालत में सुधार है।

# आंध्र प्रदेश में कर्नाटक के 'तोतापुरी' आमों पर रोक क्यों

## सिद्धारमैया ने नायडू से की ये अपील



बेंगलूरू, 12 जून (एजेंसियां)। दक्षिण भारत के 2 राज्यों में फलों के राजा आम को लेकर आपस में मनमुटाव हो गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आंध्र प्रदेश के अपने समकक्ष चंद्रबाबू नायडू से चित्तूर जिले में कर्नाटक से 'तोतापुरी' आमों की एंट्री पर रोक हटाने का अनुरोध किया है। सीएम सिद्धारमैया ने कल बुधवार को अपने समकक्ष को भेजे पत्र में कहा कि बिना किसी आपसी बातचीत या समन्वय के ऐसी एकतरफा कार्रवाई सहकारी संघवाद की भावना के उलट है। उन्होंने यह भी चिंता जताई की कि इस कदम से अनावश्यक तनाव और प्रतिशोधात्मक कोशिश शुरू हो सकती हैं, साथ ही अन्य चीजों की आपसी दोनों राज्यों में आवाजाही पर असर पड़ सकता है।

**आम पर बैन से दोनों राज्यों में तनाव**

कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने 10 जून को आंध्र प्रदेश में अपने समकक्ष के विजयानंद को पत्र लिखकर आम पर बैन हटाने का अनुरोध किया था। आंध्र प्रदेश की सीमा से सटे कोलार जिले के प्रमुख आम उत्पादक क्षेत्र श्रीनिवासपुरा में किसानों ने आम के लिए समर्थन मूल्य और पड़ोसी राज्य की ओर लगाए गए बैन को वापस लेने की मांग को लेकर कल बुधवार को विरोध प्रदर्शन भी किया और तालुक स्तर पर बंद का आयोजन किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, "मैं चित्तूर के जिला कलेक्टर द्वारा 7 जून को कथित तौर पर जारी किए गए एक आदेश पर अपनी गहरी चिंता जताने के लिए पत्र लिख रहा हूं, जिसमें अन्य राज्यों से जिले में तोतापुरी आमों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। मैं समझता हूं कि इस निर्देश को लागू करने के लिए राजस्व, पुलिस, वन और विपणन विभागों के कई अधिकारियों से जुड़ी प्रवर्तन टीमों को तमिलनाडु और कर्नाटक से सटे अंतर-राज्यीय चेक-पोस्ट पर तैनात किया गया है।"

**सीएम बोले- प्रतिबंध से बढ़ सकता है तनाव**

कर्नाटक में आम उत्पादकों, खासतौर से सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में तोतापुरी आम की खेती करने वाले किसानों को होने वाली काफी कठिनाई को देखते हुए, सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि ये किसान अपनी उपज बेचने के लिए लंबे समय से चित्तूर स्थित प्रसंस्करण और पल्प निष्कर्षण इकाइयों के साथ मजबूत संबंधों पर निर्भर हैं। प्रतिबंध पर निराशा जताते हुए उन्होंने कहा, "मौजूदा प्रतिबंध ने इस अच्छी तरह से स्थापित सप्लाई चैन को बाधित कर दिया है और फसल कटाई के बाद बड़ा नुकसान होता दिख रहा है, जिसका सीधा असर हजारों किसानों की आजीविका पर पड़ रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे इस बात की भी चिंता है कि इससे तनाव और जवाबी कार्रवाई की स्थिति पैदा हो सकती है, क्योंकि पहले ही इससे जुड़े लोगों ने इस पर असंतोष जताया है, इस वजह से सब्जियों और खेती से जुड़ी अन्य चीजों की अंतर-राज्यीय आवाजाही पर असर पड़ सकता है।" मामले में मुख्यमंत्री नायडू के हस्तक्षेप की मांग करते हुए, सीएम ने उनसे चित्तूर जिले के अधिकारियों को उक्त आदेश को तत्काल रद्द करने को लेकर आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि आप इस मुद्दे को गंभीरता से लेंगे और किसानों के हित में फसलों की निर्बाध आवाजाही को बहाल करने के लिए त्वरित कदम उठाएंगे।"

### चरस, अफीम और चिट्टे के साथ दो युवकों समेत 3 लोग गिरफ्तार

शिमला, 12 जून (एजेंसियां)। पुलिस ने जिले में दो अलग-अलग मामलों में तीन युवकों को चरस, चिट्टे और अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें सुन्नी में एक व्यक्ति से चरस और अफीम तथा खड़ापत्थर में दो युवकों से चिट्टा बरामद हुआ है। सुन्नी पुलिस ने मंढोड़घाट में एक घर में दबिश देकर चरस और अफीम बरामद की है। इसमें आरोपी सोहन लाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर सोहन लाल के घर में दबिश दी। इस दौरान घर की तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 536 ग्राम चरस और करीब 298 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोहन लाल को बुधवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिरकार चरस और अफीम के इस अवैध कारोबार से वह कितने समय से जुड़ा है। इसके बाद पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाएगी। पुलिस ने इस साल नशा तस्करों पर कार्रवाई करने के लिए मिशन भरोसा के तहत विशेष अभियान चलाया है। इसका मकसद शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नशा तस्करी के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करना है। पुलिस ने अभी तक जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत 170 के करीब केस दर्ज किए हैं और इसमें 260 के करीब आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए पंचायतों में भी बीट कांस्टेबल तैनात करने का फैसला लिया है। इसका मकसद ग्रामीण और खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है।

# शारीरिक संबंध बनाने से किया इनकार

## शादी के 15 दिन बाद ही पत्नी ने पति को कुल्हाड़ी से काटा



सांगली, 12 जून (एजेंसियां)। मेघालय में राजा रघुवंशी हत्याकांड इन दिनों देशभर में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। जहां राजा की पत्नी सोनम पर ही राजा की हत्या का आरोप है। इस बीच महाराष्ट्र के सांगली में एक ऐसी ही घटना घटी है। जहां शादी के 15 दिन बाद ही एक महिला ने अपने पति की हत्या कर दी। महिला ने सोते हुए पति पर कुल्हाड़ी से हमला किया और पति की जान ले ली। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सांगली जिले के कुपवाड़ में राधिका लोखंडे नामक महिला ने अपने पति की हत्या कर दी। राधिका की 23 मई को ही अनिल लोखंडे से शादी हुई थी। शादी के महज तीन हफ्ते बाद ही इसका खौफनाक अंत हुआ। पुलिस ने बताया कि 27 वर्षीय राधिका और 53 साल के अनिल के बीच 10 जून की देर रात झगड़ा हुआ था। माना जा रहा है कि इसी झगड़े में राधिका ने सोते समय अपने पति पर कुल्हाड़ी से हमला किया और उसकी जान ले ली। अनिल की पहली पत्नी की कैंसर से मौत हो गई थी। जिसके बाद अनिल ने राधिका से दूसरी शादी की थी। राधिका ने हत्या के बाद अपने चचेरे भाई को फोन करके घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना मिली और पुलिस ने घर जाकर राधिका को गिरफ्तार कर लिया। 11 जून को पुलिस ने राधिका को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

**शारीरिक संबंध बनाने को लेकर हुई लड़ाई**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने बताया कि दंपति के बीच शारीरिक संबंध बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी झगड़े में राधिका ने सोते समय अनिल के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी जान ले ली।

### पानीपत में सनसनीखेज वारदात: न्यू मॉडल टाउन में मकान पर अंधाधुंध फायरिंग, कार और पानी की टंकी को लगी गोलियां

पानीपत, 12 जून (एजेंसियां)। पानीपत के न्यू मॉडल टाउन में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब अज्ञात हमलावरों ने एक मकान पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में मकान की दीवार, एक कार और पानी की टंकी को गोलियां लगीं। घटना की सूचना मिलते ही मॉडल टाउन पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना न्यू मॉडल टाउन के एक रिहायशी इलाके में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई दी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए।

# महाराष्ट्र की सियासत में हलचल

## अचानक सीएम देवेंद्र फडणवीस से क्यों मिले राज ठाकरे, क्या बन गया यह प्लान?



मुंबई, 12 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की सियासत में गुरुवार (12 जून) को बड़ी हलचल देखने को मिली जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मनसे प्रमुख राज ठाकरे की आपस में मुलाकात हुई। एक ओर उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन के संकेत दे रहे राज ठाकरे अब निकाय चुनाव से पहले बीजेपी के नेता और सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिल रहे हैं। ऐसे में इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। दरअसल, गुरुवार (12 जून) की सुबह ताज लैंड्स एंड में दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच मीटिंग हुई और इस दौरान कुछ चर्चा भी की गई। यह मुलाकात स्थानीय निकाय चुनाव से पहले अहम मानी जा रही है। दोनों नेताओं की मुलाकात इसलिए भी अहम है क्योंकि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे साथ आने की भी बात कर रहे हैं। ऐसे में अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या राज ठाकरे महाराष्ट्र के सियासी खेल में बाजी पलटने का काम कर सकते हैं?

**पहली भी कई बार मिल चुके हैं फडणवीस-ठाकरे**

बता दें, महाराष्ट्र में सरकार बनाने के बाद से सीएम देवेंद्र फडणवीस और राज ठाकरे की मुलाकात कई बार हुई है। जब एकनाथ शिंदे की नाराजगी की खबरें आ रही थीं, तब भी दोनों के बीच मुलाकात हुई थी। उस दौरान दोनों नेताओं में क्या बातचीत हुई थी, यह सामने नहीं आया था।

**महाराष्ट्र की राजनीति में राज ठाकरे क्यों जरूरी?**

दरअसल, राज ठाकरे ने साल 2005 में शिवसेना से अलग होकर अपनी नई पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बनाई थी। तबसे ही वे महाराष्ट्र की सियासत में पकड़ बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भले ही जीत के आंकड़े राज ठाकरे के साथ नहीं होते हैं, लेकिन मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, पुणे आदि की जनता पर राज ठाकरे की अच्छी पकड़ है। ऐसे में अकेले न सही, किसी दल के साथ मिलकर राज ठाकरे भारी प्रभाव डाल सकते हैं।

### अरब सागर में जल रहे जहाज में आग बुझाने के प्रयास जारी, केरल तट से दूर ले जाने में मिली सफलता

तिरुवनंतपुर, 12 जून (एजेंसियां)। मबीते दिनों केरल के तट पर अरब सागर में एक जहाज पर आग लग गई थी। कई दिन बीत जाने के बाद भी आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। भारतीय तटरक्षक बल, भारतीय नौसेना और अन्य एजेंसियां सिंगापुर का झंडा लगे जहाज एमवी वान हाइ 503 की आग बुझाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

हालांकि अभी भी पूरी तरह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। यह जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई जा रहा था, लेकिन रास्ते में एक कंटेनर में विस्फोट के बाद जहाज में आग लग गई। शिपिंग के डायरेक्टर जनरल ने बताया कि अभी भी 40 फीसदी आग पर ही काबू पाया जा सका है। जहाज पानी पर तैर रहा है और धीरे-धीरे इसे केरल तट से दूर ले जाया जा रहा है। फिलहाल यह जहाज अरब सागर में दक्षिणपूर्व की तरफ बढ़ रहा है। आग बुझाने के प्रयासों के बीच एक बड़ी सफलता मिली है। दरअसल भारतीय तटरक्षक बल के डाइवर्स और बचाव विशेषज्ञों की एक टीम जहाज पर चढ़ने में सफल हुई है। बचाव विशेषज्ञ टीम के प्रमुख जहाज से हालात पर नजर रखे हुए हैं। तटरक्षक बल के जहाज समुद्र प्रहरी और समर्थ आग बुझाने के काम में जुटे हैं।

साथ ही नौसेना द्वारा एयरक्राफ्ट से जहाज के ऊपर सूखा केमिकल गिराया जा रहा है, ताकि आग को बुझाया जा सके और उसे फैलने से भी रोका जाए। बचाव दल में शामिल विशेषज्ञों को आशंका है कि आग जहाज के ईंधन टैंक तक पहुंच गई है। ऐसे में आपात स्थिति से निपटने के लिए हालात की समीक्षा की जा रही है।

# आतंकी फंडिंग मामला: अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को नहीं मिली जमानत

## पाकिस्तानी आतंकियों से संबंध के आरोप



नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी। याचिका खारिज करने का फैसला जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सुनाया है। दरअसल, आतंकवाद के आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह ने दिल्ली हाईकोर्ट में पटियाला हाउस कोर्ट स्थित स्पेशल एनआईए कोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को चुनौती दी थी।

**पाकिस्तानी आतंकवादियों से हैं संबंध**

जांच से पता चला कि शब्बीर का संबंध पाकिस्तानी आतंकवादियों से है। शब्बीर पर आरोप है कि वह जम्मू कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने और हवाला के जरिए आतंकवाद को फंड देते हैं। आतंकी फंडिंग के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) ने 2019 में शब्बीर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही वह जमानत के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं।

**कितने मामले हैं दर्ज?**

शब्बीर शाह के खिलाफ अब तक कुल 24 मामले दर्ज हैं। जिनमें से 18 मामलों में उसका आरोप सिद्ध हो चुका है और 3 मामले खारिज हो चुके हैं। इसके अलावा 3 मामलों की जांच अभी भी चल रही है। शब्बीर के वकील का कहना है कि शाह पिछले 6 सालों से हिरासत में हैं, लेकिन उनके खिलाफ एनआईए की चार्जशीट में कोई ठोस सबूत नहीं है।

**शब्बीर का आतंकवादी कनेक्शन**

ईडी ने बताया कि शब्बीर अहमद आतंकी संगठन जमात-उत-दावा के मुखिया हाफिज सईद के संपर्क में थें। जमात-उत-दावा पाकिस्तान का आतंकी संगठन है, जो दुनिया भर में अपने आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देता है। यूएनएससीने इस आतंकवादी संगठन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके अलावा शब्बीर मोहम्मद शफी शायर के संपर्क में भी थें। शफी शायर जम्मू का रहने वाला था। यह जेल से छूटने के बाद परिवार समेत पाकिस्तान भाग गया था। अदालत का मानना है कि शब्बीर को जमानत नहीं मिल सकती। क्योकि उनके ऊपर लगाए गए आरोप गंभीर हैं। कोर्ट का मानना है कि ऐसे मामलों में जमानत देने से न्यायिक प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ सकता है। यही कारण था कि शब्बीर की जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

### रतलाम में 17 साल के नाबालिग से निकाह करने पर अड़ी दो बच्चों की मां

रतलाम, 12 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के हाट की चौकी क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 35 साल की महिला एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के से निकाह करने पर अड़ गई। महिला ने नाबालिग के घर जाकर खूब हंगामा किया और शादी के लिए दबाव भी बनाया। बताया जा रहा है कि महिला पहले ही 2 निकाह कर चुकी है। पहले पति की मौत हो चुकी है और दूसरे से तलाक ले चुकी है।

अब वह तीसरा निकाह इस नाबालिग से करना चाहती है। रतलाम डीडी नगर थाना प्रभारी मनीष डावर ने इस मामले में जानकारी देते हुए कहा, 35 साल की महिला तीसरे विवाह को लेकर जिद कर रही थी, पहले पति की किसी बीमारी से मौत हो गई, दूसरा, जो कि 17-18 साल का था, उससे 2 बच्चे हैं और उससे तलाक के बाद अब महिला तीसरी शादी के लिए 17 साल के लड़के को बहला फुसलाकर तैयार करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना लड़के के परिजनों को मिली तो उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल महिला को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि महिला नाबालिग को लगभग 1 साल से जानती थी और उसे गलत काम के लिए उकसा रही थी। महिला की जिद इस कदर हावी हुई कि वो नाबालिग के घर जाकर हंगामा भी करने लगी थी। हंगामे से परेशान होकर नाबालिग के परिजनों ने दीनदयाल नगर थाने में महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। नाबालिग के पिता ने बताया कि करीब एक साल पहले एक शादी समारोह में उनके बेटे की मुलाकात इस महिला से हुई थी।

# 'महिला ने एफआईआर में दावा किया '

## दिल्ली की अदालत ने रेप के आरोपी को बस इतना कहकर दे दी जमानत

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। दिल्ली की एक कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी एक व्यक्ति को यह कहते हुए जमानत दे दी कि शिकायतकर्ता ने उसे लंबे समय से जानने के बावजूद एफआईआर में झूठा दावा किया कि वह उसे नहीं जानती है। अतिरिक्त सत्र जस्टिस कपिल कुमार आरोपी धीरज कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे और उसका पक्ष रखने के लिए प्रदीप खत्री में पेश हुए थे। धीरज कुमार के खिलाफ बेगमपुर पुलिस थाना में रेप और आपराधिक धमकी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।

**9 और 13 फरवरी को आरोपी ने यौन उत्पीड़न किया**

कोर्ट ने 27 मई को पारित आदेश में कहा गया कि एफआईआर में महिला ने दावा किया है कि 9 और 13 फरवरी को आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया और वह उसे नहीं जानती। खत्री ने दलील दी कि महिला 2022 में सुरेश नामक व्यक्ति के घर में आरोपी के साथ रह चुकी है और उन्होंने मकान मालिक के बयान का हवाला दिया। कोर्ट ने इस तथ्य पर संज्ञान लिया और कहा कि इससे एफआईआर के तथ्यों की विश्वसनीयता को गंभीर नुकसान पहुंचा है, जिसमें महिला ने घटना से पहले आरोपी को न जानने का बयान दर्ज किया है। कोर्ट ने जांच अधिकारी के इस कथन पर भी संज्ञान लिया कि महिला लंबे समय से कुमार के संपर्क में थी और फोन कॉल के रिकॉर्ड से जानकारी मिली है कि कथित अपराध से पहले महिला ने कुमार और उनकी मां को ''सैकड़ों (फोन) कॉल'' किए थे।

**क्या है पूरा मामला?**

आदेश में कहा गया है, ''रिपोर्ट के मुताबिक, अभियोक्ता उस लड़की के संपर्क में थी, जिसके साथ आरोपी की शादी तय हुई थी। जांच अधिकारी ने उस लड़की से पूछताछ की, जिसके साथ आरोपी की शादी तय हुई थी, और अभियोक्ता और उस लड़की के बीच रिकॉर्ड पर मौजूद व्हाट्सऐप चैट को सत्यापित किया, जिसमें अभियोक्ता ने उस लड़की से आरोपी के साथ संबंध तोड़ने के लिए कहा था।''कोर्ट ने कहा कि यह पाया गया कि महिला आरोपी के साथ रिश्ते में थी लेकिन इस तथ्य का उल्लेख उसने एफआईआर में नहीं की। जस्टिस ने कहा कि यह भी सामने आया कि कुमार के भाई ने कई मौकों पर महिला के बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित की।

**कोर्ट ने आगे क्या कहा?**

कोर्ट ने आगे कोई टिप्पणी करने से परहेज करते हुए कहा कि मामले में आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है, लेकिन मुकदमे में समय लगेगा। कुमार का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और इसलिए उन्हें 50,000 रुपये के मुचलके और जमानती बॉन्ड पर जमानत दी जाती है।

### नाना पटोले ने ऑपरेशन सिंदूर को बताया 'वीडियो गेम', भड़के संजय निरुपम



मुंबई, 12 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सीनियर कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान देते हुए उसे बच्चों का 'वीडियो गेम' करार दिया था। उनका दावा था कि भारत ने पहले ही पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी कि किन जगहों को टारगेट किया गया है। अब नाना पटोले के इस बयान पर शिवसेना नेता संजय निरुपम ने नाराजगी जताई है। संजय निरुपम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर नाना पटोले और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा, कांग्रेस का शर्मनाक बयान। विधानसभा चुनाव हारते-हारते 204 वोटों से जीते नाना पटोले ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'वीडियो गेम' बताया। वीडियो गेम का अर्थ भी इस अनपढ़ को मालूम है? संजय निरुपम ने आगे लिखा, इस बेशर्म कांग्रेसी को भारतीय सेना के पराक्रम का अपमान करने के आरोप में तत्काल माफ़ी मांगनी चाहिए अन्यथा इसे पार्टी से निकाल देना चाहिए। अगर कांग्रेस पटोले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती तो इसका सीधा अर्थ है पूरी पार्टी इस नीच हरकत में शामिल है। दरअसल, कांग्रेस के सीनियर नेता नाना पटोले ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान को पहले ही बता दिया गया था कि कौन से ठिकानों पर अटैक होने वाला है, ताकि वे अपने लोगों को हटा सकें। ऐसे में उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर खेल छोटे बच्चों के कंप्यूटर गेम की तरह ही था। इतना ही नहीं, नाना पटोले ने यह भी दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर ही ऑपरेशन सिंदूर रोका गया, क्योंकि उन्होंने व्यवसाय रोकने की बात कही थी।

# जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## चेक बाउंस केस में राहत नहीं, पहले साबित करो उधार देने की हैसियत




जम्मू, 12 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में साफ कर दिया है कि अगर किसी ने उधार दिया है तो उसे अपनी आमदनी और उधार देने की हैसियत भी साबित करनी होगी। सिर्फ चेक का होना ही ये साबित नहीं करता कि कर्ज दिया गया था। यह मामला जगदीश राज गुप्ता नाम के शख्स की ओर से दर्ज की गई शिकायत से जुड़ा है। उनका कहना था कि उन्होंने परषोत्तम गुप्ता को 20 लाख रुपये उधार दिए थे और नकद रकम थी। उसके बदले में परषोत्तम से चेक लिया था। जब यह चेक बैंक में लगाया गया तो बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने अदालत में केस दायर किया। दोनों व्यक्ति जम्मू के ही रहने वाले हैं। परषोत्तम गुप्ता ने माना कि उन्होंने चेक दिया था, लेकिन उन्होंने कहा कि यह चेक किसी जमीन के सौदे के सिलसिले में दिया गया था जो बाद में रद्द हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि उस सौदे के तहत पहले ही पांच लाख रुपये का एक चेक भुनवाया गया था और साढ़े तीन लाख रुपये नकद भी दिए थे। कोर्ट ने शिकायतकर्ता की बातों पर भरोसा नहीं किया। वजह ये थी कि उसने न तो कोई दस्तावेज दिखाया और न ही कोई गवाह लाए। उन्होंने कहा था कि पैसा भाइयों और एक दोस्त की मौजूदगी में दिया था, लेकिन किसी को भी कोर्ट में पेश नहीं किया।इसके अलावा, शिकायतकर्ता की आमदनी सिर्फ 15 से 20 हजार रुपये महीने बताई गई, लेकिन कोई आयकर रिटर्न या बैंक डिटेल भी पेश नहीं की गई जिससे पता चलता कि वो इतनी बड़ी रकम उधार दे सकते थे। कोर्ट ने कहा कि जब तक उधार देने की बात और देने की हैसियत साबित नहीं होती तब तक चेक बाउंस के कानून के तहत आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने आरोपी की दलील को ज्यादा भरोसेमंद माना क्योंकि उन्होंने लगातार एक जैसा बयान दिया और अपने पक्ष में गवाह भी पेश किए। अंत में हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस फर्म के नाम चेक दिया गया था वह आरोपी की ही खुद की फर्म थी इसलिए उसे अलग से पार्टी बनाने की जरूरत नहीं थी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 13 जून, 2025 3

सुविचार: बहुत से लोग सोचते बहुत हैं व बोलते भी बहुत है, किन्तु जब करने का समय आता है तो पीछे हट जाते हैं

## दक्षिण मध्य रेलवे पर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्यालय में गुरुवार को महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे अरुण कुमार जैन की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रबंधक राजेश पी. खाडे जी, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक/हैदराबाद, मुख्य कारखाना प्रबंधक, मेट्टुगुडा, संबंधित अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य मंडलों व कारखानों के प्रतिनिधियों ने ऑन लाइन माध्यम से सहभागिता की। महाप्रबंधक ने इस रेलवे के मुख्यालय को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड का प्रथम पुरस्कार, विजयवाडा मंडल को आदर्श मंडल के रूप में तथा गुंटुपल्ली काररखाना को आदर्श कारखाना के रूप में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्राप्त होने पर उन्होंने सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने इस रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी राजेश पी.खाडे जी को तथा रायनपाडु कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक एस. श्रीनिवास को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक प्राप्त होने पर बधाई दी। उन्होंने विजयवाडा मंडल द्वारा मंचित नाटक 'कपिराज' को अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर बधाई दी और प्रसन्नता व्यक्त की कि अखिल रेल स्तर पर लगातार तीन वर्षों से यह पुरस्कार विजयवाडा मंडल को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षणों को ध्यान में रखते हुए हिंदी में अधिकाधिक कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना अधिक से अधिक काम हिंदी में करने के लिए कहा. रेल संरक्षा से संबंधित सभी प्रलेखों, वेबसाइट सामग्री का अनिवार्य रूप में हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषिक रूप में होना सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए। बैठक के आरंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों और कारखानों में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक को अखिल भारतीय रेल पर सर्वोच्च पुरस्कार रेल मंत्री राजभाषा स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर बधाई दी। डॉ. श्याम सुंदर साहु, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने पिछली तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट की मदों पर विस्तार से चर्चा की। एम.के. नागराजु, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, प्रधान कार्यालय ने पिछली तिमाही के दौरान किए गए विशेष कार्यों की जानकारी दी। मंडलों और कारखानों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और अगली तिमाही की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

## एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर सीएम रेवंत रेड्डी ने जताया दुख



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर दुख और शोक व्यक्त किया, जो अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, विमान में 200 से अधिक यात्री सवार थे। उन्होंने घटना में शामिल सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना की। रेवंत रेड्डी ने केंद्र से पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए त्वरित और प्रभावी राहत उपाय शुरू करने का आग्रह किया।

## स्थानीय निकाय चुनावों के बाद ही मंत्रिमंडल के रिक्त पदों को भरेगी कांग्रेस



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्रिमंडल में रिक्त तीन पदों पर नजर रखने वाले उम्मीदवारों को अभी और इंतजार करना होगा, क्योंकि कांग्रेस आलाकमान स्थानीय निकाय चुनावों के बाद ही रिक्तियों को भरने की मंजूरी देगा। पिछले रविवार को करीब 18 महीने बाद तीन मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। मंत्रिमंडल में बची हुई तीन सीटों का हवाला देते हुए कांग्रेस आलाकमान विधायकों के प्रदर्शन समेत विभिन्न पहलुओं का आकलन करने की योजना बना रहा है। पिछले हफ़्ते टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने खुलेआम कहा था कि ज़्यादातर विधायकों का प्रदर्शन खराब है और उम्मीद के मुताबिक नहीं है। उन्होंने यहां तक कहा था कि अपने प्रदर्शन को सुधारने की ज़िम्मेदारी विधायकों की ही है।

गांधी भवन के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मंत्रिस्तरीय विभागों में संभावित फेरबदल को लेकर अटकलों के बीच, अंतिम निर्णय लेने से पहले आलाकमान द्वारा मौजूदा मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा किए जाने की भी उम्मीद है। नेता ने बताया, 'इसके अलावा, कुछ मंत्री गलत कारणों से सुर्खियों में आए हैं, जिनमें कमीशनखोरी के आरोप भी शामिल हैं। फेरबदल और शेष तीन रिक्तियों को भरने से पहले इन सभी कारकों पर विचार किया जाएगा।' बोधन विधायक सुदर्शन रेड्डी, मुनुगोड़े विधायक कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी और मंचेरियल विधायक प्रेम सागर राव को कैबिनेट में जगह मिलने की प्रबल संभावना थी। लेकिन, हाईकमान के फैसले से वे निराश हो गए।

राज्य नेतृत्व इस बात पर जोर दे रहा है कि मंत्रिमंडल में जगह के आवंटन के साथ-साथ टीपीसीसी उपाध्यक्षों और महासचिवों की नियुक्तियों में एससी, एसटी और बीसी समुदायों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

इन कारकों को ध्यान में रखते हुए, गांधी भवन में चर्चा है कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए अगले मंत्रिमंडल विस्तार में उच्च जाति के विधायकों पर गंभीरता से विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के मंत्रिमंडल ने 7 दिसंबर, 2023 को 11 मंत्रियों के साथ शपथ ली। तीन पद रिक्त हैं, और उन्हें भरने में देरी से उम्मीदवारों और कुछ समुदायों के बीच बढ़ती अशांति पैदा हो रही है।

## बीआरएस ने रेवंत रेड्डी को बताया तेलंगाना का सबसे बड़ा दुश्मन



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक वेमुला प्रशांत रेड्डी ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर भाजपा के साथ मिलीभगत करने और तेलंगाना के सबसे बड़े दुश्मन के रूप में उभरने का आरोप लगाया। उन्होंने रेवंत रेड्डी को राज्य में कांग्रेस को अंदर से कमजोर करने और भाजपा को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने के लिए जिम्मेदार ठहराया। गुरुवार को तेलंगाना भवन में मीडिया से बात करते हुए प्रशांत रेड्डी ने कहा कि रेवंत रेड्डी ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में मलकाजगिरी, निजामाबाद और करीमनगर जैसे प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए जानबूझकर कांग्रेस के कमजोर उम्मीदवारों को मैदान में उतारा। इसी तरह, भाजपा नेता भी कांग्रेस नेताओं की तुलना में मुख्यमंत्री का बेहतर बचाव करके जवाब दे रहे हैं।

बीआरएस विधायक ने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी और भाजपा एक फिक्स मैच खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा रेवंत रेड्डी को कैश-फॉर-वोट मामले से भी बचा रही है और कथित 'आरआर टैक्स' (राहुल-रेवंत रेड्डी टैक्स) भी लगा रही है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि गंभीर आरोपों के बावजूद रेवंत के खिलाफ सीबीआई और ईडी जांच क्यों नहीं हो रही है। उन्हें लगा कि भाजपा मौन समर्थन दे रही है। रेवंत रेड्डी द्वारा आरएसएस और टीडीपी का हिस्सा होने संबंधी हालिया टिप्पणी की याद दिलाते हुए प्रशांत रेड्डी ने कहा कि रेवंत रेड्डी को राहुल गांधी से मुलाकात का समय नहीं मिलता, लेकिन मोदी बिना किसी परेशानी के उनका स्वागत करते हैं।

उन्होंने तेलंगाना के हितों की अनदेखी करने के लिए मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा, रायथु बीमा किसान बीमा भुगतान में देरी, आवास निर्माण में कमी और कलेश्वरम जैसे प्रमुख सिंचाई मुद्दों पर कार्रवाई करने में विफलता की ओर इशारा किया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सावधान रहने की चेतावनी दी, क्योंकि रेवंत रेड्डी अंततः पार्टी को डुबो देंगे।

## प्रिज्म पब विवाद में अभिनेत्री कल्पिका गणेश के खिलाफ मामला दर्ज



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अभिनेत्री कल्पिका गणेश के खिलाफ पिछले महीने प्रिज्म पब में कथित तौर पर उपद्रव करने के आरोप में गाचीबोवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अभिनेत्री अपने एक मित्र के साथ अपना जन्मदिन मनाने के लिए पब गई थीं, तभी पब के कर्मचारियों और अभिनेत्री के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। सूचना मिलने पर गच्चीबावली पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस की मौजूदगी में अभिनेत्री ने पब के कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के लिए न्यायालय से अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने बीएनएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अभिनेत्री को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए उनके समक्ष उपस्थित होने को कह सकती है।

## एबीवीपी ने की छात्र बस पास किराया वृद्धि की निंदा

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में छात्र बस पास किराए में बढ़ोतरी का विरोध करते हुए, एबीवीपी ने बुधवार को बस भवन में विरोध प्रदर्शन किया। एबीवीपी के शहर सचिव पृथ्वी तेजा ने कांग्रेस सरकार के इस कदम की निंदा की और मौजूदा सरकार के चल रहे कुप्रबंधन की आलोचना की- शहर में बसों के बेड़े में भारी कमी से लेकर मुफ्त बस योजना के कारण होने वाली भीड़भाड़ तक- जो छात्र सुरक्षा को प्रभावित कर रही है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बस भवन और शहर के विभिन्न स्थानों पर धरना देकर स्पष्ट कर दिया कि वे छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे।

इस बीच, छात्र बस पास किराए में 50 प्रतिशत की वृद्धि की निंदा करते हुए, एआईडीएसओ (ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन) तेलंगाना राज्य समिति के नेताओं ने बुधवार को यहां टीजीएसआरटीसी के कार्यकारी निदेशक मुनीशेखर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एआईडीएसओ ने कहा कि छात्रों को मुफ्त बस पास देने के बजाय, आरटीसी ने किराए में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की है जो पूरी तरह से अनुचित है। एआईडीएसओ राज्य समिति के आयोजकों राजशेखर, नितीश, विनोद और नागराजू ने कहा, 'टीजीएसआरटीसी अन्य वैकल्पिक तरीकों से अपना मुनाफा बढ़ा सकता है, लेकिन वह छात्रों के लिए बस पास का किराया नहीं बढ़ा सकता है, जिससे राज्य के मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रभावित होंगे।' जिला नेता प्रणीत, विशाली, प्रणव, निहिता और कार्तिक भी मौजूद थे।

## जीएचएमसी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया





हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त, जीएचएमसी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मिठाई की दुकानों पर औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जीएचएमसी सीमा में लगभग (69) मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 और नियम और विनियम, 2011 का उल्लंघन पाए जाने पर दोषों के सुधार के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। खाद्य व्यवसाय संचालकों को सूचित किया जा रहा है कि वे खाद्य पदार्थों की तैयारी में स्वच्छता मानकों को बनाए रखें और रसोई परिसर को भी साफ-सुथरा बनाए रखें। डिस्प्ले काउंटर में रखे गए खाद्य पदार्थों की उचित लेबलिंग की जाएगी (यानी तैयारी की तारीख और खाद्य पदार्थ की शेल्फ लाइफ)। इसके अलावा, दस खाद्य प्रतिष्ठान जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा (31) (1) के तहत आवश्यक वैध (एफएसएसएआई) खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण प्राप्त किए बिना खाद्य व्यवसाय गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं, उन्हें वैध एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त होने तक सभी खाद्य व्यवसाय संचालन को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया गया है।

## जन्मदिन पार्टी पर छापा मारे जाने के बाद गायक मंगली ने खुद को बताया निर्दोष



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस द्वारा गायक मंगली के जन्मदिन समारोह में चेवेल्ला रिसॉर्ट में बिना अनुमति के शराब पार्टी आयोजित करने के आरोप में छापेमारी के बाद, तेलुगू लोक गायक ने बुधवार शाम एक वीडियो जारी कर इस घटना में खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा, 'मेरे माता-पिता की इच्छा के अनुसार मेरे परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने फार्म हाउस में जन्मदिन की पार्टी आयोजित की थी। रिसॉर्ट में पार्टी की योजना जल्दबाजी में बनाई गई थी। मुझे नहीं पता था कि इस तरह के जन्मदिन के आयोजनों के लिए उचित अनुमति लेनी पड़ती है या नहीं - शराब पार्टी या डीजे साउंड सिस्टम लगाना। अगर मुझे यह पता होता तो मैं निश्चित रूप से पुलिस विभाग से अनुमति मांगती। किसी ने मुझे अनुमति के बारे में नहीं बताया था। मीडिया में बताई गई खबरों के अनुसार रिसॉर्ट में शराब के अलावा कोई और नशीला पदार्थ नहीं था।'

इससे पहले, अधिकारियों ने कहा था कि पुलिस ने कई अन्य उल्लंघनों की पहचान की है, जिनमें नशीली दवाओं के संदिग्ध उपयोग, अधिकारियों से आवश्यक अनुमति का अभाव और कार्यक्रम स्थल पर डीजे साउंड सिस्टम का अवैध उपयोग शामिल है। उन्होंने आगे कहा, 'पुलिस ने तलाशी ली, लेकिन प्रतिबंधित पदार्थों/ड्रग्स का कोई निशान नहीं मिला। पुलिस ने कहा कि जिस व्यक्ति के गांजा लेने की पुष्टि हुई है, वह शायद इसे कहीं और ले गया होगा और कार्यक्रम में शामिल हुआ होगा। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## काठमांडू दुर्घटना का पुराना वीडियो एआई-171 दुर्घटना क्लिप के रूप में किया गया वायरल

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक व्यक्ति विमान के उड़ान भरने का लाइव प्रसारण कर रहा है। यह वीडियो गुरुवार को अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया की दुर्घटना के बाद व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा है, जब विमान संख्या एआई-171 सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एक अस्पताल के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हालांकि, वायरल फुटेज, जिसे ग़लत तरीके से गुरुवार की दुर्घटना से जोड़ा जा रहा है, वास्तव में नेपाल के काठमांडू में हुई एक पूर्व विमान दुर्घटना का है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्थापक ललित मोदी ने एक अब हटाई जा चुकी पोस्ट में वीडियो साझा करते हुए गलत दावा किया कि यह एआई-171 दुर्घटना का है। यह भ्रामक वीडियो सार्वजनिक संकट के समय में व्यापक रूप से शेयर किया जा रहा है। यदि आप इसे देखते हैं, तो कृपया इसे फ़ॉरवर्ड करने से बचें और गलत सूचना के प्रसार को रोकने में मदद करने के लिए प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी रिपोर्ट करें।

## कांग्रेस ने बीआरएस विधायकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस एमएलसी बालमूर वेंकट ने गुरुवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव और पार्टी विधायक पाडी कौशिक रेड्डी के खिलाफ मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए कार्रवाई की मांग की गई। यह शिकायत साइबर क्राइम पुलिस को सौंपी गई, जिसमें अनुरोध किया गया कि वे बीआरएस नेताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। वेंकट ने आरोप लगाया कि बुधवार को जब पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव बीआरके भवन में पीसी घोष आयोग के समक्ष पेश हो रहे थे, तब केटी रामाराव ने मीडिया से बातचीत के दौरान आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर मुख्यमंत्री का अपमान किया। इसी तरह, बीआरएस विधायक पाडी कौशिक रेड्डी ने सोशल मीडिया पर अनुचित टिप्पणी पोस्ट की थी, जिससे मुख्यमंत्री का अपमान हुआ।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.WAT_CLASSA_MFEARTH

कार्य का नाम: वाल्टियर मण्डल में टेलीकॉम उपकरण के लिए विभिन्न स्टेशन में 'A' क्लास सर्ज प्रोटेक्शन का प्रावधान।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में): 18,56,140/-, EMD (रुपये में): 37,100/-, पूरा होने की अवधि: 06 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक: 13.06.2025, निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक: 27.06.2025 को 1730 बजे।

ऐसी निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर, वाल्टियर

PR-219/Q/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं.WDS/29/Unit Injector/2025-26

कार्य का नाम: एक वर्ष की समयावधि हेतु 39 सेट की मात्रा के लिए HHP डीजल इंजिन (16 संख्यक यूनिट इंजेक्टर को लेकर गठित एक सेट) की यूनिट इंजेक्टर सेट का ओवरहॉलिंग/रिहैबिलिटेशन।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 1,67,68,202.88, EMD(रुपये में): 2,33,900/-, निविदा दस्तावेज की कीमत (रुपये में): 5,900/-।

सूचना सं.WDS/29/Repair & Rehabilitation/2025-26

कार्य का नाम: एक वर्ष की समयावधि के लिए 03 फेज लोकोस(locos) के अग्जिलियारी मोटर की मरम्मत/रिहैबिलिटेशन एवं रीविंडिंग (Rewinding)।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 30,94,704/-, EMD(रुपये में): 61,900/-।

कार्य पूरा होने की अवधि: 12 महीने (01 वर्ष) (दोनों निविदा हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 07.07.2025 को 1500 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन से पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल विद्युत अभियन्ता (D)/ विशाखापट्टनम

PR-217/Q/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.eT-HQ-WAT-18-2025, दिनांक :06.06.2025

कार्य का नाम: सहायक मण्डल अभियन्ता/एस्टेट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/जलापूर्ति/वाल्टियर सेक्शन में ओपन कुएं तक कवर, ओवर हेड टंकी तक लैडर एवं हैण्ड रेलिंग, कर्मचारी आवास एवं सेवा भवन तक CPVC जलापूर्ति पाइप लाइन एवं PVC स्टोरेज टंकी का प्रावधान जैसे जलापूर्ति का विविध उन्नयन कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 1,45,91,464.55, EMD(रुपये में): 2,23,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 08 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 30.06.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगी।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-223/Q/25-26

## मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर पीडी एक्ट लागू करें : कोंडा सुरेखा



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने सख्त चेतावनी दी है कि सरकार मंदिरों और धर्मस्व विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ निवारक निरोध (पीडी) अधिनियम लागू करने में संकोच नहीं करेगी। मेडचल-मलकाजगिरी जिले के चेंगिचेरला में गुरुवार को अतिक्रमित भूमि का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में तीन सर्वेक्षण नंबरों में लगभग 30.23 एकड़ भूमि धर्मस्व विभाग की संपत्ति के रूप में पहचानी गई है। उन्होंने खुलासा किया कि कुछ व्यक्तियों ने 2022 से इन जमीनों पर अवैध कब्जा कर रखा है। स्थानीय नेता वज्रेश यादव द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, हमने जांच शुरू की। संबंधित अधिकारियों ने पहले ही सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और परिणाम पुष्टि करते हैं कि भूमि धर्मस्व विभाग की है। अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आगे अतिक्रमण को रोकने और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भूमि पर तुरंत बाड़ लगाने का निर्देश दिया। व्यापक मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने कहा, तेलंगाना में कुल 91,827 एकड़ बंदोबस्ती भूमि में से, लगभग 6,000 एकड़ भूमि पर वर्तमान में अतिक्रमण है। यह अस्वीकार्य है और हम कानूनी तरीकों से इन भूमियों को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक अलग घटनाक्रम में, आगामी बालकम्पेट येल्लम्मा कल्याणम से पहले, मंत्री सुरेखा ने येल्लम्मा मंदिर का अचानक दौरा किया। उन्होंने चल रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की और भव्य आयोजन के लिए सभी तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए मंदिर के कर्मचारियों से बातचीत की। मंत्री ने मंदिर की संपत्तियों की सुरक्षा और राज्य भर में धार्मिक संस्थानों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए सरकार के संकल्प की पुष्टि की।

यूनियन बैंक Union Bank **UNION BANK OF INDIA**


Regional Office, Union Bank Building, 1st Floor, Seethammadhara, Visakhapatnam-13. Ph : 0891-2546717. E-mail : operations.vizag@unionbankofindia.bank.

**PREMISES REQUIRED FOR LEASE**


Premises required on rent / lease for Offices / Branch at **Mangamaripeta** admeasuring minimum 1200 sft (plus or minus 10% sft) preferably on ground floor in ready possession with adequate parking space. Interested parties are requested to contact the above address for details and submit their offers in envelope in the proforma containing Technical bid & Financial bid kept in a single sealed cover marked Bank Premises to the above address. For further details, please visit Bank's website **www.unionbankofindia.co.in/tenders.gov.in. Last date for submission of bids in prescribed format is 28.06.2025 upto 4 pm.**

BANK RESERVES THE RIGHT TO REJECT ANY / ALL OFFERS WITHOUT ASSIGNING ANY REASON. NO BROKERAGE WILL BE PAID BY THE BANK.

Sd/- Regional Head



# 'उस्ताद भगत सिंह' के सेट पर श्रीलीला का हुआ स्वागत, बचपन की तस्वीर ने चुरा लिया दिल



साउथ स्टार पवन कल्याण ने 'ओजी' और 'हरि हर वीरा मल्लू' के बाद अब अपनी तीसरी फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में फिल्म के सेट से निर्माताओं ने पवन का एक खास वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया था। वहीं अब फिल्म के सेट से एक तस्वीर वायरल हो रही है, जो श्रीलीला की बचपन की तस्वीर है। वह इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

**सेट से वायरल हो रही है श्रीलीला की बचपन की तस्वीर**

पवन कल्याण और श्रीलीला अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है, जिसे हरीश शंकर निर्देशित कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने पवन कल्याण की शूटिंग का एक खास वीडियो जारी किया, जिससे प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। इसी दौरान, श्रीलीला का सेट पर अनोखे अंदाज में स्वागत हुआ। उनकी एक प्यारी बचपन की तस्वीर के साथ टीम ने उन्हें सरप्राइज दिया। श्रीलीला इस पल से बहुत खुश हुईं और उन्होंने इसे सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद यह तस्वीर वायरल हो गई और लोगों का दिल जीत लिया।

**फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह'**

फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स कर रहे हैं। इस फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद तैयार कर रहे हैं। शूटिंग का मौजूदा शेड्यूल लगभग एक महीने तक हैदराबाद में चलेगा। इस फिल्म में पवन कल्याण और श्रीलीला के अलावा आशुतोष राणा भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

**श्रीलीला का वर्कफ्रंट**

फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' के अलावा श्रीलीला एक बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें वह कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। बहरहाल, फिल्म का टाइटल अभी तक रिवील नहीं किया गया है। फिल्म के कुछ पोस्टर और गानों की झलक जरूर सोशल मीडिया पर जारी की जा चुकी है।

**पवन कल्याण का वर्कफ्रंट**

फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' के अलावा पवन कल्याण फिल्म 'ओजी' और 'हरि हर वीरा मल्लू' में भी नजर आएंगे। फिल्म 'ओजी' जिसे 'वे कॉल हिम ओजी' के नाम से भी जाना जाता है। यह एक गैंगस्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे सुजीत ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। 'OG' के अलावा पवन 'hari hara veera mallu' में नजर आएंगे। हरि हर वीरा मल्लूः भाग 1 एक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन कृष जगरलामुडी और एएम ज्योति कृष्णा ने किया है। यह फिल्म डाकू वीरा मल्लू के जीवन को दर्शाती है। इस फिल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नरगिस फाखरी, नोरा फतेही और सत्यराज महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# बिग बी ने महज दो घंटे में निपटाए सात प्रोजेक्ट डायरेक्टर बोले- 'काम का खाका बिगाड़ रहे आप'

अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर तो एक्टिव रहते ही हैं, साथ ही नियमित रूप से ब्लॉग भी लिखते हैं। अपने हालिया ब्लॉग में बिग बी ने खुलासा किया है कि उन्होंने महज दो घंटे में सात प्रोजेक्ट का काम निपटा दिया। उनकी फुर्ती और काम के प्रति जुनून देखकर क्रू और निर्देशक भी हैरान रह गए। यहां तक कि निर्देशकों ने उनसे कहा कि वे काम का खाका बिगाड़ रहे हैं।

**बिग बी की फुर्ती देख क्रू भी हैरान**

अमिताभ बच्चन अनुशासन के पक्के हैं, यह बात किसी से छिपी नहीं है। 82 वर्ष की आयु में भी वे कड़ी मेहनत के साथ अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। फिल्मों में उनकी सक्रियता बनी हुई है। इसके अलावा वे फोटोशूट और विज्ञापन भी करते हैं। हाल ही में अपने ब्लॉग में खुलासा किया कि उन्होंने पांच विज्ञापन फिल्मों और दो फोटोशूट का काम महज दो घंटे में निपटा दिया। काम करने की बिग बी की रफ्तार ने क्रू को भी चौंका दिया।

**निर्देशक ने दी ये चेतावनी**

बिग बी का काम देखकर क्रू सदस्य भी हैरान रह गए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में बिग बी से कहा कि इससे एक मिसाल कायम हुई है। सिर्फ क्रू ही नहीं, बल्कि इतनी तेजी से बिग बी को काम पूरा करते देख निर्देशक ने भी मजाकिया अंदाज में बिग बी को इंडस्ट्री में 'खराब मिसाल' स्थापित करने के लिए चेतावनी दी। अमिताभ बच्चन ने ब्लॉग में लिखा है, 'लगातार काम करते रहना.. और इसका लुत्फ उठाना..करीब दो घंटे में पांच फिल्में और दो फोटोशूट किए। बेशक वे एक विज्ञापन के लिए थे और एक क्लाइंट एंडोर्समेंट के लिए थे। लेकिन फिर भी...'!!



**काम के टेम्पलेट को खराब करने का आरोप!**

अभिनेता ने काम इतनी जल्दी खत्म किया कि क्रू और उनके निर्देशक मित्र हैरान रह गए। उन्होंने मजाक-मजाक में इतनी फुर्ती से काम करने के लिए बिग बी को आगाह भी किया। बिग बी ने ब्लॉग में लिखा है, 'क्रू और दोस्त निर्देशक ने मुझसे कहा - 'मैं काम के टेम्पलेट को खराब कर रहा हूं। उन्होंने मुझसे कहा, 'यदि आप पूरे दिन का काम आधे दिन के एक चौथाई हिस्से में खत्म करने जा रहे हैं, तो आपका क्लाइंट निर्धारित एक दिन में और फिल्में बनाने के लिए देगा और इससे सभी के लिए एक बुरी मिसाल कायम होगी'।

**बिग बी बोले- 'क्रू और निर्माताओं की मदद करने पर फोकस था'**

बिग बी ने कहा, 'यह मुझे बहुत पसंद है'। अमिताभ बच्चन ने आगे लिखा है कि उनका फोकस तुरंत और कुशलता के साथ क्रू और निर्माताओं की मदद करना था। एक्टर ने कहा, 'मैं खुद के बजाय वर्कर के फायदे के लिए ऐसा करना पसंद करूंगा। बिग बी के वर्क फ्रंट की बात करें तो नितेश तिवारी की 'रामायण' में वे जटायु के रोल में नजर आएंगे।

# राम चरण की पहली प्रोडक्शन फिल्म 'द इंडिया हाउस' के सेट पर बड़ा हादसा, कई लोग घायल

साउथ सुपरस्टार राम चरण की आने वाली फिल्म 'द इंडिया हाउस' के सेट पर एक भयंकर हादसा हो गया है, जिसकी वजह से फिल्म की शूटिंग अचानक रोक दी गई है। हैदराबाद के शमशाबाद इलाके में शूटिंग के दौरान एक पानी की टंकी फटने के कारण भारी बाढ़ जैसे हालात बन गए, जिससे सेट पर मौजूद क्रू मेंबर्स और सहायक छायाकार घायल हो गए। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि पानी की तेज धार सेट पर सामान और लोगों को बहा ले जा रही है।

**कैसे हुआ हादसा?**

दरअसल फिल्म का एक्शन सीक्वेंस समुद्र के किनारे शूट किया जा रहा था, तभी अचानक पानी की टंकी फट गई। पानी का दबाव इतना तेज था कि पूरे सेट पर पानी भर गया और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना में एक असिस्टेंट कैमरामैन गंभीर रूप से घायल हुआ है, जबकि अन्य क्रू मेंबर्स ने किसी तरह अपनी जान बचाई। घायल सभी को हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल, सुरक्षा कारणों से फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से रोक दी गई है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल**

हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है, जिसमें क्रू मेंबर्स बचा हुआ सामान निकालते और सुरक्षित करने की कोशिश करते दिख रहे हैं। वीडियो में साफ नजर आता है कि सेट पानी में डूबा हुआ है और पानी की तेजी से हुई बर्बादी कितनी भारी है। हालांकि अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि हादसे के वक्त मुख्य कलाकार निखिल सिद्धार्थ वहां मौजूद थे या नहीं। दूसरी ओर, शमशाबाद पुलिस को इस घटना की सूचना नहीं दी गई है, इसलिए अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है।

**राम चरण की पहली प्रोडक्शन फिल्म**



बता दें 'द इंडिया हाउस' राम चरण द्वारा प्रोड्यूस की जा रही पहली फिल्म है, जिसकी घोषणा 2023 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर की 140वीं जयंती के मौके पर की गई थी। फिल्म का निर्देशन राम वामसी कृष्णा कर रहे हैं, जो इस फिल्म से निर्देशक के तौर पर डेब्यू कर रहे हैं। इस पीरियड ड्रामा में निखिल सिद्धार्थ और सई मांजरेकर मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी फिल्म का हिस्सा हैं। कहानी देशभक्ति और आजादी के संघर्ष से जुड़ी बताई जा रही है, जिसकी वजह से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है।

**फैंस के बीच बढ़ी चिंता**

फिल्म की घोषणा के बाद से ही 'द इंडिया हाउस' को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बहुत बढ़ी थी। लेकिन इस हादसे ने मेकर्स और फैंस दोनों के बीच चिंता की लकीरें खींच दी हैं। शूटिंग रोक दिए जाने से फिल्म की रिलीज़ डेट पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल मेकर्स ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही वे इस हादसे से निपटने के लिए रणनीति बनाएंगे।

# आमिर खान की '3 इडियट्स' को नकारने पर काजोल ने रखी राय, कहा- उनके बिना अच्छा किया

काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मां' को लेकर चर्चा में हैं। ऐसे में उन्होंने बताया है कि वह किस तरह से फिल्में चुनती हैं। काजोल ने बताया है कि उन्हें कई फिल्मों में काम करने के लिए ऑफर मिले हैं और कुछ फिल्मों को उन्हें ठुकराना पड़ा जो बाद में ब्लॉकबस्टर बन गईं। हाल ही में पिंकविला से बातचीत में, उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने आमिर खान और राजकुमार हिरानी की '3 इडियट्स' को ठुकरा दिया था। हालांकि, काजोल को फिल्मों को ठुकराने का कोई पछतावा नहीं है। उनके मुताबिक अगर उन्हें स्क्रिप्ट पसंद नहीं आती है तो वे मना करने से पहले ज्यादा नहीं सोचती हैं।

**फिल्मों को रिजेक्ट करने से पहले नहीं सोचतीं काजोल**

काजोल ने कहा 'कई बार ऐसा होता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण '3 इडियट्स' है' काजोल ने कहा 'मुझे फिल्मों को ठुकराने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे लगता है कि ये फिल्में उनकी हैं। जैसा कि कहा जाता है कि जिसका लिखा हुआ है उसको मिलता है। तो,



मुझे लगता है कि मैंने उन फिल्मों के बिना भी अपने लिए बहुत अच्छा किया है।'

**'3 इडियट्स' को लोगों ने सराहा**

साल 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' को लोगों ने खूब सराहा था। फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था। यह फिल्म चेतन भगत के उपन्यास 'फाइव पॉइंट समवन' पर आधारित है। आमिर खान, आर माधवन और शर्मन जोशी की अदाकारी वाली यह फिल्म भारत की शिक्षा व्यवस्था पर हमला करती है। यह फिल्म नौजवानों के दिमाग में जगह बनाने में कामयाब रही। फिल्म में करीना कपूर ने अच्छी अदाकारी की थी।

**काजोल को मिल रही थी पिया की भूमिका**

फिल्म में पिया की भूमिका करीना कपूर ने निभाई है। काजोल ने पिया की भूमिका को अस्वीकार कर दिया, लेकिन करीना कपूर के किरदार ने दुनियाभर में कई लोगों का दिल जीत लिया। हाल ही में करीना ने खुलासा किया कि हॉलीवुड फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग ने न केवल 3 इडियट्स देखी है, बल्कि फिल्म में उनके अभिनय की भी सराहना की है।

# 'हाउसफुल 5' के 'लाल परी' के डांस स्टेप हुए कॉपी? डायरेक्टर ने अब मांगी माफी

बॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्म 'हाउसफुल 5' जहां एक तरफ बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इसका गाना 'लाल परी' विवादों में आ गया है। इस गाने की कोरियोग्राफी को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। एक डांस कंटेंट क्रिएटर ने गाने के मशहूर हुक स्टेप को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिन पर अब फिल्म के निर्देशक तरुण मनसुखानी ने सफाई दी है।

**डांस स्टेप को कॉपी करने का आरोप**

दरअसल, एक डांसर और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर संदीप ब्राह्मण ने दावा किया है कि 'लाल परी' गाने में इस्तेमाल किया गया हुक स्टेप उन्हीं के एक लोकप्रिय डांस वीडियो से लिया गया है। उनका कहना है कि न तो उनसे इस बारे में कोई अनुमति ली गई और न ही उन्हें कोई क्रेडिट दिया गया। उन्होंने कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और फिल्म के निर्माताओं पर यह आरोप लगाए। पैपराजी पेज ताहिर जासूस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी गई है।

**डायरेक्टर ने दिया रिएक्शन**

इन आरोपों के बाद निर्देशक तरुण मनसुखानी ने पहली बार इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस



डांस स्टेप की असलियत का पता विवाद के बाद चला। उनका कहना है कि किसी को नुकसान पहुंचाने या जानबूझकर कुछ चुराने का उनका कोई इरादा नहीं था। उन्होंने ये भी स्वीकारा कि यह कदम शायद उनकी टीम में से किसी ने सोशल मीडिया पर देखा और उसे बेहतरीन समझकर गाने में इस्तेमाल कर लिया।

**'अगर पता होता तो संदीप को ही कोरियोग्राफर बनाते'**

तरुण ने ये भी कहा कि अगर वो संदीप को पहले से जानते होते, तो शायद उन्हें ही इस गाने की कोरियोग्राफी का हिस्सा बनाते। उन्होंने इस बात को दोहराया कि पूरी प्रक्रिया में किसी भी तरह की साजिश नहीं थी और जो कुछ भी हुआ, वह अनजाने में हुआ। निर्देशक ने संदीप से माफी मांगते हुए कहा, 'अगर उन्हें लगता है कि उनके साथ अन्याय हुआ है, तो हमें इसका बहुत खेद है।'

**फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर बंपर ओपनिंग**

जहां एक तरफ ये विवाद फिल्म की छवि पर असर डाल रहा है, वहीं हाउसफुल 5 की कमाई का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन की इस मल्टीस्टारर फिल्म ने रिलीज के महज चार दिनों में ही 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। बुधवार को फिल्म ने 8 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे इसका कुल घरेलू कलेक्शन 119.75 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

**सोशल मीडिया पर यूजर्स का रिएक्शन**

गाने को लेकर मचे विवाद पर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। कुछ यूजर्स संदीप ब्राह्मण का समर्थन कर रहे हैं और उन्हें न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं, जबकि कुछ का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी चीजें अक्सर होती रहती हैं और जरूरी नहीं कि हर बार नकल जानबूझकर की गई हो।

# क्या महाभारत होगी आमिर खान की आखिरी फिल्म? संन्यास लेने की अफवाहों पर अभिनेता ने दी ये प्रतिक्रिया

आमिर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चा में हैं। वह इसके प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि शायद फिल्म 'महाभारत' के बाद मेरे पास करने के लिए कुछ न बचे। लोगों ने आमिर की इस बात का यह मतलब निकाला कि वह महाभारत के बाद एक्टिंग से संन्यास ले लेंगे। इस पर अभिनेता ने प्रतिक्रिया दी है।

**एक्टिंग से पीछे नहीं हटेंगे आमिर खान**

आमिर खान ने कहा है कि एक्टिंग से पीछे हटने का उनका कोई प्लान नहीं है। आमिर खान ने कहा 'महाभारत हमारी आखिरी फिल्म नहीं होगी। अभी मामला ऐसा है कि हम कुछ भी बोलें, उसका गलत मतलब निकल आता है। मुझसे पूछा गया कि आप कोई ऐसी फिल्म करो जिसको करने के बाद आपका काम करने का मन न हो। तो वह फिल्म कौन सी होगी?'

**आमिर ने कहा ध्यान से सुना करें बातें**

इसके बाद आमिर ने कहा 'मटेरियलवाइज मुझे एक ही चीज नजर आती है कि जो फिल्म करने के बाद शायद मेरे मन में ये ख्याल उठे कि बस हो गया। मैंने उसका जवाब इस तरह दिया था। लोगों को लगा कि महाभारत मेरी आखिरी फिल्म होगी। जवाब को ठीक से सुना कीजिए।'

**क्या बोले थे आमिर खान?**

आपको बता दें कि आमिर खान



ने हाल ही में राज शमनी के साथ अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात की थी। इसके बाद उनके संन्यास लेने की अफवाहें उड़ने लगीं। आमिर ने तब कहा था 'यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है कि मैं महाभारत बनाऊं, मैं इस पर 'सितारे जमीन पर' की रिलीज के बाद काम करना शुरू कर दूंगा।

मुझे लगता है कि यह ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसको करने के बाद मुझे ये लगेगा कि अब मैं इससे अच्छा नहीं कर पाउंगा। यह फिल्म भव्य होगी।' इसके बाद आमिर के संन्यास की खबरें सुर्खियों में आईं।

# 70 साल के एक्टर संग 31 साल की एक्ट्रेस ने शेयर कीं तस्वीरें, अब कहा- मुझे बताए बिना किया




मशहूर एक्टर गोविंद नामदेव पिछले साल उस वक्त सुर्खियों में आ गए थे, जब शिवांगी वर्मा ने उनके साथ अपनी खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। 70 साल के अभिनेता के साथ 31 साल की एक्ट्रेस ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था 'प्यार उम्र और दायरे को नहीं जानता है।' इस फोटो को लेकर अभिनेता को ट्रोल किया गया। अब गोविंद ने शिवांगी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की है। उनका कहना है कि शिवांगी अपनी फिल्म के लिए चर्चा पैदा करना चाहती थीं, और उनके साथ खुद को एक रोमांटिक जोड़ी के रूप में पेश करना चाहती थीं।

**शिवांगी के साथ तस्वीर पर फैली अफवाह**

अभिनेता ने पहले शिवांगी को तस्वीर लेने की इजाजत दी थी। बाद में शिवांगी ने उन्हें बताए बिना उन्हें टैग करते हुए सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर दी। इसके बाद लोगों के बीच गलतफहमी फैली।

**किसी भी ड्रामे में शामिल नहीं होना चाहते थे गोविंद**

गोविंद नामदेव ने कहा 'लोगों ने हम लोगों को लेकर अटकलें लगानी शुरू कर दीं। लेकिन मैं इसके पक्ष में नहीं था। इसलिए मैंने उनसे बात करनी बंद कर दी। मैं किसी भी तरह के ड्रामे में शामिल नहीं होना चाहता हूं।'

**मैं किसी को कुछ साबित नहीं करना चाहता**

उन्होंने आगे कहा 'अफवाहें थीं कि (उस रिश्ते से) मेरा घर प्रभावित हुआ है और मैं और मेरी पत्नी अलग रहने पर विचार कर रहे हैं। मैंने तब कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, और अब भी नहीं देता। हर कोई सच्चाई देख सकता है और अगर कोई सच्चाई से मना करता है, तो यह मेरी समस्या नहीं है। मैं यहां किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं आया हूं।'

**गोविंद ने जवाब में शेयर कीं दो तस्वीरें**

गोविंद ने बताया 'लोगों को उनके लिए दुख महसूस होने लगा था, न केवल दर्शकों, बल्कि करीबी दोस्तों और परिवार के लोगों को भी। इसलिए एक इज्जतदार अभिनेता होने के नाते मैंने इस मुद्दे पर बोलना अपनी जिम्मेदारी समझी। इसलिए शुरू में दो पोस्ट शेयर कीं।'

**गोविंद नामदेव का वर्कफ्रंट**

गोविंद नामदेव के काम की बात करें तो वह आखिरी बार 'रेड 2' में नजर आए थे। फिल्म में अजय देवगन, वानी कपूर और रितेश देशमुख अहम किरदार में थे।

# भारी बारिश और बाढ़ के प्रति सतर्क रहें : पोंगुलेटी

## > मंत्री ने जिला कलेक्टरों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। इस वर्ष सामान्य से अधिक बारिश की संभावना के बारे में मौसम विभाग (आईएमडी) की चेतावनियों के बाद, राजस्व और आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने अधिकारियों से एहतियाती उपाय लागू करने और गोदावरी और कृष्णा नदी घाटियों में सतर्क रहने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि एहतियाती उपाय हताहतों, संपत्ति की क्षति और वित्तीय नुकसान के जोखिम को यथासंभव कम करने के लिए हैं। मंत्री ने गुरुवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में इन नदी घाटियों में बाढ़ प्रबंधन रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए संबंधित जिलों के कलेक्टरों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक के दौरान, उन्होंने आपदा आने के बाद केवल प्रतिक्रिया करने के बजाय नुकसान को रोकने के लिए सक्रिय उपाय करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हैदराबाद की स्थिति के समान, एक उच्च स्तरीय स्थायी समिति का गठन किया गया है, जिसमें हाइड्रा आयुक्त, अग्निशमन महानिदेशक, आपदा प्रबंधन आयुक्त, कमांड कंट्रोल सेंटर निदेशक और सिंचाई, सड़क एवं भवन तथा स्वास्थ्य विभागों के आयुक्त शामिल हैं। यह समिति राज्य स्तर पर, विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में की जाने वाली आवश्यक कार्रवाइयों का मूल्यांकन करेगी और आपदा प्रबंधन विभाग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

पोंगुलेटी ने कहा कि समिति द्वारा एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है और इसकी सिफारिशों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष बारिश का मौसम अनुमान से 15 दिन पहले शुरू हो गया है। इसके मद्देनजर, उन्होंने जिला कलेक्टरों से सतर्क रहने और सभी विभागों के साथ मिलकर प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों को यथासंभव कम करने का आग्रह किया। मंत्री ने राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पारंपरिक तरीकों से हटकर सभी विभागों के साथ मिलकर काम करने और बदलती परिस्थितियों के अनुकूल आधुनिक तकनीक का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। जिला कलेक्टरों को हैदराबाद स्थित तेलंगाना एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र को प्रबंधन एवं पूर्व चेतावनी प्रणाली के लिए आवश्यक यूजर आईडी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्हें पिछले अनुभवों को ध्यान में रखते हुए 30 जून तक अपने जिलों में विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप बाढ़ कार्य योजना तैयार करने को भी कहा गया है। बैठक में प्रमुख सचिव नवीन मित्तल (राजस्व), आपदा प्रबंधन विभाग के आयुक्त हरीश, अग्निशमन विभाग के महानिदेशक नागी रेड्डी, हाइड्रा आयुक्त रंगनाथ, पंचायती राज आयुक्त सृजन, सीपी डीसीएल के निदेशक मुशर्रफ अली, कृषि सहयोग विभाग के निदेशक बी. गोपी, आईएमडी अधिकारी नागरत्नम, आदिलाबाद, भद्राद्री कोत्तागुडेम, जोगुलम्बा गदवाल, मुलुगु, निर्मल और वनापर्ती जिलों के कलेक्टर शामिल हुए।

# राज्यपाल ने विरासत के संरक्षण के लिए बुनकर समुदाय की सराहना की



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता )। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने प्रथम महिला सुधा देव वर्मा के साथ गुरुवार को यादाद्री-भुवनगिरी जिले के पोचमपल्ली गांव का दौरा किया और हथकरघा बुनकरों और ग्रामीण कारीगरों के कल्याण के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की सराहना की। यात्रा के दौरान, राज्यपाल ने स्थानीय बुनकरों से उनके घरों में बातचीत की और तेलंगाना की प्रसिद्ध हथकरघा विरासत को संरक्षित करने के लिए उनके समर्पण की सराहना की। उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए, उन्होंने नेतन्ना बीमा और नेतन्ना पोदुपु योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता वितरित की, जिसका उद्देश्य बुनकर समुदाय के लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बुनकरों की सीधी अपील का जवाब देते हुए, राज्यपाल ने डिजिटल साक्षरता में सुधार और ग्रामीण युवाओं के लिए सीखने के अवसरों का विस्तार करने के लिए पोचमपल्ली में सरकारी जूनियर कॉलेज में एक कंप्यूटर लैब की स्थापना की घोषणा की। हथकरघा क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में राज्यपाल ने घोषणा की कि आईआईटी हैदराबाद और एनआईडी अहमदाबाद द्वारा एक विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। अध्ययन में उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने, बाजार पहुंच का विस्तार करने और बुनकरों पर शारीरिक तनाव को कम करने के लिए तकनीकी प्रगति और डिजाइन हस्तक्षेप को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। राज्यपाल ने पोचमपल्ली पर्यटन पार्क का भी दौरा किया, जिसमें पारंपरिक शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने और कारीगरों के लिए स्थायी आजीविका सुनिश्चित करने के साधन के रूप में हथकरघा आधारित ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया गया। जिष्णु देव वर्मा के साथ शैलजा राम अय्यर, प्रमुख सचिव (हथकरघा, वस्त्र और हस्तशिल्प) और एम. हनुमंत राव, यदाद्री-भुवनगिरी के जिला कलेक्टर, जे. भवानी शंकर, राज्यपाल के संयुक्त सचिव, जी. पल्लवी, राज्यपाल की उपसचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों की पहली अभिसरण बैठक आयोजित

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएएनबी) द्वारा गुरुवार को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित टीजीआईसीसी के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों की पहली अभिसरण बैठक आयोजित की गई।

भारत में मादक पदार्थों की तस्करी की चुनौती लगातार जटिल होती जा रही है, खासकर सीमा साझा करने वाले और पारगमन वाले राज्यों में। अंतर-राज्यीय सिंडिकेट, तस्करी के उभरते रास्ते, सिंथेटिक ड्रग का प्रसार और डिजिटल उपकरणों के उपयोग के कारण आपस में जुड़े राज्यों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है। एनडीपीएस अधिनियम और संबद्ध कानूनों की प्रभावशीलता काफी हद तक ऐसे राज्यों में कार्यरत एजेंसियों/एएनटीएफ के बीच निर्बाध समन्वय, समय पर खुफिया जानकारी साझा करने और परिचालन सरेखण पर निर्भर करती है। इस संदर्भ में, सहयोगात्मक प्रवर्तन प्रयासों के लिए एक संरचित तंत्र शुरू करने के लिए पहली अंतर-राज्यीय और अंतर-एजेंसी समन्वय बैठक आयोजित की जा रही है। अभिसरण बैठक में परस्पर संबद्ध राज्यों के हितधारकों को एक साथ लाया जाएगा ताकि परिचालन सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके, उभरते खतरों पर विचार-विमर्श किया जा सके और एकीकृत और समन्वित तरीके से मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों पर सहमति बनाई जा सके। यह मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में राज्य की सीमाओं के पार दीर्घकालिक साझेदारी और खुफिया नेटवर्क बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभिसरण बैठक परस्पर संबद्ध राज्यों के बीच परिचालन एकता, आपसी विश्वास और बढ़ी हुई क्षमता की दिशा में एक कदम है। इसके परिणामों से मादक पदार्थों से संबंधित कानून प्रवर्तन में ठोस सुधार, अंतरराज्यीय नेटवर्क को खत्म करने और एक मजबूत, समन्वित कानूनी ढांचे के तहत अपराधियों पर मुकदमा चलाने की उम्मीद है।

# तल्लिकी वंदनम सुपर सिक्स योजनाओं में प्रमुख : नायुडू

## स्कूल जाने वाले बच्चे को प्रति वर्ष दिए जाएंगे 15,000 रुपये



अमरावती, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू ने गुरुवार को 'तल्लिकी वंदनम' को सरकार की सुपर सिक्स कल्याणकारी योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण बताया, जिसके तहत प्रत्येक परिवार के स्कूल जाने वाले बच्चे को प्रति वर्ष 15,000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार 'तल्लिकी वंदनम' के तहत 10,091 करोड़ रुपये खर्च करेगी, जो शिक्षा को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2024 के चुनावों से पहले, नायुडू ने सुपर सिक्स के बैनर तले कई कल्याणकारी वादे किए, जिसमें 19 से 59 वर्ष की आयु वर्ग की प्रत्येक महिला को 1,500 रुपये मासिक सहायता, युवाओं के लिए 20 लाख नौकरियां या 3,000 रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा शामिल है।

नायुडू ने उंडावल्ली में अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि सुपर सिक्स गारंटियों में से थल्लिकी वंदनम योजना प्रमुख पहल है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि अगर किसी घर में दो या उससे ज़्यादा बच्चे हैं, तो सिर्फ़ एक को ही लाभ देना उचित नहीं है। इसीलिए हमने परिवार के सभी बच्चों को सहायता देने के लिए यह योजना बनाई है। नायुडू के अनुसार, इस योजना से 67 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे और कुल वित्तीय परिव्यय का एक हिस्सा, 1,346 करोड़ रुपये, स्कूल बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च किया जाएगा।

नायुडू ने पिछली सरकार की 'अम्मा वोडी' योजना के साथ 'ताल्लिकी की वंदनम' की तुलना करते हुए कहा कि मौजूदा योजना से 24 लाख अधिक लोगों को लाभ मिला है। इस योजना के तहत महिला लाभार्थियों में एक बच्चे वाली 18.5 लाख से अधिक माताएं, दो बच्चों वाली 14.5 लाख, तीन बच्चों वाली 2.1 लाख और चार बच्चों वाली 20,053 माताएं शामिल हैं। सामाजिक श्रेणियों के संदर्भ में, नायुडू ने कहा कि 29.8 लाख से अधिक पिछड़ा वर्ग के छात्र लाभान्वित होंगे, इसके बाद 11.7 लाख अनुसूचित जाति, 4.2 लाख अनुसूचित जनजाति, 66,500 अल्पसंख्यक और 8.4 लाख ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्र लाभान्वित होंगे।

## कर्नाटक की बस नारायणपेट में ट्रक से टकराई, 18 घायल

मकथल, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के नारायणपेट जिले में नरसीरेड्डीपल्ली और जकलेर गांवों के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 167 पर गुरुवार तड़के एक निजी लक्जरी बस के एक ट्रक से टकरा जाने से कम से कम 18 यात्री घायल हो गए, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। यह दुर्भाग्यपूर्ण बस कर्नाटक के शिवमोगा से हैदराबाद जा रही थी, जिसमें 29 यात्री सवार थे, तभी यह दुर्घटना घटी।

पुलिस के अनुसार टक्कर की वजह से बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बस, जो कथित तौर पर तेज़ रफ़्तार से चल रही थी, उसी दिशा में आगे बढ़ रहे एक ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। सभी घायलों को शुरू में मक्तल सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए रायचूर और महबूबनगर के अस्पतालों में भेज दिया गया।

## तेलंगाना में आईएएस अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला

### सीएस रामकृष्ण राव ने जारी किए आदेश

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सरकार ने तेलंगाना में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। सरकार ने 36 अधिकारियों के तबादले का फैसला लिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव रामकृष्ण राव ने गुरुवार रात आदेश जारी किए।

एन श्रीधर को पंचायती राज और ग्रामीण विकास का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। एन श्रीधर को खान के प्रधान सचिव के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। लोकेश कुमार को राजस्व के प्रधान सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है। नवीन मित्तल को ऊर्जा विभाग का प्रधान सचिव, ज्योति बुद्ध प्रकाश को अनुसूचित जाति विकास विभाग का सचिव तथा शशांक गोयल को तेलंगाना भवन, दिल्ली का रेजिडेंट कमिश्नर बनाया गया है। हरिचंदना दासारी को हैदराबाद का कलेक्टर बनाया गया है। जय शंकरैया को टीजी ऑयल फेड का एमडी तथा राजीव गांधी हनुमंथु को रजिस्ट्रेशन एवं स्टाम्प का विशेष सचिव बनाया गया है। स्कूल शिक्षा निदेशक ई नवीन निकोलस, सूचना विभाग सचिव भारती लकपति नायक, आरएंडआर आयुक्त किल्ल शिवकुमार नायडू, सामान्य प्रशासन विभाग संयुक्त सचिव चित्तम लक्ष्मी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग निदेशक सृजना को अतिरिक्त जिम्मेदारी, निजामाबाद कलेक्टर टी विनय कृष्ण रेड्डी, कृषि सहयोग विभाग संयुक्त सचिव एल शिवशंकर को नियुक्त किया गया है। शिवशंकर को आपदा प्रबंधन संयुक्त सचिव के पद पर अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। आवास विभाग विशेष सचिव वीपी गौतम को अति8रिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

के हैमावती को सिद्दीपेट कलेक्टर और पी गौतम को सिंगरेनी निदेशक नियुक्त किया गया है। के निखिला को मत्स्य पालन निदेशक, वल्लुरी क्रांति को पर्यटन के एमडी, पी उदय कुमार को आरोग्यश्री हेल्थ ट्रस्ट के सीईओ, प्रियंका आला को टीजीपीएससी के सचिव और पी प्रवीण्या को संगारेड्डी के कलेक्टर के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

## बीआरएस एनआरआई सेल ने आयरलैंड तक किया विस्तार

### गवर्निंग बॉडी नियुक्त की

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी वैश्विक पहुंच जारी रखते हुए आयरलैंड में आधिकारिक तौर पर अपना एनआरआई सेल लांच किया है-जो पार्टी के विस्तारित अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क में शामिल होने वाला 53वां देश है। 2025-2027 के कार्यकाल के लिए नई समिति की घोषणा करते हुए, बीआरएस एनआरआई सेल के वैश्विक समन्वयक महेश बिगाला ने कहा कि आयरलैंड अध्याय पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के विकास-संचालित शासन मॉडल से प्रेरित होकर, तेलुगु प्रवासियों के बीच बढ़ते उत्साह को दर्शाता है।

आयरलैंड समिति की अध्यक्षता किरण अनुगुर्ती करेंगी, जबकि विशाल शिरमसेट्टी और नितीश चिलुवेरी उपाध्यक्ष होंगे। पवन अनुगुर्ती को महासचिव नियुक्त किया गया है। नवगठित आयरलैंड इकाई विदेशों में बीआरएस विचारधारा, तेलंगाना संस्कृति और सामुदायिक सेवा पहल को बढ़ावा देगी। समिति में अजय पोलमपल्ली और लिंगमूर्ति (सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष), उमेश चिप्पा (सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष), चानू बोइनी, सूर्य चंदन और नवीन कुमार के (सलाहकार बोर्ड के सदस्य), राकेश लेसानी, अन्वेष रेड्डी और नोमान सैयद (सचिव), साई मनीष टी (आईटी और मीडिया सेल सचिव), उमेश चिप्पा और प्रदीप गौड़ (कोषाध्यक्ष), दिनेश नामपल्ली और पवन कल्याण चिरराम (सामुदायिक मामलों के बोर्ड), रामकृष्ण वेनी रेड्डी और शामिल हैं। उमेश छीपा (प्रवक्ता), पवन अनुगुर्ति और दिलीप रेड्डी गोपू (सोशल मीडिया प्रभारी) और अबिनव गद्दाम (सदस्यता समन्वयक) शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री ने लोगों से किए सभी वादे पूरे किए : इटेला राजेंद्र



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता )। भाजपा सांसद इटेला राजेंद्र ने आज कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कोई वादा नहीं किया जो पूरा न हुआ हो।

उन्होंने कहा कि लोगों ने पूरे दिल से उन्हें 330 एमपी सीटों के साथ प्रचंड बहुमत दिया और उन्हें लगातार दूसरी बार सत्ता में बिठाया। यहां अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजेंद्र ने कहा कि मोदी एक महान व्यक्ति हैं, जिन्होंने दुनिया के किसी भी देश में भारतीय नागरिकों के लिए मानक ऊंचा किया है और उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है जहां वे कह सकते हैं, मैं एक भारतीय हूं। उन्होंने कहा, भारत, जो 2014 से पहले 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनिया के सभी मित्र देशों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने और दुनिया को भारत की महानता से अवगत कराने में मोदी की भूमिका महान है। आप जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर उन्होंने पाकिस्तान से बदला लिया था। मोदी के इन 11 वर्षों के शासन में भारत राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, हवाई अड्डे, बेरोजगारी राहत और रक्षा क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने जैसे कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनेगा। राजेंद्र ने लोगों से वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए मोदी को दिल से आशीर्वाद देने का आग्रह किया।

# वायुसेना प्रमुख एएफए डुंडीगल में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा करेंगे

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता )। वायुसेना अकादमी (एएफए) डुंडीगल में 215 कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) 14 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी। सैन्य सटीकता से चिह्नित यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की विभिन्न शाखाओं में उड़ान कैडेटों के प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के सफल समापन का स्मरण करेगा। वायुसेना प्रमुख (सीएएस) एयर चीफ मार्शल एपी सिंह परेड के लिए समीक्षा अधिकारी (आरओ) होंगे। समारोह के दौरान, आरओ स्नातक प्रशिक्षुओं को 'राष्ट्रपति कमीशन' प्रदान करेंगे। समारोह में भारतीय वायुसेना के उड़ान कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और मित्र विदेशी देश के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर 'विंग्स' प्रदान करना शामिल है।

फ्लाइंग ब्रांच के फ्लाइट कैडेट जो मेरिट के क्रम में प्रथम स्थान पर आते हैं, उन्हें प्रतिष्ठित 'प्रेसिडेंट प्लाक' के साथ-साथ 'चीफ ऑफ द एयर स्टाफ स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया जाएगा और वे परेड की कमान संभालेंगे। ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में मेरिट के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पर आने वाले फ्लाइट कैडेट को आरओ द्वारा 'प्रेसिडेंट प्लाक' प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आकाश गंगा टीम और एयर वॉरियर ड्रिल टीम (एडब्ल्यूडीटी) द्वारा सीजीपी की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए एक प्रदर्शन शामिल होगा, और बीच-बीच में पिलाटस पीसी-7 एमके II, हॉक, किरण और चेतक विमानों द्वारा फ्लाई-पास्ट किया जाएगा। पीसी-7 एमके II, एसयू-30 एमकेआई, सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी) द्वारा हवाई प्रदर्शन भी इस समारोह के प्रमुख आकर्षण होंगे।

## भारी बारिश से पुराने शहर की सड़कें जलमग्न, यातायात बाधित



हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार सुबह भारी बारिश के कारण पुराने शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे यातायात धीमा हो गया। इंजन बाउली, चत्रिनाका, उप्पुगुडा, बंदलागुडा, खिलवत रोड, अघापुरा, बहादुरपुरा और कुछ अन्य इलाकों में वाहन चालकों को घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ा।

सड़कों पर पानी भरने के दौरान दो पहिया वाहन खराब हो गए, जिससे वाहन चालकों की परेशानी और बढ़ गई। सुबह करीब नौ बजे डीआरएफ और जीएचएमसी की टीम ने सड़कों से पानी हटाने के प्रयास शुरू किए। राजन्ना बौली, चत्रिनाका, तल्लाबकट्टा, मौला का चिल्ला, चाचा गैराज और कुछ अन्य इलाकों में घरों में पानी घुस गया। शैक्षणिक सत्र के पहले दिन स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# तेलंगाना विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा कर रहा है : भट्टी

## > डिप्टी सीएम ने राष्ट्रीय स्तर के सीए छात्र सम्मेलन को संबोधित किया




हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना अब केवल अन्य भारतीय राज्यों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहा है, बल्कि अब वैश्विक स्तर पर विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। वे गुरुवार को शिल्पकला वेदिका में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), हैदराबाद शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सीए छात्र सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना कई उद्योगों का केंद्र बन गया है, जिसमें फ्यूचर सिटी पहल, मूसी नदी पुनरुद्धार परियोजना, क्षेत्रीय रिंग रोड और अन्य शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना ने आईटी, फार्मा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्सटाइल पार्क क्षेत्रों में प्रगति के साथ वैश्विक विकास मानचित्र पर एक मजबूत और स्थिर उपस्थिति स्थापित की है। भट्टी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि तेलंगाना देश भर से उभर रहे सीए छात्रों के लिए एक आशाजनक मंच भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीए पाठ्यक्रम पूरा करने वालों को राज्य के भीतर पर्याप्त अवसर मिलेंगे। भट्टी ने भारत के वित्तीय, आर्थिक और नैतिक ढांचे के एक स्तंभ के रूप में आईसीएआई की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट को नैतिकता के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने आग्रह किया, तेजी से बढ़ते तकनीकी स्वचालन के इस युग में, आपकी ईमानदारी आपकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है। अपने काम में हमेशा ईमानदारी, निष्पक्षता और जवाबदेही को दर्शाएं। उन्होंने आईसीएआई को हार्दिक बधाई दी, जिसकी स्थापना 1949 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी, इसे वित्तीय अनुशासन, पेशेवर मूल्यों और सार्वजनिक विश्वास का एक स्थायी उदाहरण माना जाता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत भर में 4.26 लाख से अधिक सदस्यों और लगभग दस लाख छात्रों के साथ, आईसीएआई एक प्रमुख वित्तीय शक्ति बन गया है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद शाखा ने इस सफलता में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है- 14,500 से अधिक सदस्यों और 31,000 छात्रों के साथ, यह आईसीएआई के मुकुट में एक अनमोल रत्न के रूप में खड़ा है। भट्टी विक्रमार्क ने कहा, आप केवल संख्या नहीं हैं- आप शक्ति, उद्देश्य और क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना केवल परीक्षा पास करने के बारे में नहीं है- यह सीखने, अनुभव और व्यक्तिगत विकास की एक सतत यात्रा है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय गौरव की बात है कि आईसीएआई अत्यधिक कुशल पेशेवरों का उत्पादन कर रहा है जो दुनिया भर में सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीए छात्र केवल नौकरियों के लिए तैयारी नहीं कर रहे हैं- वे व्यवसायों, संस्थानों और सरकारों के वित्तीय स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट की जिम्मेदारियां केवल खातों को संतुलित करने तक सीमित नहीं हैं- वे प्रगति में भागीदार हैं, जनता के विश्वास के संरक्षक हैं और संसाधन प्रबंधन में मार्गदर्शक हैं।

जैसे-जैसे भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहा है, चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक सुधारों और स्टार्टअप्स के लिए समर्थन से लेकर सार्वजनिक वित्तीय प्रणालियों को मजबूत करने तक- सीए केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। उपमुख्यमंत्री ने छात्रों से अपनी प्रतिभा का उपयोग केवल कमाई के लिए ही नहीं बल्कि सेवा के लिए भी करने का आह्वान किया। उन्होंने अपील की, सामाजिक लेखा-परीक्षण करें, छोटे व्यवसायों को उनके वित्तीय विकास में सहायता करें, तथा सरकारी वित्तीय नियोजन कार्यक्रमों में भाग लें- राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 13 जून - 2025

# खुदगर्ज अमेरिका

26/11 की घटना ने जब पूरी दुनिया को हिला दिया था तब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका झंडाबरदार बन कर उभरा था। लेकिन, कुछ समय में साफ हो चुका है कि खुद को दुनिया का सुपरपावर समझने वाला अमेरिका आतंकवाद के सामने घुटने टेक चुका है। उसे सिर्फ उन आतंकियों से दुश्मनी है, जिससे उसके अपने हित प्रभावित हो रहे हैं। आतंकवाद को राष्ट्रीय नीति के तौर पर चलाने वाला पाकिस्तान जैसे देश से भी उसे कोई परहेज नहीं है। ऐसे में पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाने वाले भारत को नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत महसूस होने लगी है। आतंकवाद पर अमेरिका की खुदगर्जी की पोल उसके सेंट्रल कमांड के चीफ जनरल माइकल कुरिला के एक बयान से खुली है। उन्होंने आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान को एक 'वैल्यूएबल पार्टनर' बता दिया। यहां तक कि उन्होंने आतंकी मामले में पाकिस्तान के साथ सहयोग बढ़ाने की बात भी कही है। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर ही कि पाकिस्तान ने मोहम्मद शरीफुल्ला को गिरफ्तार और प्रत्यर्पित किया। शरीफुल्ला आईएसआईएस-के का प्लानर था। उसने 26 अगस्त 2021 को एब्बे गेट पर आत्मघाती हमला किया था, जिसमें 13 अमेरिकी सैनिक और 160 नागरिक मारे गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने आतंकी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें फोन किया था। अमेरिका के एक बड़े अधिकारी ऐसे समय में पाकिस्तान के साथ आतंकवाद पर अपनी तालमेल का महिमामंडन कर रहे हैं, जब पहलगाम आतंकी हमले में जनरल असीम मुनीर की भूमिका का पर्दाफाश हो चुका है। पाकिस्तानी सेना के इसी चीफ के भड़काऊ बयान के हफ्ते भर बाद ही पहलगाम की बैसरन घाटी को पाकिस्तानी आतंकियों ने 26 लोगों का धर्म पूछकर उनके खून से लाल कर दिया। मतलब, माइकल कुरिला ने जो कुछ कहा है वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बिलकुल विपरीत है। आतंकवाद पर अमेरिका और दुनिया के कुछ और ताकतवर देशों का दोहरा चरित्र संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उजागर हो चुका है। पाकिस्तान ने जून की शुरुआत में सुरक्षा परिषद की दो महत्वपूर्ण सहायक निकायों में गैर-स्थायी सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका हासिल की है। यह उपलब्धि उसे ऑपरेशन सिंदूर के लगभग एक महीने बाद मिली है। पाकिस्तान अब 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का चेयर, 1373 आतंकवाद-निरोधक समिति का वाइस-चेयर और यूएनएससी के दो अनौपचारिक कार्य समूहों में को-चेयर है। अमेरिका को ही नहीं, पूरी दुनिया को पता है कि विश्व का सबसे खौफनाक माना जाने वाला अल कायदा का आतंकी ओसामा बिन लादेन 26/11 के बाद पाकिस्तानी सेना की देखरेख में उसी की धरती पर आराम फरमा रहा था और अमेरिका ने उसे ठिकाने लगाया था। लेकिन, आतंकवाद को संरक्षण देने वाले देश को आतंकवाद रोकने के लिए बनी समिति का उपाध्यक्ष बना दिया गया और अमेरिका और उसके सहयोगियों ने शुतुरमुर्ग की तरह अपना मुंह छिपाए रखा। इसको लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कहा है कि आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है कि सभी देशों के साथ मिलकर काम किया जाए। उन्होंने टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और जागरूकता पर भी जोर दिया है। लेकिन, जिस तरह से अमेरिका की पोल खुली है, उसके बाद उपाय यही है कि उन देशों को साथ जोड़ने पर ज्यादा जोर देना होगा, जो वाकई आतंकवाद को मानवता का दुश्मन मानते हैं।

# 77 साल बाद 300 करोड़ हो जाएगी देश की आबादी


अशोक भाटिया

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत जनसंख्या के मामले में सभी देशों से आगे निकल गया है और अगले 40 वर्षों में जनसंख्या 170 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। यूएनएफपीए की 2025 स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन (एसओडब्लूपी) रिपोर्ट में जनसंख्या और प्रजनन क्षमता को लेकर रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट का शीर्षक ₹द रियल फर्टिलिटी क्राइसिस₹ है। इसमें भारत की घटती प्रजनन दर पर चिंता व्यक्त की गई है। इस तरह से ये आंकड़े इस बात पर जोर देते हैं कि लाखों व्यक्ति अपनी वास्तविक प्रजनन आकांक्षाओं को हासिल करने में असमर्थ हैं।मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की 2025 विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि अब से 40 साल बाद जनसंख्या में गिरावट शुरू होने से पहले लगभग 1.7 बिलियन तक बढ़ने की उम्मीद है। वहीं इस साल चीन की आबादी 1.41 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है।बीते वर्ष जुलाई में जारी संयुक्त राष्ट्र की एक अन्य रिपोर्ट विश्व जनसंख्या संभावना-2024 के मुताबिक, पिछले वर्ष भारत की जनसंख्या 1.44 अरब थी।रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर 1.9 हो गई है, जो कि प्रति महिला 2।1 जन्मों की प्रतिस्थापन स्तर प्रजनन क्षमता से भी कम है। इसका मतलब ये है कि महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जनसंख्या को बनाए रखने के लिए आवश्यक से कम बच्चे पैदा कर रही हैं।

गौर करें तो जन्म दर में गिरावट के बावजूद, भारत की युवा आबादी काफी बड़ी है। इसमें 24% 0-14 वर्ष की आयु के हैं। 17% 10-19 वर्ष की आयु के हैं। और 26% 10-24 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। इसके अतिरिक्त, 68% आबादी कामकाजी आयु (15-64) की है। ये संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश प्रस्तुत करती है। बशर्ते पर्याप्त रोजगार और इसको सपोर्ट करती हुई नीतियां बनें।मौजूदा समय में बुज़ुर्ग आबादी (65 वर्ष और उससे ज़्यादा) 7% है। आने वाले दशकों में जीवन प्रत्याशा में सुधार के साथ इस आंकड़ों में वृद्धि होने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 2025 तक जन्म के समय जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए 71 वर्ष और महिलाओं के लिए 74 वर्ष होने का अनुमान है।इन आंकड़ों के पीछे उन लाखों दम्पतियों की कहानियां हैं, जिन्होंने अपना परिवार शुरू करने या बढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही उन महिलाओं के अनुभव भी हैं जिनके पास गर्भधारण करने के संबंध में सीमित विकल्प थे, चाहे वे कब, कितनी बार या गर्भवती हों।


यह भी बताया जाता है कि अगले 40 वर्षों में 240 मिलियन और जुड़ जाएगी और फिर भारत की जनसंख्या पहले बस जाएगी और फिर कुछ हद तक घट जाएगी। यह सिर्फ आशावाद नहीं है, बल्कि आंकड़ों का आधार देश की औसत प्रजनन दर में गिरावट है। किसी ने कितने बच्चों को जन्म दिया है, इसकी कुल प्रजनन दर (TFR) 'कुल प्रजनन दर' के कारक से निर्धारित की जा सकती है। अर्थात, प्रति महिला बच्चों की संख्या प्रति व्यक्ति जन्म देती है। इतने लंबे समय तक यह 2।1 थी। अब यह घटकर 1।9 प्रतिशत हो गई है। स्थानांतरण दर 'से कम है। जनसंख्या के स्थिर रहने के लिए 'प्रतिस्थापन दर' एक आवश्यक कारक है। यह स्थानांतरण दर दर्शाती है कि जितने अधिक लोग मरते हैं, उतने ही नए जीव पैदा होते हैं। 'जितने गए, उतने ही आए' के अनुपात को बनाए रखने के लिए। हमारी प्रजनन दर को पहली बार 1।9 प्रतिशत तक नीचे आना होगा। तो यह 'जो चला गया है उससे कम' होगा और अगर यह जारी रहा, तो कुछ समय बाद जनसंख्या कम हो जाएगी। यह मानना भोलापन होगा कि भारत को 'जल्द' विकसित देशों में गिना जाएगा। जो लोग ऐसा महसूस करते हैं, वे यह मानने के लिए स्वतंत्र हैं कि भारत को विकसित देशों में गिना जाएगा। दूसरों के लिए इस वास्तविकता का सामना करना बेहतर है। संयुक्त राष्ट्र की एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2023 में जनसंख्या के मामले में चीन से आगे निकलना शुरू किया, जिस पर लोकसत्ता ने 'लाभांश की अक्षमता' (20 अप्रैल, 2023) शीर्षक वाले संपादकीय में टिप्पणी की थी। उस समय, भारत की जनसंख्या ने चीन को 142।86 करोड़ से पीछे छोड़ दिया था। चीन की जनसंख्या भारत (142।57 करोड़) से केवल 3 मिलियन कम थी। यह किया गया था। चीन इस अनुमान से चूक गया। दूसरे शब्दों में, चीन ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष में भारत की जनसंख्या वृद्धि 1।56 प्रतिशत थी। उस समय, यह अनुमान लगाया गया था कि 2050 तक, भारत लगभग 1।67 बिलियन मनुष्यों के पालन-पोषण के लिए जिम्मेदार होगा।

वर्तमान रिपोर्ट उसी गति को दर्शाती है। अगले 40 वर्षों में, हम 'एक सौ सत्तर-कोने' के निशान तक पहुंच गए हैं। उस समय, चीन की आबादी लगभग 131 करोड़ होगी। यानी भारत और चीन की वर्तमान जनसंख्या से भी कम। यानी इस देश में दस लाख से अधिक लोगों को अपनी प्रजनन क्षमता का उपयोग करने का अवसर नहीं है। इसके कारण आर्थिक से अधिक सामाजिक हैं। महिलाओं को अभी भी यह तय करने का अधिकार नहीं है कि क्या शादी करनी है, क्या केवल प्रजनन के लिए जन्म देना है, उनकी संख्या क्या होनी चाहिए, आदि।इस रिपोर्ट से यही पता चलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 68 देशों में 44 प्रतिशत महिलाओं को अपने शरीर, गर्भनिरोधक उपयोग और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में कोई निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। भारत जैसे देशों में समस्या अधिक स्पष्ट है। उनमें से अधिकांश की मानसिकता यह है कि बच्चे पैदा करना पुरुष अधिकार है और महिलाएं पुरुष अधिकारों का बोझ हैं। बरगद के पेड़ों के आसपास दो दिन पहले के धागे के घोंसलों से इसे देखा जा सकता है। यह आपका डबल पंच है। एक परंपराओं के इर्द-गिर्द निर्मित वर्ग है। और दूसरी ओर, शिक्षितों के बढ़ते अनुपात के साथ, महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी और उस हद तक स्वास्थ्य देखभाल की कमी। हमारा असली सवाल यह है कि कामकाजी आयु वर्ग की सबसे बड़ी आबादी होने के बावजूद भारत में इसका वास्तव में उपयोग करने के लिए पर्याप्त अवसर की कमी है। यह पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्रभावित करता है। हमारी जनसंख्या का अड़सठ प्रतिशत 15 से 64 वर्ष की आयु के बीच है। इसका मतलब है कि देश में नागरिकों का एक बड़ा समूह 'उत्पादक' उम्र का है। यह सब आसानी से देश के आर्थिक विकास में योगदान कर सकता है। लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में पिछले दशक में देश में नौकरियों/नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है। दूसरे शब्दों में, भविष्य में बेरोजगारी की समस्या और अधिक तीव्र हो सकती है। इस पृष्ठभूमि में, हालिया रिपोर्ट को 'हमारी' जनसंख्या की गिरावट और 'उनकी' जनसंख्या के मिथकों को फैलाने की याद दिलाने के रूप में खारिज नहीं किया जा सकता है।

ऐसा होने से पहले, हमें अपनी केंद्र सरकार के आंकड़ों को ध्यान में रखना होगा, जो मुसलमानों में 2.61 और हिंदुओं में 2.12 है। लेकिन यह राष्ट्रीय स्तर पर एक समान नहीं है। यह आर्थिक/सामाजिक/भौगोलिक कारकों के अनुसार भिन्न होता है।

यह 41 है। जाहिर है कि इसके पीछे केरल में साक्षरता कारण है, लेकिन धर्म के स्तर पर केरल में बिहार की तरह अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी है। लेकिन केरल में प्रजनन दर में वृद्धि नहीं लगती क्योंकि वहां मुसलमान हैं।जनगणना तक, हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जनसंख्या का अंतर वास्तव में बढ़ गया। इस दौरान मुसलमानों की संख्या में 13.6 करोड़ की वृद्धि हुई जबकि हिंदुओं की आबादी में 67.6 करोड़ की वृद्धि हुई। अंतर लगभग चार या पांच गुना है।

# सौर तूफानों से जीपीएस सिस्टम-रेडियो संचार को खतरा


निरंकार सिंह

नासा ने सौर गतिविधि में विस्फोटक वृद्धि के बाद एक उच्च-स्तरीय चेतावनी जारी की है, जिसमें आगाह किया गया है कि आने वाले दिनों में शक्तिशाली सौर तूफान जीपीएस सिस्टम, रेडियो संचार और यहां तक कि बिजली के बुनियादी ढांचे को भी बाधित कर सकते हैं। यह चेतावनी नासा के सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी द्वारा कैप्चर किए गए एक नए सक्रिय सनस्पॉट से निकलने वाली अब तक का सबसे शक्तिशाली सोलर फ्लेयर के बाद आई है।

14 मई 2025 को यह तीव्र लपट अपने चरम पर थी, जिसके कारण यूरोप, एशिया और मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में अस्थायी रूप से रेडियो ब्लैकआउट हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (नोआ) के अनुसार, कुछ क्षेत्रों में दस मिनट तक उच्च आवृत्ति संचार बाधित रहा। एक बार फिर 13-14 जून 2025 को इसका प्रवेष धरती के वायुमंडल में हो सकता है।

सूर्य के 11 वर्षीय सौर चक्र के चरम पर पहुंचने के साथ ही, वैज्ञानिक कई अस्थिर सौर धब्बों वाले क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं, जो आगे चलकर सौर तूफानों को जन्म दे सकते हैं। हाल ही में हुए विस्फोट की गंभीरता ने कई वैश्विक अंतरिक्ष मौसम एजेंसियों को अलर्ट स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। इसके साथ यह चेतावनी दी है कि आगे और भी विध्वंसकारी घटनाएँ हो सकती हैं।आने वाले दिनों में, विशेषज्ञों को आशंका है कि सौर अशांति बढ़ने के कारण उपग्रहों में गड़बड़ियां, नेविगेशन में रुकावटें और संचार व्यवस्था ठप्प हो सकती है।


लेकिन फ्लेयर से निकलने वाले हानिकारक विकिरण हमें जमीन पर शारीरिक रूप से प्रभावित नहीं करते हैं, क्योंकि हम पृथ्वी के वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्र द्वारा सुरक्षित हैं। हालाँकि, मजबूत फ्लेयर ऊपरी वायुमंडल से गुजरने वाले रेडियो संचार को बाधित कर सकते हैं, और वे हमारे ग्रह की सुरक्षा से परे उपग्रहों या अंतरिक्ष यान को प्रभावित कर सकते हैं।सबसे तेज कण इतनी तेजी से यात्रा करते हैं कि वे लगभग 30 मिनट या उससे भी कम समय में सूर्य से पृथ्वी तक लगभग 93 मिलियन मील की दूरी तय कर सकते हैं। ये पृथ्वी की अधिकांश चुंबकीय सुरक्षा को पार कर जाते हैं, पृथ्वी की चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का अनुसरण करते हुए उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों की ओर बढ़ते हैं, जहां वे हमारे वायुमंडल में प्रवेश करते हैं और संभवतः जमीन से भी टकराते हैं। हांलाकि जमीन पर किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

हमारे वायुमंडल में परमाणुओं और अणुओं से इलेक्ट्रॉनों को हटा देना (उन्हें आयनित करना), जिससे उच्च आवृत्ति वाले रेडियो संचार में परिवर्तन आ जाता है। उपग्रह हार्डवेयर में गहराई तक प्रवेश कर सौर पैनलों को नष्ट कर देते हैं तथा सर्किटों को नुकसान पहुंचाते हैं।मानव ऊतकों से होकर गुजरने के कारण अंतरिक्ष यात्रियों या ऊंची उड़ान भरने वाले ध्रुवीय विमानों में चालक दल के सदस्यों और यात्रियों के लिए विकिरण का खतरा पैदा हो सकता है।

नासा के अनुसार, सौर ज्वालाएं सूर्य द्वारा सौर मंडल में फेंके गए कणों, ऊर्जा, चुंबकीय क्षेत्रों और पदार्थों का अचानक विस्फोट है। हाल ही में वस्फोट से पैदा हुई सौर ज्वाला, अब तक के सबसे शक्तिशाली विस्फोटों में से एक है, जिसमें पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल को तुरंत प्रभावित करने की क्षमता है। प्रकाश की गति से यात्रा करते हुए, ये विस्फोट केवल आठ मिनट में पृथ्वी तक पहुंच सकते हैं, जिससे उच्च आवृत्ति वाले रेडियो सिग्नल, जीपीएस सिस्टम और विमानन संचालन बाधित हो सकते हैं - विशेष रूप से ग्रह के सूर्यप्रकाश वाले हिस्से में।सबसे खतरनाक प्रकार के एक्स-क्लास फ्लेयर्स वैश्विक तकनीकी गिरावट का कारण बन सकते हैं। नासा ने बताया, ''जब पृथ्वी की ओर आती है, तो सौर तूफान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में एक बड़ी गड़बड़ी पैदा कर सकता है, जिसे भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है, जो रेडियो ब्लैकआउट, बिजली की कमी और सुंदर ऑरोरा जैसे प्रभाव पैदा कर सकता है।''जबकि पृथ्वी का वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्र हमें जमीनी स्तर पर हानिकारक विकिरणों से बचाते हैं, मजबूत ज्वालाएं ऊपरी वायुमंडल में रेडियो प्रसारण में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं और इस सुरक्षात्मक अवरोध से परे संचालित उपग्रहों और अंतरिक्ष यान को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

सौर ज्वालाओं को पाँच प्रबल श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है - ए, बी, सी, एम, और एक्स - जिसमें प्रत्येक चरण ऊर्जा में दस गुना वृद्धि दर्शाता है। जबकि सी-श्रेणी की ज्वालाएँ मामूली मानी जाती हैं, एम-श्रेणी की ज्वालाएँ मध्यम होती हैं, और एक्स-श्रेणी की घटनाएँ महत्वपूर्ण वैश्विक व्यवधानों को ट्रिगर कर सकती हैं।वैश्विक स्तर पर पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका ने चरम सौर तूफानों के लिए तैयारियों का परीक्षण करने के लिए अंतरिक्ष मौसम आपातकालीन अभ्यास किया है। नोआ के नेतृत्व में, इस अभ्यास में कई संघीय एजेंसियों को एक शक्तिशाली सौर सुपरस्टॉर्म से होने वाले नुकसान का आंकलव करने के लिए एक साथ लाया गया।अभ्यास में यह मूल्यांकन किया गया कि सरकारी निकाय किस तरह प्रतिक्रिया का समन्वय करेंगे, विभिन्न क्षेत्रों में संवाद करेंगे और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करेंगे। नकली परिदृश्यों में उपग्रहों, अंतरिक्ष यात्रियों और वाणिज्यिक विमानों के लिए विकिरण संबंधी खतरे, रेलवे और पाइपलाइनों को प्रभावित करने वाली व्यापक बिजली कटौती और उपग्रह-आधारित संचार में व्यवधान शामिल थे। पृथ्वी की ओर आने पर एक सौर तूफान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में एक बड़ी गड़बड़ी पैदा कर सकता है, जिसे भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है , जो रेडियो ब्लैकआउट, बिजली की कटौती और सुंदर ऑरोरा जैसे प्रभाव पैदा कर सकता है। हालांकि, वे पृथ्वी पर किसी को भी सीधे नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि हमारे ग्रह का चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल हमें इन तूफानों से सबसे खराब प्रभाव से बचाता है।

# राष्ट्रभाषा ? हिंदी इतनी उपेक्षित क्यों ?


संजीव ठाकुर


हिंदी भाषा न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है ₹राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है₹ हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह विडंबना की बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है? अभी दक्षिण भारत मे हिंदी के विरोध अनर्गल प्रलाप जारी होकर उसका खुलकर विरोध किया जा रहा है।स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया था कि एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा थी। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया₹ यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 65 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है। एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए।

# गांव से जिनेवा तक : भारत का सामाजिक सुरक्षा मॉडल


प्रो. आरके जैन

भारत की धरती पर एक ऐसी क्रांति जन्म ले रही है, जो न केवल आंकड़ों की किताबों में दर्ज होगी, बल्कि करोड़ों दिलों की धड़कनों में बसेगी। यह कहानी है 94 करोड़ लोगों की, जो आज सामाजिक सुरक्षा के अभेद्य कवच में सांस ले रहे हैं। यह कहानी है उस भारत की, जिसने एक दशक में असंभव को संभव कर दिखाया, विश्व मंच पर सामाजिक सुरक्षा कवरेज में दूसरा स्थान हासिल किया। 2015 में जहां केवल 19% आबादी इस सुरक्षा के दायरे में थी, वहीं 2025 में यह आंकड़ा 64.3% तक पहुंच गया। यह 45% का ऐतिहासिक उछाल केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस अटल संकल्प का प्रतीक है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने का वादा करता है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई उस यात्रा का गवाह है, जो "सबका साथ, सबका विकास" को नारा नहीं, बल्कि हकीकत बनाती है। इस क्रांति की नींव उन कल्याणकारी योजनाओं पर टिकी है, जिन्होंने गरीबों, मजदूरों और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन को नई रोशनी दी। आयुष्मान भारत ने करोड़ों परिवारों को मुफ्त इलाज का सहारा दिया, तो अटल पेंशन योजना ने बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और जन-धन योजना ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और महिलाओं को वह आत्मविश्वास दिया, जो उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने भारत की इस उपलब्धि को न केवल सराहा, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर एक मिसाल के रूप में पेश किया। आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ हुंगबो ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह विश्व के लिए एक प्रेरणा है।" यह प्रशंसा उस भारत की ताकत को रेखांकित करती है, जो अपने हर नागरिक को गरिमा और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिनेवा में आयोजित 113वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत की इस उपलब्धि को गर्व के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, "यह वृद्धि 'अंत्योदय' के उस सिद्धांत को साकार करती है, जो समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति को सशक्त बनाने का वादा करता है।" भारत ने न केवल सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाया, बल्कि इसे डिजिटल और पारदर्शी बनाकर एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया। आईएलओ के सहयोग से शुरू किया गया राष्ट्रीय डाटा पूलिंग अभियान इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। यह अभियान न केवल लाभार्थियों की संख्या को ट्रैक करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि योजनाएं विधायी रूप से समर्थित और समयबद्ध हों। भारत 2025 के सामाजिक सुरक्षा डाटा को आईएलओएसटीएट डेटाबेस में अपडेट करने वाला पहला देश बना, जो इसकी डिजिटल प्रणालियों और पारदर्शिता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उस किसान की कहानी है, जो अब आयुष्मान भारत के तहत बिना चिंता के इलाज करवा सकता है। यह उस मजदूर की कहानी है, जिसे अटल पेंशन योजना ने बुढ़ापे में सहारा दिया। यह उस महिला की कहानी है, जो जन-धन खाते के माध्यम से अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकती है। वर्तमान आंकड़े केवल प्रथम चरण को दर्शाते हैं, जिसमें केंद्रीय योजनाओं और आठ राज्यों की महिला-केंद्रित योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। दूसरे चरण में यह कवरेज 100 करोड़ के आंकड़े को पार करने की ओर अग्रसर है।

# कुंडली, विवाह और पंडित


डॉ टी महादेव राव

₹ भैया ! शादियां पारंपरिक ढंग से जो होती हैं उसमें वर वधू की कुंडलियां मिलायी जाती हैं। छत्तीस गुणों में कितने गुणों का मेल होता है, देखा जाता है। वर वधू एक दूसरे को पसंद करते हैं। प्री वेड शूट यानी विवाह पूर्व छायांकन होता है। यानी पति पत्नी बनने से पहले ही उस बंधन का भरपूर एहसास कराया जाता है। है न ? हां! सही है। लेकिन यह सब क्यों पूछ रहा है? कहीं रूपा से कहा सुनी हो गई और तुम शादी के सेकंड एपिसोड के चक्कर में नहीं। अभी रूपा को फोन लगाता हूं। भैया! आप तो हमारी सरकार से अधिक हर चीज में उतावले हो जाते हो और बस राशन पानी लेकर विपक्ष पर जिस तरह सत्ता पक्ष पिल पड़ता है, भिड़ जाते हो। मैं तो इसलिए पूछ रहा था कि आज कल पारंपरिक व्यवस्थित विवाह के बंधनों में मेरा मतलब है ट्रेडिशनल अरेंज्ड मैरिज में भी कितना खून खराब, हत्या, लाश गायब करने जैसी क्राइम पेट्रोल सी वारदातें हो रही हैं। जब कुंडलियां, गुण, दिखाई, शूटिंग सारा कुछ होता है उसके बाद यह सब? कुंडली और गुण उस वक्त की धरोहर हैं जब जन्म हुआ, समय, दिनांक, स्थान पर निर्भर होता है। उसके बाद उसका पालन पोषण, प्रवृत्तियां, गुण अवगुण जो उसने पाल रखे हैं, उनका पता किसी को नहीं होता। ऐसे में ज्योतिष और ज्योतिष शास्त्र क्या कर सकता है?लेकिन भैया! जिनको साथ साथ रहना है, अगर नहीं ठीक लगा तो अलग हो जायें या तलाक़ ले लें। हत्या जैसा जघन्य कांड। सोचकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। छोटू! दिल लगी गदही से तो परी क्या चीज़ है सुना होगा तुमने। प्रेम न जाने जात कुजात भी पता होगा तुम्हें। मनुष्य कब क्या कर जाए किसे पता? रावण के दसवें सिर की तरह खतरनाक गदहा कब मुंह मार दे, कोई नहीं बता सकता। आपकी बात सही है लेकिन जिस पंडित ने कुण्डली और गुण मिलाए, शादी कराई उस पंडित को ढूंढने का क्या तुक है? यह खबर जोरों से सुनाई पड़ रहा है भैया! अब पंडित ने शादी में कान में क्या मंत्र की तरह बताया कि हनीमून पे जाओ तो उसको खत्म कर देना? इस नारी ने तो हनीमून का ही अर्थ बदल डाला। मधुर यामिनी को काल की रात बना डाला। अपने तथाकथित हनी को मून पर पंहुचा दिया। हम पंडित की बात कर रहे थे भैया! हां वहीं पर आ रहा हूं। आजकल सोशल मीडिया बिल्कुल छुटे सांड की तरह हो गया है। बस एक छोटी सी चिंगारी और खबर बमबारी से बड़ी। किसी ने शगूफा छोड़ दिया कि लोग पंडित को ढूंढ रहे हैं। अगर ऐसी बात होती तो अस्सी प्रतिशत पंडितों को, विवाह और पत्नी से त्रस्त पति, ढूंढते और भरपूर ठुकाई करते। सभी त्रस्त पतियों ने इसे प्रारब्ध मान लिया और निभाए जा रहे हैं। वैसे शादी कराने वाले पंडितों को जीवन बीमा करा लेनी चाहिए सावधानी के तौर पर। लेकिन भैया पवित्रतम माना जाने वाला वैवाहिक बंधन इस तरह सड़े गले और कुत्सित और घृणित रूप ले लेगा कोई सोच सकता है? सही कहते हो।

हमारी आधुनिक कहलाती विचारधारा इतनी कुंठित और भयावह होगी पाश्चात्य संस्कृति की तरह सोचा नहीं था। वे लोग हमारी राह चल रहे हैं और हम उनकी नकल कर रहे हैं।

## आम लोगों के लिए खुल गई हिमाचल की ये जगह, यहां से दिखता है चीन का पहला गांव




शिमला, 12 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में अब शिपकी ला दर्रा सैलानी और आम लोग भी जा सकेंगे। आजादी के बाद पहली बार शिपकी ला दर्रे को सैलानियों और आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। यहां पर पहले सिर्फ व्यवसायिक गतिविधियां ही की जाती थीं, लेकिन अब यहां पर्यटक और आम नागिरक भी जा सकेंगे। शिपकी ला दर्रा किन्नोर जिले का अंतिम छोर है। ये सामरिक दृष्टि से बहुत अहम है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू यहां पहुंचे। सीएम ने यहां स्थानीय लोगों, सेना और आईटीबीपी के जवानों को संबोधित किया। इसके बाद वो इंदिरा पॉइंट गए और एलएसी का जायजा लिया। सरकार कह रही है कि ये बॉर्डर टूरिज्म की शुरुआत है। अब तक इस इलाके की गिनती बहुत ही संवेदनशील और सीमित पहुंच वाले इलाकों में की जाती थी। शिपकी ला पहुंचने वाले सुक्खू दूसरे सीएम हैं। उसने पहले हिमाचल प्रदेश के संस्थापक और सीएम यशवंत सिंह परमार और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी यहां पैदल पहुंची थी। टूरिस्ट शिमला से किन्नौर और फिर खाब नामक जगह से लिंक रोड के माध्यम से शिपकी ला पहुंच सकते हैं। यहां पर जाने के लिए टोकन या फिर आधार कार्ड दिखाना होगा। यहां रात में रुकने की इजाजत नहीं है। यहां जाने के लिए फिलहाल कोई फीस नहीं है। आईटीबीपी से परमीशन लेकर ही सैलानी या आम लोग आगे जा सकते हैं। अभी एक दिन में सिर्फ 50 लोग ही शिपकी ला जा सकते हैं। गौरतलब है कि शिपकी ला से चीन की सीमा शुरू होती है।

## पूर्व एमएलए रामनिवास सुरजाखेड़ा गिरफ्तार

### एचएसवीपी में की 225 करोड़ रुपये की हेराफेरी; अदालत ने रिमांड पर भेजा



पंचकूला, 12 जून (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के चर्चित घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी चंडीगढ़ की टीम ने हरियाणा के नरवाना से पूर्व जजपा विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा और एचएसवीपी के पूर्व अधिकारी सुनील बंसल को गिरफ्तार कर लिया है। इन्हें पंचकूला जिला अदालत में पेश कर इनका पांच दिनों का रिमांड हासिल किया है। रामनिवास और सुनील बंसल एचएसवीपी में मिलकर धोखाधड़ी को अंजाम देते थे। ईडी ने दो साल पहले हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआइआर के आधार पर जांच शुरू की थी। हरियाणा पुलिस ने वर्ष 2023 में इनके खिलाफ 70 करोड़ की ठगी का केस दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने मनी लांड्रिंग की जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपितों ने 225 करोड़ रुपये की हेराफेरी की थी। रामनिवास सुरजाखेड़ा वर्ष 2019 से 2024 तक नरवाना विधानसभा सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक रहे हैं। विधायक बनने से पहले वह खुद भी एचएसवीपी में ही अधिकारी थे और रिटायरमेंट के बाद राजनीतक में आए। दो साल पहले हरियाणा पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया था। पुलिस को एचएसवीपी के एक अधिकारी ने शिकायत दी थी।

**हेराफेरी में सुनील बंसल भी शामिल**

आरोप था कि एचएसवीपी के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में से कुछ लोगों को रकम ट्रांसफर की जा रही थी। वर्ष 2015 से 2019 के बीच लगभग 70 करोड़ रुपये की रकम कुछ चुनिंदा खातों में बिना किसी स्पष्ट कारण के ट्रांसफर की गई। इसके बाद एचएसवीपी ने आंतरिक जांच शुरू की जिसमें पता चला कि रामनिवास और सुनील बंसल मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे थे। उन लोगों के बैंक खातों में रकम भेजी गई जिनकी जमीन का एचएसवीपी ने अधिग्रहण तक नहीं किया था पुलिस की एफआइआर के बाद ईडी ने भी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ईडी ने सभी बैंक खातों को खंगाला और जिनके खातों में रकम जा रही थी उनके बयान लिए।

**70 से 225 करोड़ तक पहुंचा घोटाला**

ईडी की जांच में 70 करोड़ का घोटाला 225 करोड़ तक पहुंच गया। जांच में पता चला कि घोटाले की रकम आरोपितों के खास लोगों के खातों में भेजी जा रही थी। इनमें से आठ से 10 लोगों के ईडी ने बयान लिए तो घोटाले का पर्दाफाश हुआ। ये लोग पूर्व विधायक के नजदीकी बताए जा रहे हैं और सिर्फ इन्हीं खातों में ही 159 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। इनके बयानों से पता चला कि इनकी न तो कोई जमीन एक्वायर हुई थी और न ही इन्हें कोई और लाभ मिलना था, फिर भी इनके खातों में रकम भेजी गई। जब भी इनके खातों में रकम ट्रांसफर होती थी, वे इसे निकलवाकर पूर्व विधायक तक पहुंचाते थे।

## 'बीजेपी का मुख्यमंत्री सबका बाप'

### नितेश राणे के बयान पर देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया, 'मैं खुद को महाराष्ट्र का सेवक मानता हूं।'

मुंबई, 12 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे के 'बीजेपी का मुख्यमंत्री सबका बाप' वाले बयान पर विवाद जारी है। इस पर अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया आई है। छत्रपति संभाजीनगर में इस बारे में पूछने पर फडणवीस ने कहा कि उन्होंने यह टिप्पणी नहीं सुनी है। उन्होंने जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। फडणवीस ने जोर देकर कहा, “मैं खुद को महाराष्ट्र का सेवक मानता हूं।” उन्होंने नितेश राणे की टिप्पणियों पर कोई सीधी प्रतिक्रिया देने से परहेज किया। नितेश राणे की टिप्पणी से छिड़े विवाद को शांत करने के लिए पार्टी नेतृत्व के प्रयासों में उनके पिता नारायण राणे का भी बयान आया है। नारायण राणे ने इस बात पर जोर दिया कि उनके बेटे का इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना गलत था और उन्होंने सप्ताहांत में की गई टिप्पणी से छिड़े विवाद पर अंकुश लगाने की कोशिश की। कोंकण क्षेत्र के रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से लोकसभा सांसद नारायण राणे ने कहा, बाप शब्द का इस्तेमाल करना गलत था। मैंने उन्हें ऐसा बता दिया है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री किसी के पिता नहीं, बल्कि जनता के सेवक हैं। अब कोई विवाद नहीं है। यह खत्म हो गया।” नारायण राणे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल (1990 के दशक के अंत में) को याद करते हुए कहा, “मैं लोगों से कहता था कि मुझे ‘साहब’ न कहें। मैं यहां लोगों की सेवा करने के लिए हूं।” इससे पहले बीजेपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने अपने पार्टी सहयोगी द्वारा की गई टिप्पणियों को कमतर आंकने की कोशिश की थी। बावनकुले महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं।

## असदुद्दीन ओवैसी ने क्यों नहीं की पीएम मोदी से मुलाकात

### वारिस पठान बोले- 'उनका सम्मान 80 फीसदी बढ़ा



मुंबई, 12 जून (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत का प्रतिनिधिमंडल दुनिया के कई देशों में जाकर देश का पक्ष रखने के बाद लौट चुका है। 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनके अनुभव जाने। इस महत्वपूर्ण बैठक में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की गैरमौजूदगी पर कई सवाल उठने लगे हैं। इसी को लेकर एआईएमआईएम के नेता वारिस पठान ने एक निजी चैनल पर स्पष्ट जवाब दिया। वारिस पठान ने बताया कि असदुद्दीन ओवैसी की अनुपस्थिति कोई राजनीतिक कारण नहीं था, बल्कि मेडिकल इमरजेंसी के चलते उन्हें विदेश जाना पड़ा। उन्होंने कहा, “ओवैसी साहब ने फोन पर जानकारी दी कि मेडिकल इमरजेंसी के कारण उन्हें देश से बाहर जाना पड़ा। उन्होंने अपने समूह प्रमुख जयंत पांडा को इसकी सूचना दे दी थी। अब वो आकर क्या करेंगे, यह सभी को पता चल जाएगा।” पठान ने ओवैसी के बढ़ते सम्मान का भी जिक्र किया और कहा, “एक सर्वे में देखा गया है कि ओवैसी साहब का सम्मान 51% बढ़ गया है, लेकिन मेरे अनुसार यह 80% तक बढ़ा है। उन्होंने कभी अपने सम्मान की चिंता नहीं की। वारिस पठान ने कहा, अल्लाह ने उन्हें बहुत इज्जत दी है और वो खुद के नहीं, देश के सम्मान के लिए गए थे। जब बात देश की होती है, तो राष्ट्र सर्वोपरि होता है।” उन्होंने यह भी कहा कि ओवैसी को मंत्रियों से भी ज्यादा सम्मान मिला है और वो हमेशा राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं। वारिस पठान ने यह भी कहा कि पूरे डेलीगेशन ने जिस तरह से पाकिस्तान को बेनकाब किया, वो काबिले तारीफ है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी। साथ ही राहुल गांधी के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने और एआईएमआईएम के चुप रहने पर सफाई देते हुए कहा, “पहलगाम अटैक के वक्त भी ओवैसी साहब ने सरकार को पूरा समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सवाल पूछने का अधिकार है और सरकार को संविधान के तहत जवाब भी देना होगा। अगर मानसून सत्र में ये सवाल आएंगे तो सरकार को जवाब देने ही पड़ेंगे।

## गाजियाबाद से आएगी रिज पर लगने वाली वीरभद्र की प्रतिमा

शिमला, 12 जून (एजेंसियां)। राजधानी शिमला के रिज मैदान पर लगने जा रही पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा को गाजियाबाद में बनवाया गया है। इसे दिवंगत वीरभद्र सिंह की जन्मतिथि के उपलक्ष्य पर 23 जून को रिज मैदान पर लगाया जा रहा है। पहले इसका खर्च खुद राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन ने उठाने की बात की थी, मगर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे सरकारी खर्च पर लगाने के निर्देश दिए तो अब इसे राज्य लोक निर्माण विभाग की ओर से लगवाया जा रहा है। इस प्रतिमा को लगवाने और वीरभद्र सिंह की जन्म तिथि पर अन्य आयोजनों पर चर्चा के लिए 15 जून को राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ शिमला में फाउंडेशन की ओर से एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। वीरभद्र सिंह के बेटे और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी आमंत्रण दे चुके हैं।

## कर्नाटक में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, स्कूल बंद-रेड अलर्ट जारी





बेंगलूरू, 12 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है। राज्य के उत्तरी जिलों में लगातार बारिश हो रही है। इस बीच निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। धारवाड़ जिले में गुरुवार के लिए भी भारी बारिश की तेजावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। ऐसे में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन भी तैयारियों में लगा हुआ है। आम लोगों को भी सूचित किया जा रहा है। धारवाड़ जिले के कई इलाकों में कल देर शाम से रुक रुक कर तेज बारिश हो रही है, जिसके चलते कुछ निचले इलाकों में जल जमाव के हालात बन गए हैं। रेड अलर्ट को देखते हुए डिप्टी कमिश्नर और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रमुख दिव्या प्रभु ने महकमों को अलर्ट पर रहने को कहा है।

**इन इलाकों में बाढ़ का खतरा**

तुप्परीहल्ला और बेनिहल्ला जलग्रहण क्षेत्रों में संभावित बाढ़ जैसी स्थितियों के मद्देनजर निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों से सतर्क रहने और सभी आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की गई है। इसी तरह कर्नाटक के तटीय जिलों में भी भारी बारिश का अलर्ट है। उडुपी जिले में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसके चलते स्कूल और आंगनवाड़ी में आज अवकाश की घोषणा की गई है। जिला प्रशासन ने आम लोगों को आगाह करते हुए एडवाइजरी जारी की है।

**केरल में भी अलर्ट जारी**

दक्षिण भारत में मानसून की दस्तक पिछले महीने ही हो गई थी। हालांकि, एक सप्ताह तक भारी बारिश के बाद मानसून शांत हो गया था। अब मानसून दोबारा सक्रिय हुआ है। ऐसे में केरल के भी कई जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। आईएमडी ने इसी के साथ गुरुवार को दो जिलों के लिए, शुक्रवार को चार जिलों के लिए, शनिवार को नौ जिलों के लिए और रविवार को 14 जिलों के लिए ‘ऑरेंज अलर्ट’ जारी किया है।

रेड अलर्ट जारी होने पर आम लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी उठाने चाहिए। वहीं, ऑरेंज अलर्ट पर पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। जबकि, येलो अलर्ट होने पर हालातों पर नजर बनाए रखनी चाहिए। ‘ऑरेंज अलर्ट’ का अभिप्राय है कि 24 घंटे के भीतर 11 सेमी से 20 सेमी तक मूसलाधार बारिश हो सकती है, जबकि ‘येलो अलर्ट’ का मतलब है छह सेमी से 11 सेमी के बीच भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने तटीय क्षेत्र में तेज हवाओं और खराब मौसम की स्थिति की आशंका के मद्देनजर मछुआरों को बुधवार से रविवार तक केरल-कर्नाटक-लक्षद्वीप तटों पर मछली पकड़ने के लिए नहीं जाने की भी सलाह दी है।

## दिल्ली के सीलमपुर में प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या

**रिश्तेदार ने चाकू गोदकर मार डाला**

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में चौहान बांगर इलाके में 19 साल के युवक जहीर अब्बास (19 साल) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की वजह प्रेम प्रसंग बताई जा रही है। लड़की के पिता और भाई पर हमला करने का आरोप है। फिलहाल आरोपी फरार हैं। जानकारी के अनुसार, जहीर अब्बास का अपने ही रिश्तेदार की बेटी के साथ ही प्रेम प्रसंग था। कल दोनों परिवार आपस में मिले थे। इस मामले को लेकर वहां बात बिगड़ी और फिर लड़की के भाई और पिता ने लड़के का पीछा किया जिसके बाद लड़के की डेड बॉडी सीलमपुर इलाके से मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है मृतक ज़हीर के फूफा ने अपने बेटे के साथ मिलकर दिया इस वारदात को अंजाम दिया। परिवार ने बताया कि लड़की के परिजनों ने अब्बास की चाकू मार दिया था। घायल व्यक्ति को पास के एक अस्पताल मे ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जहीर अब्बास के पिता ने बताया कि जिसने हत्या की है वो हमारे बेटे के फूफा लगते थे। जहीर की उनकी बेटी से बातचीत थी। हमने भी समझाने की कोशिश की थी। क्योंकि लड़की का परिवार लगातार मारने की धमकी दे रहा था। कल ये लोग उसका पीछा कर रहे थे। उसे मारने एक साथ निकले तो हम भी गए।। मैंने खुद अपने बेटे को इन्हे मारते देखा। उन लोगों ने चाकू से हमला किया थी।

## इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर की लाश मिलने से सनसनी

### कार में मिली डेड बॉडी, अश्लील कंटेंट पर आतंकी अर्श डल्ला से मिली थी धमकी



बठिंडा, 12 जून (एजेंसियां)। पंजाब के बठिंडा से बड़ी खबर सामने आई है। यहां आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी की पार्किंग में खड़ी कार से एक महिला सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर का शव बरामद किया गया है। मृतक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की पहचान लुधियाना के लक्ष्मण नगर निवासी कंचन उर्फ कमल के रूप में हुई है। शव के साथ बरामद की गई गाड़ी भी कंचन की ही है। गाड़ी उसी के नाम से रजिस्टर्ड है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कंचन सोशल मीडिया पर काफी चर्चित थीं। साथ ही अश्लील कंटेंट को लेकर विवादों में भी घिरी रहती थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। कमल कौर लुधियाना की रहने वाली थीं। वह इंस्टाग्राम पर अक्सर विवादित और अश्लील रील बनाती थीं। उनके इंस्टाग्राम पर 3.86 लाख फॉलोअर्स हैं। अश्लील कंटेंट को लेकर 7 महीने पहले आतंकी अर्श डल्ला ने कमल कौर को मारने की धमकी भी दी थी।

**कार से आ रही थी बदबू**

पुलिस ने बताया- जिस गाड़ी से लाश मिली है, वो घटनास्थल पर मंगलवार से खड़ी थी। कार के अंदर से बदबू भी आ रही थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। देखने से ऐसा लग रहा है कि हत्या कहीं और की गई है और शव को यहां लाकर छोड़ा गया है। बाकी स्थिति पोस्टमॉर्टम के बाद स्पष्ट हो जाएगी।

**अर्श डल्ला का ऑडियो हुआ था वायरल**

7 महीने पहले आतंकी अर्श डल्ला का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह कमल कौर को धमकी देते हुए दिखा। उसने कहा था- ये लड़की सोशल मीडिया पर बड़ा गंद डालती है। पंजाब के युवा इसकी वजह से खराब हो रहा है। अगर इनके परिवार में एक भी मर जाएगा तो काई फर्क नहीं पड़ेगा। कोई तूफान नहीं आएगा।

## '5000 दो, केस से नाम हटा दूंगा'

### मजदूर की शिकायत पर दिल्ली पुलिस के एएसआई के खिलाफ ऐसे बिछाया गया जाल

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की सतर्कता इकाई ने गोविंदपुरी थाने में तैनात एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) को आपराधिक मामले से एक परिवार का नाम हटाने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह जानकारी दी। सतर्कता इकाई ने एक बयान में कहा कि एएसआई सुशील शर्मा को एक चाय विक्रेता के साथ गिरफ्तार किया गया, जो रिश्वत लेने में उसका सहयोगी था। गोविंदपुरी क्षेत्र में रहने वाले दिहाड़ी मजदूर शिकायतकर्ता ने पहले एएसआई को 5,000 रुपये का भुगतान किया था। एएसआई शिकायतकर्ता के परिवार से जुड़े झगड़े और हमले के एक मामले की जांच कर रहा था। बयान में कहा गया है, ''जब शर्मा ने जांच से उनके नाम हटाने के लिए कथित तौर पर 5,000 रुपये की अतिरिक्त मांग की, तो उस व्यक्ति ने सतर्कता इकाई से संपर्क किया।'' इसके बाद जाल बिछाया गया और शिकायतकर्ता ने शर्मा के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस थाने के पास एक चाय विक्रेता को रिश्वत की रकम सौंप दी। बदले में विक्रेता ने पुलिस थाने के अंदर शर्मा को यह नकली नोट सौंप दिया। लेन-देन पर नजर रख रही टीम ने एएसआई और चाय विक्रेता दोनों को पकड़ लिया। सतर्कता इकाई ने बताया कि रिश्वत की रकम शर्मा की जेब से बरामद की गई। ऐसा ही एक और रिश्वत का मामला राजस्थान से भी सामने आया है,

## कूनो, गांधीसागर के बाद चीतों का मप्र में तीसरा ठिकाना

**नौरादेही अभयारण्य में 30 किमी एरिया में रहेंगे चीते, एनटीसीए ने तय किया क्षेत्र**

भोपाल, 12 जून (एजेंसियां)। प्रदेश में चीतों का तीसरा ठिकाना सागर जिले का नौरादेही अभयारण्य बनेगा। कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के बाद यहां चीतों की बसाहट के लिए वन विभाग की टीम काम में जुट गई है। इसको लेकर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की एक टीम मई में अभयारण्य का विजिट कर चुकी है और इस टीम ने अभयारण्य के दायरे में आने वाले मोहली, झापा और सिंगपुर की तीन श्रेणियों में फैले 30 किलोमीटर के क्षेत्र को चीतों के लिए तैयार करने का फैसला किया है। सागर और दमोह जिलों के पठारी इलाके में स्थित नौरादेही अभयारण्य साल, सागौन, महुआ, बांस और बेल के पेड़ों से भरा एक पर्णपाती जंगल है, यहां घास के मैदान हैं जो शाकाहारी जानवरों के लिए उत्तम चारागाह है। यहां मृग और जंगली सुअर जैसे अन्य जानवरों सहित पर्याप्त शिकार है।

## फेरों से पहले दुल्हन बोली- मैं नहीं नहाऊंगी

### देवर को हुआ शक, फिर खुला ऐसा राज कि टूट गए दूल्हे के अरमान

तिरुवनंतपुरम, 12 जून (एजेंसियां)। केरल के तिरुवनंतपुरम में एक युवक ने मैट्रीमोनियल पर शादी के लिए लड़की को पसंद किया। लड़की का नाम रेश्मा था। दोनों ने पहले फोन पर बात की फिर शादी के लिए लड़की ने भी हामी भर दी। शादी का तारीख आई। दूल्हा अपनी शादी को लेकर बहुत उत्साहित था, लेकिन उसके साथ फिर कुछ ऐसा हुआ कि जिससे अब वो ताउम्र शादी के नाम से भी डरेगा। दरअसल, शादी होने ही वाली थी कि फेरों से पहले स्नान की रस्म के लिए लड़की को लाया गया। लेकिन लड़की ने ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया। केरल में शादी से पहले नहाने की रस्म को ‘नहानम’ या स्नान समारोह के रूप में जाना जाता है। यह हिंदू विवाह परंपराओं का हिस्सा है। यह रस्म दुल्हन और दूल्हे दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, जो शादी से पहले शुद्धिकरण का प्रतीक है। शक होने पर रेश्मा के सामान की तालाशी ली गई तो पता चला कि वो करीब 12 से ज्यादा शादियां पहले ही कर चुकी है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि रेश्मा एक दशक में 12 से ज्यादा शादियां कर चुकी है। हर बार वो शादी के बाद गहने व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो जाती थी। रेश्मा एर्नाकुलम के उदयमपेरूर की रहने वाली है। इससे पहले उसकी जितनी भी शादियां हुईं वो भी मैट्रीमोनियल साइट्स के जरिए ही हुई। वह फिल्मी कहानियां सुनाकर पुरुषों को शादी के लिए राजी करती और शादी के बाद सोने के गहने और पैसे लेकर फरार हो जाती। पुलिस जांच में पता चला कि रेश्मा का दो साल का एक बच्चा भी है। जानकारी के मुताबिक, शादी के आयोजन और भोज की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं।

## गोवा में 11, 13 और 15 साल की तीन लड़कियों से रेप

### बर्थडे मनाने आई थीं; गेस्ट हाउस मालिक और मैनेजर सहित 4 अरेस्ट



पणजी, 12 जून (एजेंसियां)। उत्तर गोवा जिले के एक गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने गेस्ट हाउस के मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार एक ही इमारत में रहने वालीं 11, 13 और 15 वर्ष की उम्र की इन लड़कियों से सात और आठ जून को कलंगुट इलाके में स्थित गेस्ट हाउस में दो लोगों ने दुष्कर्म किया था। अधिकारियों के मुताबिक, ये पांचों एक साथ गेस्ट हाउस में ठहरने के लिए पहुंचे थे। इनमें दो बड़ी लड़कियां बहनें हैं।

पीड़ित लड़कियों के परिजनों ने 8 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि लड़कियां एक दिन पहले से लापता हैं। पुलिस ने कई टीमें गठित कीं और उसी दिन लड़कियों को गेस्ट हाउस से सुरक्षित निकालते हुए दो युवकों 19 साल के अल्ताफ मुझावर और 21 साल के ओम नाइक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने होटल में एंट्री का रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों को सबूत के तौर पर इकट्ठा कर लिया है।

**गेस्ट हाउस मालिक और मैनेजर को क्यों किया अरेस्ट?**

पुलिस अधीक्षक राहुल गुप्ता ने बताया कि गेस्ट हाउस के मालिक रजत चौहान (31) और मैनेजर मंसूर पीर (35) को बुधवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें नाबालिग लड़कियों को उनके माता-पिता की सहमति और सत्यापन के बिना गेस्ट हाउस में ठहराने, कानून का उल्लंघन करने और अपराध को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**ईद और बर्थडे पार्टी पर रूम बुक था**

गोवा पुलिस ने बताया कि आरोपी और पीड़ित सभी लोग दोस्त हैं। एक होटल में ईद और बर्थडे पार्टी करने के लिए रूम बुक किए गए थे। ये सभी बर्थडे मनाने आए थे। तभी मौके का फायदा उठाकर दोस्तों ने अपनी ही दोस्तों को हवस का शिकार बना लिया और लड़कियों के साथ जबरन रेप किया गया।

**गेस्ट हाउस सील, रद्द होगा लाइसेंस**

पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम और गोवा बाल अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने कहा, हम गेस्ट हाउस को सील कर रहे हैं और इसका लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है। अगर गेस्ट हाउस मैनेजर और मालिक किसी बच्चे को उसके परिवार या परिजनों की अनुपस्थिति में कमरा देते हैं तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## ‘गरीब विरोधी भाजपा सरकार’

### बुल्डोजर कार्रवाई के खिलाफ आप देगी धरना

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार द्वारा राजधानी में झुग्गियों पर की जा रही बुल्डोजर की कार्रवाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। इस दौरान आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार को गरीब विरोधी बताया है। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बताया कि आने वाले 29 जून को जंतर मंतर पर आम आदमी पार्टी दिल्ली के झुग्गीवासियों के साथ मिलकर विशाल धरना प्रदर्शन करेगी और उनकी आवाज बुलंद करेगी। सौरभ भारद्वाज ने सभी झुग्गीवासियों को हर हाल में इस आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए जंतर मंतर पर पहुंचने की अपील की है।

इसमें पार्टी के कई बड़े नेता भी शामिल होंगे। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि अपने वादे के मुताबिक भाजपा सरकार पहले इन गरीबों को ‘जहां झुग्गी-वहां मकान’ दें, उसके बाद इनके घरों पर बुल्डोजर चलाएं।

**बुल्डोजर से साफ की जा रही झुग्गियां**

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार आई है, एक-एक कर बड़ी-बड़ी झुग्गियों को बुल्डोजर से साफ किया जा रहा है। बवाना के रोहिणी सेक्टर 22 में एक झुग्गी झोपड़ी क्लस्टर था। एक माह पहले सुबह करीब 11 बजे उस झुग्गी में आग लग जाती है। उस आग में दो मासूम बच्चे जिंदा जलकर मर गए। जनता को उम्मीद थी कि दिल्ली सरकार से कोई मंत्री, मुख्यमंत्री आएगा और उन्हें आश्वासन देगा, लेकिन कोई नहीं आया। शाम को हम लोग उस झुग्गी में पहुंचे तो झुग्गीवालों ने बताया कि उनके पास भाजपा का स्थानीय विधायक, मंत्री कोई नहीं आया।

# ईरान पर इजराइल हमले की तैयारी में

## ट्रम्प ने मिडिल–ईस्ट से गैर–जरूरी स्टाफ हटाया बोले– खामनेई को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे

वॉशिंगटन, 12 जून (एजेंसियां)। इजराइल, ईरान पर हमले के लिए पूरी तरह तैयार है। उसने अमेरिका को इसके बारे में बता दिया है। यह जानकारी सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है।

अमेरिका को आशंका है कि अगर इजराइल ने हमला किया, तो ईरान बदले में इराक में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना सकता है। यही वजह है कि अमेरिका ने बुधवार को मिडिल-ईस्ट से कुछ अमेरिकी नागरिकों और अधिकारियों को निकालने का फैसला किया। अमेरिकी विदेश विभाग ने इराक में तैनात गैर-जरूरी सरकारी अधिकारियों को लौटने का आदेश दे दिया है, क्योंकि वहां तनाव बहुत बढ़ गया है। इस बीच, मिडिल-ईस्ट में ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ अभी भी ईरान के साथ परमाणु कार्यक्रम पर छठे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। यह बातचीत कुछ ही दिनों में होनी है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि अमेरिका मिडिल-ईस्ट के कुछ देशों से अपने सैनिकों को हटा रहा है, क्योंकि वहां हालात खतरनाक हो सकते हैं।

ट्रम्प ने कहा, हमने नोटिस दे दिया है कि सैनिकों को हटाया जाए। ये इलाके खतरनाक बन सकते हैं, आगे क्या होता है, देखते हैं।

इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय और सेना ने यह साफ किया था कि इस क्षेत्र से गैर-जरूरी स्टाफ और उनके परिवार को हटा दिया जाएगा, ताकि किसी बड़े संकट की स्थिति में नुकसान से बचा जा सके।

ईरान के विदेश मंत्री और वरिष्ठ राजनयिक अब्बास अराघची ने बुधवार को यूरोपीय देशों को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान के खिलाफ परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी तरह का प्रस्ताव पास करते हैं, तो ईरान उसकी कड़ी प्रतिक्रिया देगा। यह बयान आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की जून बैठक से पहले आया है।

अमेरिका और इजराइल लगातार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। दरअसल ईरान कई सालों से परमाणु तकनीक पर काम कर रहा है। उसका दावा है कि वह इस तकनीक का इस्तेमाल सिर्फ बिजली बनाने और मेडिकल साइंस में कर रहा है। लेकिन अमेरिका और इजराइल को शक है कि ईरान चोरी-छिपे परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है।

अमेरिका को डर है कि अगर ईरान के पास परमाणु बम आ गया, तो वह खाड़ी देशों, इजराइल और अमेरिकी ठिकानों के लिए बड़ा खतरा बन जाएगा। इसलिए अमेरिका नहीं चाहता कि ईरान इस दिशा में आगे बढ़े।

2015 में अमेरिका ने ईरान और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर जेसीपीओए (जाइंट काम्प्रीहेनसिव प्लान आफ एक्शन) नाम की एक परमाणु डील की थी। इसके तहत ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगानी थी, और बदले में उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटाए गए थे।

# भारत के पड़ोस में चीन की बड़ी सफलता

## 'दो नंबर' तरीका अपनाकर जमीन में दबे खजाने पर जमाया कब्जा, दिल्ली की बढ़ेगी टेंशन

नेपीडा, 12 जून (एजेंसियां)। गृहयुद्ध से जूझ रहे म्यांमार के दुर्लभ खनिज तत्वों की खदानों (रेयर अर्थ माइन) पर चीन अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। चीन इसके लिए सीधेतौर पर म्यांमार में दखल ना देकर विद्रोही गुटों का इस्तेमाल कर रहा है। पूर्वी म्यांमार में चीनी के समर्थन वाली एक मिलिशिया यूनाइटेड वा स्टेट आर्मी (यूडब्ल्यूएसए) ने रेयर अर्थ माइन पर नियंत्रण किया हुआ है और उसके लड़ाके खदानों की सुरक्षा कर रही है। चीन के कठपुतली इस गुट के लड़ाकों की देखरेख में खदानों से कीमती दुर्लभ धातुएं निकाली जा रही हैं। इसका बड़ा आर्थिक फायदा चीन को मिल रहा है। वहीं म्यांमार में जिस तरह से चीन की आर्थिक और सैन्य दखल बढ़ रही है, वह भारत के लिए क्षेत्र की रणनीति के लिहाज से चुनौती बढ़ाने वाला हो सकता है। साथ ही वैश्विक व्यापार के लिहाज से भी नुकसान कर सकता है।

रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि म्यांमार की खदानों से निकाली जा रही धातुओं का इस्तेमाल चीन विश्व व्यापार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कर रहा है। कुछ समय पहले एक सशस्त्र गुट के उत्तरी म्यांमार के खनन क्षेत्र पर कब्जा करने के बाद चीन की आपूर्ति में कमी आई थी। इस कमी को पूरा करने के लिए चीन ने पूर्वी म्यांमार के शान राज्य में नई खदानों पर नियंत्रण किया है। यूडब्ल्यूएसए मिलिशिया समूह इन खदानों की सुरक्षा कर रहा है। यूडब्ल्यूएसए को लंबे समय से चीन से समर्थन मिलता रहा है।




दुर्लभ पृथ्वी धातुओं (रेयर अर्थ मेटल) का इस्तेमाल पवन टर्बाइन, मेडिकल उपकरण और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे महत्वपूर्ण सामान बनाने में होता है। चीन इन धातुओं के लिए म्यांमार पर निर्भर है। इस साल के पहले चार महीनों में चीन के लगभग आधे आयात म्यांमार से ही हुए थे। पूर्वी म्यांमार के शान राज्य की पहाड़ियों के बीच क खदानों में कम से कम 100 लोग दिन-रात काम कर रहे हैं। ये पहाड़ों की खुदाई और रसायनों का उपयोग करके खनिज निकाल रहे हैं।

म्यांमार के इस क्षेत्र के दो निवासियों ने बताया कि उन्होंने ट्रकों को खदानों से सामग्री ले जाते देखा है। ये ट्रक मंग हसत और मंग युन शहरों के बीच से गुजरते हुए 200 किलोमीटर दूर चीनी सीमा की ओर गए। रॉयटर्स ने वाणिज्यिक सैटेलाइट प्रदाताओं, प्लैनेट लैब्स और मैक्सार टेक्नोलॉजीज से मिली तस्वीरों का इस्तेमाल करके कुछ खदान स्थलों की पहचान की है। इनसे पता चलता है कि यूडब्ल्यूएसए को मोहरा बनाकर चीन म्यांमार की कीमतें धातु ले जा रहा है।

चीन की खदानों की सुरक्षा यूनाइटेड वा-स्टेट आर्मी (यूडब्ल्यूएसए) गुट कर रहा है। यूडब्ल्यूएसए शान राज्य के सबसे बड़े सशस्त्र समूहों में से एक है। यह गुट दुनिया की सबसे बड़ी टिन खदानों में से एक को भी नियंत्रित करता है। यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस का कहना है कि इस समूह के चीन के साथ लंबे समय से व्यावसायिक और सैन्य संबंध रहे हैं। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के लेक्चरर पैट्रिक मीहान ने म्यांमार के दुर्लभ पृथ्वी उद्योग पर रिसर्च की है।

# मोहम्मद यूनुस सरकार में बांग्लादेश भीड़ के हवाले

## अब गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पूर्वजों की हवेली में भारी तोड़फोड़, तनाव



ढाका, 12 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश के सिराजगंज जिले के शाहजादपुर क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर कचहरीबाड़ी में भीड़ ने तोड़फोड़ की है। रवींद्र कचहरीबारी पर मंगलवार को भीड़ ने हमला करते हुए इसको नुकसान पहुंचाया। भीड़ ने सभागार और विरासत स्थल के दूसरे हिस्सों को निशाना बनाया। इससे इमारत की खिड़कियों के शीशे, दरवाजे और फर्नीचर को नुकसान हुआ। घटना के बाद पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने साइट को बंद करते हुए मामले की जांच के लिए पैनल का गठन कर दिया है। टैगोर के पूर्वजों की इस निशानी पर हमला ऐसे समय हुआ है, जब बांग्लादेश में भीड़ की हिंसा बढ़ रही है। खासतौर से ऐसे स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, जिनका भारत से संबंध रहा है। मोहम्मद यूनुस के सरकार में आने के बाद ये घटनाएं लगातार हो रही हैं।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, इस घटना की वजह आगंतुक और रवींद्र कचहरीबारी कर्मचारियों के बीच मोटरसाइकिल पार्किंग शुल्क को लेकर हुए विवाद बना। यहां आए कुछ लोगों में स्थानीय कर्मियों से विवाद हुआ और फिर इसने इसने बड़ा रूप ले लिया। भीड़ ने इस ऐतिहासिक इमारत में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इससे अफतातफरी का माहौल पैदा हो गया।

ऐतिहासिक स्थल पर हमले के सिलसिले में 50-60 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिसमें 10 नामजद किए गए हैं। बांग्लादेशी वेबसाइट न्यू एज की रिपोर्ट के अनुसार, 8 जून को शाहनवाज नाम का शख्स अपने परिवार के साथ कचहरीबारी गया था। मोटरसाइकिल पार्किंग शुल्क को लेकर उसकी कर्मचारी से बहस हो गई।

कर्मचारियों ने विवाद के बाद नवाज को कथित तौर पर एक कमरे में बंद कर दिया गया और उसे पीटा। घटना पर नाराजगी जताते हुए स्थानीय लोगों ने मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसी दौरान कुछ लोगों ने रवींद्र कचहरीबारी पर धावा बोल दिया। भीड़ ने हवेली के सभागार में तोड़फोड़ की और खिड़कियों के शीशे और फर्नीचर तोड़ दिए।

# पाकिस्तान ने अफगानों को अचानक देश छोड़ने का आदेश दिया

## 45 मिनट में समेटना पड़ा सामान

तोरखम, 12 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान में रह रहे अफगानों को अचानक एक आदेश मिला। आदेश बहुत साफ और स्पष्ट था- आपको अपना सामान पैक करने और पाकिस्तान हमेशा के लिए छोड़ने के लिए सिर्फ 45 मिनट मिलेंगे। इस आदेश के बाद पाकिस्तान में रह रहे अफगानों जैसे दुनिया ही पलट गई।

पाकिस्तान में रहने वाले 42 वर्षीय शेर खान ने बताया कि वह वहां एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। जब वह काम से घर लौटा, तो दरवाजे पर सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी खड़े थे। उन्हें देखकर वह सोच में पड़ गया। उसे बताया गया कि 45 मिनट में पाकिस्तान छोड़ने का आदेश है। यह सुनते ही उसकी दुनिया पलट गई। उसने और उसकी पत्नी ने अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान और कपड़े समेट लिए, बाकी सबकुछ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में अपने घर पर छोड़ दिया। खान का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। वह उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर कार्रवाई के लिए अक्तूबर 2023 में अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक पाकिस्तान छोड़ चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि अब भी लाखों लोग वहां रह रहे हैं। वह चाहता है कि वे सभी लोग चले जाएं।

शेर खान अब अफगान सीमा के पार तोरखम में बने एक शरणार्थी शिविर में हैं। उन्होंने बताया कि हम अपना सारा सामान पीछे छोड़ आए। सालों से जो कुछ भी इज्जत के साथ कमाया था, वो सब वहीं रह गया। उन्होंने बताया कि हम सिर्फ कपड़े और कुछ जरूरी चीजें लेकर निकले। उन्हें डर था कि अगर वह देर करते हैं तो उनकी पत्नी और बच्चों को पुलिस पकड़ लेगी।

# बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस की 20 दिन में दूसरी इंटरनेशनल बेइज्जती

## लंदन में रहते हुए भी ब्रिटिश पीएम ने कर दिया मिलने से इनकार



लंदन, 12 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड मोहम्मद यूनुस को ब्रिटेन में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने यूनुस से मिलने से इनकार कर दिया है। ये तब हुआ है, जब यूनुस लंदन में ही हैं। शेख हसीना के समय कथित तौर पर विदेश भेजे अरबों डॉलर की वसूली के प्रयासों के लिए समर्थन जुटाने के लिए यूनुस लंदन की यात्रा पर हैं। उन्होंने स्टार्मर से मिलने का वक्त मांगा था लेकिन उनको इसके लिए समय नहीं मिल पाया। करीब तीन हफ्ते में ये दूसरी बार है, जब किसी बड़े नेता ने यूनुस से मिलने से इनकार किया है। बीते महीने ही फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मोहम्मद यूनुस के साथ द्विपक्षीय बैठक करने से इनकार किया था।

यूनुस ने बताया है वह कि ब्रिटेन को बांग्लादेश की नई सरकार को पिछली सरकार के चुराए धन को ट्रैक करने में नैतिक मदद करनी चाहिए।

यूनुस का कहना है कि शेख हसीना के समय बांग्लादेश को 'लूटने' वाले ज्यादातर लोग अब यूके में है। वह इन लोगों को पकड़ने में ब्रिटिश सरकार की मदद चाहते है। यूनुस ने कहा कि कीर स्टार्मर ने फिलहाल उनसे मिलने के लिए सहमति नहीं दी है लेकिन उनको उम्मीद है कि स्टार्मर उनकी सरकार के प्रयासों का समर्थन करेंगे।

**'यूनुस से मिलने की योजना नहीं'**

यूके सरकार के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पीएम कीर स्टार्मर की फिलहाल मोहम्मद यूनुस से मिलने की कोई योजना नहीं है। ब्रिटिश सरकार के अधिकारियों ने यूनूस के बांग्लादेशियों को ट्रैक करने जैसी किसी योजना में समर्थन की बात पर कोई टिप्पणी करने से भी इनकार कर दिया। दूसरी ओर यूनुस ने कई बार दोहराया है कि उनको मदद मिलने की उम्मीद है।

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मस्क की माफी स्वीकार की

## मस्क बोले थे– पछतावा है, उपराष्ट्रपति वेंस ने लड़ाई खत्म करने की पहल की थी

वॉशिंगटन, 12 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मस्क की माफी को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को प्रेस को बताया कि- राष्ट्रपति ने मस्क की पोस्ट को सराहा। हम अब अमेरिकी जनता पर ध्यान दे रहे हैं। मस्क ने 9 जून की रात ट्रम्प से फोन पर बात की थी। इससे पहले 6 जून को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स ने मस्क से फोन पर बात की थी। इस बातचीत में वेंस ने मस्क से विवाद खत्म करने की पहल की थी। दरअसल, मस्क ने डोनाल्ड ट्रम्प से बहस को लेकर खेद जताया था। उन्होंने 11 जून को इसे लेकर एक सोशल मीडिया X पर एक पोस्ट किया था।

मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है। उन्होंने लॉस एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई। इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया।

ट्रम्प ने कहा, हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। मस्क पहले ट्रम्प के खिलाफ की गई अपनी कुछ पुरानी पोस्ट हटा चुके हैं। उन पोस्ट में ट्रम्प का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा ट्रम्प के महाभियोग की भी मांग की थी। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जून को कहा था कि उनका इलॉन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। ट्रम्प ने मस्क को चेतावनी दी थी कि अगर विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

# कनाडा पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी

## भारतीय मूल के 7 लोग गिरफ्तार, दावा– पैसे का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों में होता था

ओटावा, 12 जून (एजेंसियां)। कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है।

टीओआई की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था।





6 जून तक मामले में गिरफ्तार गए किए भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह (27) और जॉर्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं।

इनके अलावा 2 अन्य आरोपी मिसिसॉगा के हाओ टॉमी हुइन्ह (27) और हैमिल्टन के फिलिप टेप (39) को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस ने बताया कि इन सभी पर हथियार और ड्रग्स से जुड़े कुल 35 आरोप लगाए गए हैं। पील पुलिस ने कहा, गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है।

ओंटारियो के सॉलिसिटर जनरल माइकल एस. कर्जर ने कहा कि प्रोजेक्ट पेलिकन इस बात का सबूत है कि सही संसाधनों के साथ पुलिस हमारे समाज को सुरक्षित रख सकती है।

टीओआई की एक रिपोर्ट में कनाडा की पुलिस के हवाले से बताया गया है कि, यह नेटवर्क अमेरिका से कनाडा तक कमर्शियल ट्रकिंग रूट्स का इस्तेमाल कर कोकीन की तस्करी करता था।

इसका मैक्सिकन कार्टेल्स और अमेरिका के ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स से संबंध था। ड्रग तस्करी से मिले पैसे भारत विरोधी गतिविधियों, जैसे विरोध प्रदर्शन, जनमत संग्रह और हथियारों की फंडिंग के लिए इस्तेमाल हो रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस नेटवर्क को समर्थन दे रही थी, जो मैक्सिकन कोकीन और अफगान हेरोइन की तस्करी में शामिल था।

ये जांच जून 2024 में शुरू हुई थी। जिसमें कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) और अमेरिकी ड्रग इन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन की मदद से कई लोग, ट्रैकिंग कंपनियां और स्टोरेज साइट्स की पहचान की गई।

# अहमदाबाद में दुर्घटना के दृश्य विनाशकारी हैं

## हादसे पर पीएम कीएर स्टार्मर ने जताया दुख



लंदन, 12 जून (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर ब्रिटिश पीएम कीएर स्टार्मर ने शोक जताया है। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में ब्रिटिश पीएम कीएर स्टार्मर ने लिखा- लंदन जाने वाले विमान, जिसमें कई ब्रिटिश नागरिक सवार थे, के भारतीय शहर अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने के दृश्य विनाशकारी हैं। मुझे हालात के बारे में लगातार जानकारी दी जा रही है, और इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं। गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जब एअर इंडिया की एक लंदन जा रही अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के समय विमान में लगभग 230 यात्री सवार थे, जिनमें बड़ी संख्या में ब्रिटिश नागरिक भी शामिल थे। एयरपोर्ट प्रशासन और एयर इंडिया के अनुसार, हादसे में किसी यात्री की मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

# अमेरिका हिंसा- चोरी हुए आईफोन चोरों को दे रहे चेतावनी

## कृपया फोन वापस करें, ये ट्रैक हो रहा है, खुद लॉक हो गए फोन

लॉस एंजिलिस, 12 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में हाल ही में हुई हिंसक झड़पों और दंगों के दौरान उपद्रवियों ने एपल स्टोर से बड़ी संख्या में आईफोन चोरी किए। लेकिन अब ये चोरी किए गए आईफोन खुद से चेतावनी देने लग गए हैं। इन फोन्स की स्क्रीन पर लिखा आ रहा है कृपया फोन एपल स्टोर में वापस करें। यह डिवाइस लॉक कर दी गई है और ट्रैक हो रही है। यह घटना लॉस एंजेलिस के डाउनटाउन इलाके में हुई। जहां अप्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुआ था। लेकिन कुछ ही घंटों में प्रदर्शन हिंसक हो गया और दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट शुरू हो गई। एपल ने पहले से ही अपने स्टोर्स में रखे डेमो आईफोन्स में खास सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर रखा है। ये सॉफ्टवेयर फोन चोरी होते ही उसे लॉक कर देता है, ट्रैक करने लगता है और एक चेतावनी संदेश दिखाता है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, एपल ने यह सुरक्षा फीचर सिर्फ स्टोर में रखे डेमो फोनों के लिए बनाया है। यह फीचर आम ग्राहकों के फोन में नहीं होता है। एपल इस तकनीक को सालों से इस्तेमाल कर रहा है ताकि स्टोर से चोरी रोकी जा सके। जैसे ही कोई डेमो फोन स्टोर से बाहर ले जाया जाता है, वह खुद-ब-खुद लॉक हो जाता है और ट्रैकिंग चालू हो जाती है। सोशल मीडिया पर इन फोन्स की चोरी से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं। इनमें कुछ लोगों ने एपल स्टोर से फोन चुराए, लेकिन फोन चालू करते ही स्क्रीन पर चेतावनी दिखने लगी और फोन काम करना बंद कर गया। अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में चोरी और लूटपाट की घटनाएं लगातार सामने आई हैं। मंगलवार को नकाबपोश दंगाइयों ने एक मॉल में स्थित जारा स्टोर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग जारा स्टोर के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसते और सामान लूटते दिखे।

# शेख हसीना का आरोप-यूनुस को आतंकियों का साथ

## रोहिंग्या कॉरिडोर के बहाने अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप बेचने की साजिश

नई दिल्ली/ढाका, 12 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यूनुस को आतंकियों का समर्थन प्राप्त है और वह देश की संप्रभुता को खतरे में डाल रहे हैं।

हसीना की तरफ से फेसबुक पर जारी किए गए बयान में कहा गया कि यूनुस के शासन में देश में अपराध और हिंसा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं शहरों में सुरक्षित महसूस नहीं करतीं और त्योहारों पर लोग गांव जाने से डरते हैं, क्योंकि आतंकियों का डर बना रहता है। शेख हसीना ने यह भी दावा किया कि यूनुस 2026 में चुनाव कराने की बात कहकर बांग्लादेश की जनता के साथ अप्रैल फूल जैसा मजाक करना चाहते हैं।



हसीना ने कहा कि मोहम्मद यूनुस संयुक्त राष्ट्र के एक पुराने सुझाव को लेकर रोहिंग्या कॉरिडोर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए बांग्लादेश का सेंट मार्टिन द्वीप बेचा जा सकता है और समुद्र तक देश की पहुंच खतरे में पड़ सकती है। हसीना ने चेतावनी दी कि यह कॉरिडोर देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है और विदेशी ताकतें इसका फायदा उठा सकती हैं। सेना प्रमुख ने भी इसे खूनी कॉरिडोर बताया था और कहा था कि इस पर कोई फैसला केवल चुनी हुई सरकार ही ले सकती है। हसीना ने दावा किया कि अगर वह अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप और बंगाल की खाड़ी सौंप देतीं, तो आज भी सत्ता में होतीं। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि वह देश की संप्रभुता से समझौता नहीं कर सकतीं। हसीना ने यह भी आरोप लगाया कि यूनुस रोहिंग्या शरणार्थियों की समस्या को नहीं सुलझा पा रहे हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।





# विमान हादसे के बाद 'राणा नायडू 2' की स्क्रीनिंग रद्द, सलमान के इवेंट पर भी पड़ा था असर

अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास एअर इंडिया विमान भीषण हादसे का शिकार हुआ है। दर्दनाक हादसे के बाद विचलित करने वाला मंजर सामने आया है। हर कोई स्तब्ध है और प्रभावितों के परिवारों के लिए दुआ कर रहा है। फिल्मी सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी है। हादसे की खबर आने के बाद नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'राणा नायडू सीजन 2' की स्क्रीनिंग रद्द कर दी गई है।

**कैंसिल हुई 'राणा नायडू 2' की स्क्रीनिंग**

नेटफ्लिक्स की चर्चित वेब सीरीज 'राणा नायडू' का दूसरा सीजन 13 जून को रिलीज हो रहा है। आज 12 जून गुरुवार को इसकी स्क्रीनिंग होनी थी। मगर, अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास हुए भीषण विमान हादसे के बाद सीरीज की आज होने वाली स्क्रीनिंग अब कैंसिल कर दी गई है।



**नेटफ्लिक्स टीम के सदस्य ने दी जानकारी**

सीरीज की स्क्रीनिंग रद्द करने का फैसला अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की घटना के कारण लिया गया है। यह खास स्क्रीनिंग आज शाम को मुंबई के चित्रा सिनेमा, दादर में होनी थी। शो के लीड एक्टर राणा दग्गुबाती और अन्य स्टारकास्ट इस इवेंट में शामिल होने वाले थे।नेटफ्लिक्स की टीम के एक सदस्य ने जानकारी दी कि देश में जो हादसा हुआ है, उसे देखते हुए हमने यह स्क्रीनिंग कैंसिल कर दी है।

'राणा नायडू 2' की स्क्रीनिंग के अलावा सलमान खान ने भी आज गुरुवार को होने वाला अपना इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग का इवेंट कैंसिल कर दिया है। भीषण विमान हादसे के बाद सलमान खान की टीम ने यह इवेंट रद्द करने का फैसला लिया। करीबी सूत्रों के अनुसार, जैसे ही सलमान को हादसे की जानकारी मिली, उन्होंने कहा कि 'आज कुछ प्रमोट करना या मुस्कराना शोभा नहीं देता'।

# 'कचरे के ढेर में किया लगातार 6 घंटे काम', रश्मिका ने बताया 'कुबेर' की शूटिंग से जुड़ा अनुभव

धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' का आज सॉन्ग लॉन्च इवेंट हुआ। इस दौरान फिल्म के सितारे पहली बार मुंबई में एक साथ नजर आए। इस खास मौके पर नागार्जुन अक्किनेनी, धनुष, रश्मिका मंदाना, जिम सरभ और दलीप ताहिल जैसे दिग्गज एक्टर्स ने शिरकत की। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित और सह-लिखित 'कुबेर' एक सोशल थ्रिलर है। इस दौरान अभिनेत्री रश्मिका मंदाना से फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया।

**रश्मिका ने बताया क्यों किया फिल्म को हां**

रश्मिका मंदाना ने डायरेक्टर शेखर कम्मुला और को-स्टार धनुष के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि मैं शेखर सर और धनुष के साथ काम करना चाहती थी। यही वजह थी कि मैंने इस फिल्म के लिए हां कह दी।

**मैंने कभी नहीं निभाया ऐसा किरदार'**

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए रश्मिका ने कहा, 'कभी आपको गीतांजलि (फिल्म एनिमल का किरदार) बनना होता है, तो कभी शिवल्ली (फिल्म पुष्पा का किरदार) और कभी यह किरदार। यकीनन मैंने ऐसा रोल पहले कभी नहीं किया। मैं पूरी तरह से डायरेक्टर के हवाले हो गई और यही खूबसूरती है। हर डायरेक्टर का अपना अंदाज होता है, इसीलिए मुझे इतने दिलचस्प और अलग-अलग किरदार निभाने को मिलते हैं। मैं इसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।'



**डंपयार्ड में 6 घंटे की शूटिंग का अनुभव किया शेयर**

रश्मिका ने फिल्म के सबसे चैलेंजिंग मोमेंट के बारे में बताते हुए कहा, 'एक्टर के तौर पर मेरे लिए सबसे यादगार अनुभव था डंपयार्ड (कचरे के ढेर) में 6 घंटे तक शूटिंग करना। यह हमें वापस अपनी जड़ों से जोड़ता है और एक आई-ओपनर भी था। शेखर सर रियल लोकेशन्स पर शूट करना पसंद करते हैं। कैमरा पकड़कर भागते हुए शॉट्स लेते हैं। हम तो मॉनिटर तक नहीं देख पाते थे, लेकिन उनका मास्टरपीस देखने लायक होगा।'

**हार्टब्रेक पर एक नया नजरिया दिखाता है ये गाना**

रश्मिका ने फिल्म के नए गाने के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आमतौर पर हार्टब्रेक के गानों में हम लड़के के दर्द को देखते हैं, लेकिन यह गाना एक लड़की के नजरिए से है। यह दुख भरा जरूर है, लेकिन इसे एक फन वाले अंदाज में पेश किया गया है।'

**तारीफ सुनना खास है'**

रश्मिका ने अपने को-स्टार्स नागार्जुन और धनुष के लिए खास शब्द कहे। नागार्जुन के साथ दूसरी बार काम करने पर उन्होंने कहा, 'मुझे नाग सर के साथ काम करना बेहद पसंद है। यह मेरा उनके साथ दूसरा प्रोजेक्ट है। वो बिना किसी मेहनत के इतना बेहतरीन परफॉर्म करते हैं कि मैं हैरान रह जाती हूं। उन्होंने फिल्म देखी और मेरे किरदार की तारीफ की - यह मेरे लिए बहुत खास पल था।'

**'धनुष असल में 'कुबेर' हैं'**

धनुष के बारे में बात करते हुए रश्मिका ने कहा कि धनुष सर जो भी करते हैं, बड़ी आसानी से करते हैं। वह असल में 'कुबेर' हैं। हमें उनके 10% जितना बनने के लिए भी बहुत मेहनत करनी पड़ती है।'

**'मैं अभी सीख रही हूं'**

जब उनसे 'नंबर वन एक्ट्रेस' कहलाने के प्रेशर के बारे में पूछा गया, तो रश्मिका ने विनम्रता से जवाब दिया, 'मुझे लगता है कि मैंने अभी शुरुआत की है। मैं इस 'नंबर वन' वाले दबाव को समझती भी नहीं। मैं तो बस यह जानती हूं कि मैं अभी लर्निंग फेज में हूं। मैं साउथ, बॉलीवुड, हर जगह काम कर रही हूं और अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है।'

# विवादों में फंसी फिल्म 'सरदार जी 3', पाक एक्ट्रेस हानिया आमिर की मौजूदगी पर सवाल, बैन की मांग तेज

दिलजीत दोसांझ की अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। फिल्म के रिलीज से पहले ही विवादों में आ जाने से सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक चर्चाएं गर्म हैं। खासतौर पर इसमें शामिल पाकिस्तानी एक्ट्रेस की वजह से बवाल मच गया है।

**फिल्म को लेकर शुरू हुआ विरोध**

महाराष्ट्र के भाजपा चित्रपट कामगार आघाड़ी संघ ने इस फिल्म पर रोक लगाने की खुली मांग की है। उनका कहना है कि इस फिल्म में कई पाकिस्तानी कलाकारों को जगह दी गई है, जो देश की भावनाओं और सुरक्षा बलों के सम्मान के खिलाफ है। संघ ने साफ तौर पर कहा कि जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ खुले तौर पर नफरत फैलाता है, तब ऐसे में उसके कलाकारों को भारत में काम देना राष्ट्र के प्रति अनादर है। पैपराजी पेज ताहिर जासूस के



ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर इस बात की जानकारी दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर, नासिर चिन्योटी, डैनियल खावर और सलीम अलबेला जैसे नाम जुड़े हुए हैं। इन्हीं चेहरों को लेकर संघ ने कड़ा विरोध जताया है और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) से फिल्म को सर्टिफिकेट न देने की मांग की है।

**फिल्म के रिलीज पर रोक लगाने की मांग**

संघ ने अपने बयान में कहा कि जब देश के जवान सीमा पर शहीद हो रहे हैं और पाकिस्तान सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ जहर उगलता है, ऐसे में पाकिस्तान से किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक सहयोग न सिर्फ असंवेदनशील है बल्कि अपमानजनक भी है। संघ ने सरकार से मांग की है कि वो ऐसी फिल्मों को समर्थन न दे जो देश की गरिमा और राष्ट्रीय भावना को ठेस पहुंचाती हैं।

**फिल्म के रिलीज पर मंडराया संकट**

दिलचस्प बात ये है कि दिलजीत दोसांझ की पिछली दोनों 'सरदार जी' फिल्में काफी सफल रही थीं और दर्शकों ने उन्हें भरपूर प्यार दिया था। ऐसे में तीसरे पार्ट को लेकर भी फैंस में उत्साह था, लेकिन अब विवाद ने इस फिल्म के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फिलहाल, फिल्म की टीम की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन जिस तरह से विरोध तेज हो रहा है, उससे ये साफ है कि फिल्म की रिलीज को लेकर संकट गहराता जा रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर फिल्म को बगैर किसी कार्यवाही के रिलीज किया गया, तो वो व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

अब देखना होगा कि क्या फिल्म पर सरकार या सेंसर बोर्ड की तरफ से कोई एक्शन लिया जाता है या फिर फिल्म आसानी से थिएटर्स में रिलीज कर दी जाएगी।

# इंडी फिल्म फेस्टिवल में कटरीना कैफ को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

न्यूयॉर्क में इंडी फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड में कई भारतीय फिल्मों की प्रशंसा हुई और उन्हें सम्मानित किया गया। अभिनेत्री कटरीना कैफ को इंडी फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स - न्यूयॉर्क में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जानिए इसके अलावा किन फिल्मों और कलाकारों को मिले अवॉर्ड।

**'मेरी क्रिसमस' में कटरीना ने किया शानदार अभिनय**

कटरीना कैफ को उनकी फिल्म 'मेरी क्रिसमस' के लिए इंडी फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स - न्यूयॉर्क में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवॉर्ड से नवाजा गया। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कटरीना कैफ ने मेरी नाम की एक महिला का किरदार निभाया है। इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में कटरीना के शानदार अभिनय के लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया। फिल्म में कटरीना के साथ साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं।

**कार्तिक आर्यन बने बेस्ट एक्टर**

इंडी फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स में कई अन्य भारतीय फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। अन्य विजेताओं में कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' के लिए बेस्ट एक्टर (मेल) का अवॉर्ड मिला।

जबकि कबीर खान द्वारा निर्देशित 'चंदू चैंपियन' को ही बेस्ट फिल्म का भी अवॉर्ड मिला। इसके अलावा 'बिन्नी एंड फैमिली' ने बेस्ट फैमिली फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि सिद्धार्थ आनंद को 'फाइटर' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला।

**अभय वर्मा और अंजिनी धवन को मिला बेस्ट डेब्यूटेंट का अवॉर्ड**

इम्तियाज अली को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई उनकी फिल्म 'चमकीला' के लिए बेस्ट ओटीटी स्पेशल का अवॉर्ड मिला। वहीं डेब्यू कैटेगरी में अंजिनी धवन ने बिन्नी एंड फैमिली के लिए बेस्ट डेब्यूटेंट फीमेल का पुरस्कार जीता।

जबकि अभय वर्मा को 'मुंज्या' के लिए बेस्ट डेब्यूटेंट मेल का पुरस्कार मिला। अभिनेत्री प्रतिभा रांटा को 'लापता लेडीज' में उनके शानदार अभिनय के लिए राइजिंग स्टार के अवॉर्ड से नवाजा गया।



'मेरी क्रिसमस' में कटरीना ने किया शानदार अभिनय

# यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया में विक्की कौशल की 'नो एंट्री'

इस साल वैलेंटाइंस डे पर रिलीज हुई फिल्म 'छावा' की सफलता के बाद से अब तक इसके मुख्य कलाकार विक्की कौशल की कोई नई फिल्म घोषित नहीं हुई है। उनके पास इसके पहले से बन रही अब भी इकलौती फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' ही है। इस बीच उनके करीबियों ने फिल्म जगत में ये बात फैलानी शुरू कर दी है कि विक्की को यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स में एक बड़ा किरदार मिल गया है। लेकिन, 'अमर उजाला' की तहकीकात में सच्चाई कुछ और ही निकली है।

यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया की अगली फिल्म 'वॉर 2' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम इन दिनों जोरों पर है। बुधवार से फिल्म के मुख्य अभिनेताओं में से एक जूनियर एनटीआर ने अपनी डबिंग



भी शुरू कर दी है। इस बीच मुंबई के एक अंग्रेजी अखबार में विक्की कौशल के यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स में शामिल होने की जैसे ही 'खबर' छपी, पूरे हिंदी फिल्म जगत में इसे लेकर बड़ी हलचल शुरू हो गई।

विक्की कौशल की फीस एकाएक दोगुनी हो जाने की चर्चाएं भी हिंदी फिल्म जगत में बीते कुछ महीनों से चल रही हैं। इस बीच इस नई सुरसुरी ने सबके कान और खड़े कर दिए। इस बारे में 'अमर उजाला' ने तहकीकात की तो पता चला कि ये बात अभी तक सच नहीं है। यशराज फिल्म्स ने इस बारे में कोई आधिकारिक बयान वगैरह तो जारी नहीं किया है लेकिन उनकी जासूसी दुनिया से जुड़े फिल्म जगत के एक विश्वस्त सूत्र ने बताया कि ऐसा कोई डेवलपमेंट अभी तक यशराज फिल्म्स में नहीं हुआ है।

तहकीकात के दौरान ये भी पता चला कि खुद विक्की कौशल ने इस बारे में अपनी तरफ से फीलर्स यशराज फिल्म्स को भेजे हैं। लेकिन, अभी कंपनी का पूरा ध्यान अगस्त में रिलीज हो रही अयान मुकर्जी निर्देशित ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी अभिनीत 'वॉर 2' पर ही है और इसके रिलीज होने के तुरंत बाद आलिया भट्ट और शर्वरी की इसी जासूसी दुनिया की अगली फिल्म 'अल्फा' को रिलीज करने की तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'पठान 2' पर भी काम शुरू होने की चर्चाएं काफी दिनों से चलती रही हैं, लेकिन बताया जाता है कि शाहरुख खान के साथ अभी इस फिल्म की पटकथा पर बैठकें होनी बाकी हैं और ये फिल्म उनकी अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म 'किंग' की शूटिंग पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकेगी। इस बीच फिल्म 'वॉर 2' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी पकड़ चुका है और जानकारी के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने इस फिल्म में अपने हिस्से की डबिंग शुरू कर दी है।

# सिर्फ इस वजह से आशुतोष राणा ने रेणुका शहाणे से की शादी

बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा और अभिनेत्री रेणुका शहाणे बॉलीवुड के पसंदीदा कपल में से एक हैं। पर्दे पर काफी सख्त नजर आने वाले आशुतोष राणा ने रेणुका शहाणे से तीन साल डेटिंग के बाद शादी की है। अब कपल की शादी को 24 साल बीत चुके हैं और दोनों एक हैप्पी कपल की तरह रहते हैं। शादी के 24 साल बात अब रेणुका शहाणे ने अपनी शादी को लेकर एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि उन्होंने आशुतोष राणा से शादी क्यों की।

**बच्चों के लिए रेणुका शहाणे ने की शादी**

गौहर खान से उनके पोडकास्ट में बातचीत के दौरान रेणुका शहाणे ने बताया कि बेशक हम लोग डेट कर रहे थे, लेकिन शादी करने जैसा विचार किसी के मन में नहीं था। उन्होंने कहा, "हम दोनों अपने करियर में आगे बढ़ रहे थे और अपनी स्वतंत्र ज़िंदगी से संतुष्ट थे। शादी करना हमारे लिए एक कठिन संभावना थी। लेकिन मैंने शादी सिर्फ इसलिए की क्योंकि मैं



बच्चे चाहती थी। मैं बहुत खुश थी क्योंकि मैं हमेशा से अपने बच्चों को एक अच्छी परवरिश और परिवार देने की सोचती थी। राणा जी एक बहुत ही पारिवारिक व्यक्ति हैं। ऐसे में आप चाहते हैं कि आपके बच्चे का पिता भी ऐसा ही हो।"

**आशुतोष राणा ने मानी अपने गुरु की सलाह**

बातचीत के दौरान रेणुका शहाणे ने यह भी बताया कि आशुतोष राणा ने उनसे शादी क्यों की। अभिनेत्री ने कहा, "राणा जी ने मुझसे शादी अपने आध्यात्मिक गुरु के कारण की। गुरु जी ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था। जब हम डेटिंग कर रहे थे, तो उनके गुरुजी ने उनसे कहा कि मैंने तुम्हारे लिए एक बहू चुनी है। वह डर गए थे। यह व्यक्ति कौन है? उन्हें नहीं पता था कि गुरुजी केवल मेरे बारे में बात कर रहे थे। गुरुजी ने कहा कि वह एक अच्छी लड़की है, तुम्हें उसका हाथ मांगना चाहिए। इसके बाद उन्होंने मेरी मां को बताया कि वह मुझसे शादी करना चाहते हैं, जैसा कि उनके आध्यात्मिक गुरु ने सुझाव दिया था। मां हैरान रह गईं और उन्होंने सवाल किया कि क्या आप सच में प्यार रेणुका से प्यार करते हैं और इसलिए उससे शादी करना चाहते हैं या सिर्फ इसलिए क्योंकि उनके गुरु ने उन्हें ऐसा करने की सलाह दी है। इस पर उन्होंने कहा कि वो सच में मुझसे प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं।"

# वित्त-वाणिज्य





## ईरान या इजराइल किससे भारत लेता और देता है सबसे ज्यादा सामान? हर साल होता है अरबों का कारोबार



नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। ईरान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल उत्पादक और मिडिल ईस्ट में नंबर एक उत्पादक है. ईरान में बीते साल 2023 में 2023 में 2.4 मिलियन बैरल क्रूड ऑयल का हर दिन प्रोडक्शन हुआ था. तेल भंडार का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अपने उत्पादन का लगभग आधा कच्चा तेल ईरान दूसरे देशों को बेचता है और सबसे बड़ा खरीदार चीन है. ईरान में तेल की 10 बड़ी रिफाइनरी हैं, जिनमें से सिर्फ तीन से प्रति दिन 3,70,000 बैरल तेल का उत्पादन होता है. न केवल कच्चा तेल, बल्कि भारत ईरान से कई अन्य सामान भी आयात करता है और जंग के हालात में इन जरूरी सामानों के बिजनेस को लेकर भी चिंता बढ़ गई है. बता दें कि ईरान से कच्चे तेल के अलावा सूखे मेवे, केमिकल और कांच के बर्तन भारत आते हैं. वहीं भारत की ओर से ईरान पहुंचने वाले प्रमुख सामानों की बात करें, तो बासमती चावल का ईरान बड़ा आयातक है.

ईरान वित्त वर्ष 2014-15 से भारतीय बासमती चावल का दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश रहा है और वित्त वर्ष 2022-23 में 998,879 मीट्रिक टन भारतीय चावल खरीदा था. बासमती चावल के अलावा भारत ईरान को चाय, कॉफी और चीनी का भी निर्यात करता है. ईरान वित्त वर्ष 2014-15 से भारतीय बासमती चावल का दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश रहा है और वित्त वर्ष 2022-23 में 998,879 मीट्रिक टन भारतीय चावल खरीदा था. बासमती चावल के अलावा भारत ईरान को चाय, कॉफी और चीनी का भी निर्यात करता है. भारत का व्यापारिक भागीदार सिर्फ ईरान ही नहीं बल्कि इजरायल भी है. साल 2023 में भारत का इजरायल के साथ 89000 करोड़ रुपये का कारोबार रहा. भारत इजराइल को तराशे हुए हीरे, ज्वेलरी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग सामान सप्लाई करता है. वहीं इजरायल भारत को बड़ी मात्रा में सैन्य हथियार निर्यात करता है. स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों को देखें, तो बीते 10 साल में भारत में इजरायल से रडार्स, सर्विलांस और लड़ाकू ड्रोन और मिसाइल्स समेत करीब 3 अरब डॉलर के सैन्य हार्डवेयर का आयात किया गया है. रूस, फ्रांस, अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा हथियार इजरायल से भारत ही खरीदता है. हथियारों के अलावा भारत इजरायल से मोती, कीमती पत्थर, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, उर्वरक, रासायनिक उत्पादों का भी आयात करता है.

## कभी 'शून्य' पर सवार थे अनिल अंबानी, इन दो कंपनियों ने बदली ऐसी किस्मत कि बन गए 2025 के कमबैक किंग



बिजनेस की दुनिया में कमबैक की कहानियां हमेशा से दिलचस्प रही हैं. इस साल करीब 40 कंपनियों ने ऐसा कमाल किया कि घाटे से निकलकर मुनाफे की राह पर आ गईं. इनमें से कुछ कंपनियों ने तो अपने निवेशकों को 100% से ज्यादा रिटर्न दिया है. सबसे पहले बात करते हैं अनिल अंबानी की दो कंपनियों की, जिन्होंने इस साल सबको हैरान कर दिया.रिलायंस पावर ने तो जैसे जादू कर दिया. एफवाई24 में कंपनी को 2,242 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था, लेकिन एफवाई25 में ये कंपनी 2,947 करोड़ रुपये के मुनाफे में आ गई. यानी घाटे से मुनाफे तक का ऐसा उछाल कि निवेशकों को पिछले एक साल में 151% का शानदार रिटर्न मिला.इसी तरह, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने भी कमाल दिखाया. एफवाई24 में 1,148 करोड़ रुपये का घाटा झेलने वाली इस कंपनी ने एफवाई25 में 9,177 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया. यानी इतना बड़ा उलटफेर कि निवेशकों के चेहरे पर मुस्कान और पोर्टफोलियो में 136% का रिटर्न आ गया. अनिल अंबानी की इन दोनों कंपनियों ने साबित कर दिया कि अगर इरादा पक्का हो, तो बाजार में वापसी कोई बड़ी बात नहीं. मिड-कैप सेगमेंट की बात करें तो यहां कर्नेक्स माइक्रोसिस्टम्स ने सबको पीछे छोड़ दिया. इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट बनाने वाली इस कंपनी ने एफवाई24 में 27 करोड़ रुपये का घाटा झेला था, लेकिन एफवाई25 में 50 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया. नतीजा? शेयर में 224% की तगड़ी उछाल. ये कंपनी भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की उस ताकत को दिखाती है, जो अब धीरे-धीरे उभर रही है.ज्वैलरी सेक्टर की बात करें तो पीसी ज्वैलर ने भी सबको चौंकाया. एक वक्त था जब ये कंपनी विवादों और घाटे में डूबी थी. एफवाई24 में इसे 629 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था, लेकिन एफवाई25 में कंपनी ने 578 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया. वहीं इसके शेयर 138% उछल गए.

**लार्ज-कैप में टाटा स्टील की वापसी**

लार्ज-कैप सेगमेंट में टाटा स्टील की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं. एफवाई24 में कंपनी को 4,910 करोड़ रुपये का भारी-भरकम घाटा हुआ था, लेकिन एफवाई25 में ये 3,174 करोड़ रुपये के मुनाफे में आ गई. हालांकि, शेयर में पिछले एक साल में 8% की गिरावट देखी गई, लेकिन कमोडिटी साइकिल में सुधार की उम्मीद के साथ ये स्टॉक भविष्य में री-रेटिंग का दावेदार हो सकता है.रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भी कई कंपनियों ने शानदार वापसी की. इनॉक्स विंड एनर्जी ने एफवाई24 में 89 करोड़ रुपये के घाटे से उबरकर एफवाई25 में 423 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया. शेयर में 57% की बढ़ोतरी हुई. वहीं, जीएमआर पावर ने 82 करोड़ रुपये के घाटे से 1,738 करोड़ रुपये के मुनाफे की छलांग लगाई और शेयर 63% उछला. रिन्यूएबल एनर्जी की बढ़ती डिमांड को देखते हुए ये सेक्टर निवेशकों के लिए हॉट पिक हो सकता है.रियल एस्टेट सेक्टर ने भी इस साल कई लोगों को चौंकाया. मैक्स एस्टेट्स ने एफवाई24 में 55 करोड़ रुपये के घाटे से उबरकर एफवाई25 में 26 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया और शेयर में 46% की बढ़ोतरी देखी गई. दूसरी ओर, को-वर्किंग स्पेस प्रोवाइडर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस ने भी घाटे से मुनाफे की राह पकड़ी और शेयर 69% उछला. रियल एस्टेट में ये दो नाम उन निवेशकों के लिए हैं, जो इस सेक्टर में लंबी रेस का घोड़ा ढूंढ रहे हैं.फाइनेंशियल सेक्टर में पिरामल एंटरप्राइजेज ने लार्ज-कैप में सबसे दमदार वापसी की है. एफवाई24 में 1,684 करोड़ रुपये के घाटे से उबरकर एफवाई25 में 485 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया. शेयर में 46% की बढ़ोतरी हुई. रिटेल सेक्टर में वी-मार्ट रिटेल ने भी घाटे से मुनाफे की राह पकड़ी और 38% का रिटर्न दिया.

## मई में रिटेल महंगाई घटकर 2.82% पर आई

### ये 6 साल में सबसे कम, खाने-पीने के सामान की कीमतों में कमी से घटी महंगाई

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। भारत की रिटेल महंगाई मई में 2.82% पर आ गई है। ये 6 साल का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2019 में ये 2.86% रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है।

इससे पहले अप्रैल में रिटेल महंगाई घटकर 3.16% पर आई गई थी। वहीं मार्च महीने में रिटेल महंगाई 3.34% रही थी। ये महंगाई का 67 महीने का निचला स्तर था। आज यानी 12 जून को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए हैं। रिटेल महंगाई फरवरी से आरबीआई के लक्ष्य 4% से नीचे है।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई 1.78% से घटकर 0.99% हो गई है।

अप्रैल महीने में ग्रामीण महंगाई दर 2.92% से घटकर 2.59% हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 3.36% से घटकर 3.07% हो गई है।

**आरबीआई ने महंगाई का अनुमान घटाया**

इससे पहले 4 से 6 जून तक हुई आरबीआई मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 4% से घटाकर 3.7% कर दिया था।



आरबीआई ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को 3.6% से घटाकर 2.9% कर दिया।

**महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है?**

महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी।

इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

## 5 मिनट में अमेरिका का कर्ज खत्म! कौन है यह शख्स जिसने बनाया खास प्लान? एलन मस्क ने भी किया सपोर्ट

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। अमेरिका की सरकार लगातार बजट घाटे से जूझ रही है। सरकार हर साल अपनी कमाई से ज्यादा खर्च कर रही है। दोनों पार्टियों की कोशिशों के बावजूद, जून 2025 तक अमेरिका पर कर्ज बढ़कर 33.8 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। और यह कर्ज कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस आर्थिक संकट के बीच, मशहूर निवेशक वॉरेन बफे का एक सुझाव फिर से चर्चा में है। कई बड़े लोग इस सुझाव का समर्थन कर रहे हैं। साल 2011 में सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में बफे ने अमेरिका के घाटे को कम करने का एक आसान तरीका बताया था। उन्होंने कहा था, 'मैं 5 मिनट में घाटा खत्म कर सकता हूं। बस एक कानून पास कर दीजिए कि जब भी जीडीपी का 3% से ज्यादा घाटा होगा, तो संसद के सभी सदस्य दोबारा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।' यह पुराना इंटरव्यू फिर से वायरल हो गया है। वॉशिंगटन में जवाबदेही को लेकर बहस छिड़ गई है। टेस्ला के सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने भी इस पर अपनी सहमति जताई है।

**सीनेटर ने शेयर किया वीडियो**

यूटा के सीनेटर माइक ली ने इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए पूछा, 'क्या आप इस संशोधन का समर्थन करेंगे?' इस पोस्ट पर बहुत से लोगों ने अपनी राय दी। एलन मस्क ने भी इसका समर्थन किया। उन्होंने लिखा, '100%, यही सही तरीका है।' अर्थशास्त्री पीटर शिफ ने भी इस पर अपनी राय दी। उन्होंने ट्वीट किया, 'बफे का प्लान सख्त है, लेकिन शानदार है। कांग्रेस को आखिरकार अपनी आर्थिक गलतियों का एहसास होगा।'




सीनेटर ली सिर्फ ऑनलाइन बातें नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे इस पर काम भी कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं एक संवैधानिक संशोधन का मसौदा तैयार कर रहा हूं। इसके तहत जब भी महंगाई 3% से ज्यादा होगी तो कांग्रेस के सभी सदस्यों को हटा दिया जाएगा। पूरे देश को महंगाई से जूझने से बेहतर है कि नेताओं को अयोग्य ठहरा दिया जाए।' ली का सुझाव बफे के सुझाव से थोड़ा अलग है। ली ने कांग्रेस की योग्यता को महंगाई से जोड़ा है, जबकि बफे ने इसे घाटे से जोड़ा था। हालांकि, दोनों ही चीजें सरकार के खर्च से जुड़ी हुई हैं। इस समय अमेरिकी अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है। वित्तीय वर्ष 2024 में, अमेरिका की जीडीपी 28.83 ट्रिलियन डॉलर थी। वहीं, सरकार का खर्च 6.75 ट्रिलियन डॉलर था, जबकि कमाई 4.92 ट्रिलियन डॉलर थी। इस वजह से 1.83 ट्रिलियन डॉलर का घाटा हुआ, जो जीडीपी का 6.3% है। यह बफे के बताए गए 3% के दोगुने से भी ज्यादा है। कांग्रेसनल बजट ऑफिस का अनुमान है कि साल 2034 तक घाटा बढ़कर 2.6 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। इसकी वजह है राष्ट्रीय कर्ज पर बढ़ता हुआ ब्याज, जो अब हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है।

## मुकेश अंबानी मिलाएंगे एलन मस्क के दुश्मन से हाथ

### 3 .4 लाख करोड़ की हो सकती है डील!




नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में क्रांति ला रही अमेरिकी कंपनी ओपनएआई इन दिनों एक बड़ी डील की तैयारी में है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनएआई दुनिया के सबसे अमीर और प्रभावशाली निवेशकों से पैसे जुटाने की कोशिश कर रही है. इसमें भारत के सबसे अमीर शख्स और इंडस्ट्रिलिस्ट मुकेश अंबानी, सऊदी अरब का पब्लिक इनवेस्टमेंट फंड (पीआईएफ), और यूएई की एमजीएक्स जैसी संस्थाएं शामिल हैं. यानी अब मुकेश अंबानी अगर खबरें सही रहीं तो एलन मस्क के सबसे बड़े दुश्मन सैम ऑल्टमैन से हाथ मिला सकते हैं.सूत्रों के अनुसार, यह डील लगभग 3.4 लाख करोड़ रुपये (लगभग 40 अरब डॉलर) तक की हो सकती है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा ओपनएआई के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट स्टारगेट के लिए फंडिंग जुटाने में इस्तेमाल किया जाएगा.

**अंबानी का नाम सबसे ऊपर**

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ओपनएआई की यह योजना ऐसे समय में सामने आई है जब कंपनी के को-फाउंडर सैम ऑल्टमैन और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच संबंधों में तनाव बढ़ गया है. मस्क ने हाल ही में ओपनएआई पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें कंपनी की व्यावसायिक रणनीति पर सवाल उठाए गए थे. ऐसे में सैम ऑल्टमैन अब वैश्विक निवेशकों के साथ मिलकर ओपनएआई को और मजबूत करने में जुटे हैं और इस लिस्ट में मुकेश अंबानी का नाम सबसे ऊपर है.रिपोर्ट में बताया गया है कि सैम ऑल्टमैन ने हाल ही में भारत के आईटी मंत्री से भी मुलाकात की थी, जिसमें देश में एआई इकोसिस्टम के विस्तार को लेकर चर्चा हुई. अगर यह डील होती है, तो भारत तकनीकी नवाचार के मामले में वैश्विक मंच पर और मजबूती से उभरेगा.

**सॉफ्टबैंक भी फंडिंग में आगे**

ओपनएआई की इस फंडिंग राउंड को जापान की दिग्गज टेक निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक लीड कर रही है. इसका मकसद स्टारगेट नामक प्रोजेक्ट के लिए जरूरी डेटा सेंटर्स और सुपरकंप्यूटर के निर्माण को वित्तीय सहायता देना है. इस प्रोजेक्ट की लागत अकेले ही 100 अरब डॉलर से अधिक बताई जा रही है.अगर यह डील मुकाम तक पहुंचती है, तो यह न केवल भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए एक बड़ा कदम होगा, बल्कि इसे तकनीक की दुनिया में भारत की सबसे अहम एंट्री के तौर पर भी देखा जाएगा. मुकेश अंबानी के लिए यह कदम टेलीकॉम और डिजिटल सर्विसेज से अब एआई और ग्लोबल टेक्नोलॉजी इन्वेस्टमेंट की ओर बढ़ते वर्चस्व का संकेत हो सकता है.

## कौन हैं ये दिग्गज उद्योगपति जो 'मौत की फ्लाइट' में थे सवार

### प्रमुख नंदा और सुभाष अमीन का लिस्ट में नाम

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया फ्लाइट एआई171 के दुखद हादसे से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रमुख नंदा और सुभाष अमीन दोनों इस फ्लाइट में सवार थे। प्रमुख नंदा गुजरात के जाने-माने उद्योगपति हैं। वह कार्गो मोटर्स ग्रुप के संस्थापक हैं। वहीं, सुभाष अमीन लूबी मोटर्स (लूबी पम्पस) के डायरेक्टर हैं। वह भी गुजरात के अग्रणी उद्योगपति हैं। गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद में एक बड़े विमान हादसे ने पूरी दुनिया को दहला दिया।

एयर इंडिया का एक यात्री विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में क्रू मेंबर, पायलट और यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे। इनमें प्रमुख नंदा और सुभाष अमीन शामिल थे।

प्रमुख नंदा गुजरात के दिग्गज उद्योगपति हैं। वह कार्गो मोटर्स ग्रुप के संस्थापक हैं। कार्गो मोटर्स ग्रुप पश्चिमी भारत में प्रमुख ऑटो डीलरशिप और ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशन



प्रदाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रमुख नंदा अपने परिवार के सदस्यों (पत्नी नेहा प्रमुख नंदा, पुत्र प्रवेश नंदा और प्रयास प्रमुख नंदा) के साथ इस फ्लाइट में लंदन जा रहे थे।

वहीं, सुभाष अमीन लूबी मोटर्स के डायरेक्टर हैं। वह गुजरात के अग्रणी उद्योगपति हैं। वह लूबी पम्प्स के निदेशक के रूप में जाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुभाष अमीन भी लंदन जा रहे थे और इस विमान दुर्घटना में उनके भी हताहत होने की आशंका जताई गई है। इन दोनों उद्योगपतियों का नाम अहमदाबाद विमान हादसे में शामिल यात्रियों की सूची में सामने आया है। एयर इंडिया की फ्लाइट ने दोपहर करीब 1:39 बजे अहमदाबाद हवाई अड्डे के रनवे 23 से उड़ान भरी थी।

## सेंसेक्स 823 अंक गिरकर 81,691 पर बंद

### निफ्टी भी 253 अंक फिसलकर 24,888 पर आया, आईटी और ऑटो शेयर्स टूटे

मुंबई, 12 जून (एजेंसियां)। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। आज आईटी, एफएमसीजी, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टाटा मोटर्स का शेयर 2.98% और एमएण्डएम का शेयर 2.30% गिरकर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.65% नीचे 38,173 पर और हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.36% गिरकर 24,035 पर बंद हुआ। कोरिया का कोस्पी 0.45% चढ़कर 2,920 पर बंद हुआ। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट 3,402 पर फ्लैट बंद हुआ।

11 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 42,865 पर फ्लैट बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 0.50% और एस&पी 0.27% गिरकर बंद हुआ।

ओसवाल पंप्स का आईपीओ 13 जून को ओपन होगा जो 17 जून तक खुला रहेगा। इसके शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर लिस्ट होंगे।

## सोना 1,220 रुपये बढ़कर 97,455 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

### इस साल अब तक 21,293 महंगा हुआ, चांदी 1.05 लाख किलो बिक रही

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 12 जून को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 1,220 रुपये बढ़कर 97,455 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 96,235 प्रति 10 ग्राम थी। चांदी में आज मामूली बढ़त रही। ये सिर्फ 4 बढ़कर 1,05,498 किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,05,494 प्रति किलो पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 का और सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का ऑल टाइम हाई बनाया



था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,293 रुपए बढ़कर 97,455 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 19,931 रुपए बढ़कर 1,05,498 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। हालांकि, आगे जियो पॉलिटिकल टेंशन कम होने के आसार हैं। इससे चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ेगी।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
सूर्योदय 05-44, सूर्यास्त 18-46
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया 15-19 तक उपरान्त तृतीया
मास - आषाढ़ कृष्ण, शुक्रवार 13 June
नक्षत्र - पूर्वाषाढ़ा 23-20 तक उपरान्त उत्तराषाढ़ा
योग - शुक्ल 13-47 तक उप ब्रह्म
करण- गर 15-19 तक उप वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार -

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृष में | वृष... | 04-32 बजे |
| चंद्र- | धनु में | मिथुन... | 05-52 बजे |
| मंगल | सिंह में | कर्क... | 08-05 बजे |
| बुध- | मिथुन में | सिंह... | 10-16 बजे |
| गुरु- | मिथुन में | कन्या... | 12-23 बजे |
| शुक्र- | मीन में | तुला... | 14-30 बजे |
| शनि- | मीन में | वृश्चिक... | 16-38 बजे |
| राहु- | कुंभ में | धनु... | 18-52 बजे |
| केतु- | सिंह में | मकर... | 21-02 बजे |
| | | कुंभ... | 22-49 बजे |
| | | मीन... | 00-27 बजे |
| | | मेष... | 02-03 बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:38 से 12:16 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 05:44 - 07:21 | शुभ | रोग | 18:46 - 20:11 | अशुभ |
| लाभ. | 07:21 - 08:59 | शुभ | काल | 20:11 - 21:33 | अशुभ |
| अमृत | 08:59 - 10:38 | शुभ | लाभ | 21:33 - 22:55 | शुभ |
| काल | 10:38 - 12:16 | अशुभ | उत्पात | 22:55 - 00:16 | अशुभ |
| शुभ | 12:16 - 13:55 | शुभ | शुभ | 00:16 - 01:38 | शुभ |
| रोग | 13:55 - 15:33 | अशुभ | अमृत | 01:38 - 02:59 | शुभ |
| उत्पात | 15:33 - 17:11 | अशुभ | चंचल | 02:59 - 04:21 | शुभ |
| चंचल | 17:11 - 18:46 | शुभ | रोग | 04:21 - 05:44 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,) छात्रों के लिए, यह किसी भी परीक्षा में उतरने लिए एक अच्छा दिन है। सफलता आपके साथ है। पेशेवरों के लिए, आपके कार्य स्थल पर एक सकारात्मक दिन होगा। लंबित मुद्दों का हल मिलेगा । अगर आपको लगता है की वेतन वृद्धि के लिए आज का दिन उपयुक्त है तो अपने उच्च अधिकारियो से बात करने का दिन आज अच्छा है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) आज आपका मन अटकलों और अनावश्यक चीज़ो की और भागेगा , परन्तु फिर भी आपकी केंद्रित रहने की क्षमता काफी मजबूत रहेगी । आप कम से कम समय में अधिक से अधिक काम खत्म करने के क्रम में घर पर या अपने कार्यालय डेस्क पर रहे , हालांकि घर पर काम करने में अधिक समय, ऊर्जा और पैसे का हास होगा ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) आज का दिन सट्टा उद्यमों के लिए सबसे उपयुक्त है । आज एक लॉटरी टिकट या कंपनियों के शेयरों में निवेश करने से धन वृद्धि का एक उच्च मौका है। आपको किसी से एक अच्छा सुझाव मिल सकता है और अगर आप उसे समय पर करते हैं , तो आप अपनी आय बढ़ा सकते हैं। आज का दिन आपके के लिए शांतिपूर्ण रहेगा ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) आप अपने कार्यों को पूरा करने के लिए थोड़ा रुकने की जरुरत है एवं आपको कुछ समय निकालने की जरुरत है , ताकि आप अपने अतीत के अनुभवों पर विचार कर सके । आप अपने अतीत का मूल्यांकन करें की किस चीज को आपको बदलने की जरुरत है और किस चीज को ग्रहण करने की जरुरत है ताकि आप अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल कर सके ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) आज आप अपने सहयोगियों और ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध बनायेंगे । आज कुछ ऐसा नया करने के लिए ये दिन अच्छा है , जिसमे आपके प्रभावशाली कौशल की आवश्यकता हो , हालांकि जो लोग बीमार हैं , वो लोग घर से काम शुरू कर सकते है। इससे अप्रत्याशित रूप से आपके काम की गुणवत्ता में सुधार होगा और उस समय की बचत भी होगी जो यात्रा में बर्बाद हो रहा था ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आप बहुत ही आराम से संवाद स्थापित कर रहे है , लेकिन कुछ लोग इसमें अड़चन डाल सकते है और उनके हस्तक्षेप की वजह से एक बहुत ही नाटकीय दृश्य आपके कार्यालय में पैदा हो सकता है। आपका दृष्टिकोण संगठन के लाभ के खिलाफ माना जाएगा , इसलिए बेहतर है की एक कदम पीछे रखे , ताकि इसका असर दुसरो पर हो ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) आप सक्रिय हैं और आज आपकी सक्रिय प्रकृति आपको शीर्ष पर रखेगी । आप सभी गतिविधियों के केंद्र पर हैं । आप बहुत अच्छा कर रहे हैं। बस अपनी गति को बनाए रखने और आगे बढ़ते रहे । अब भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। आप अपने कार्य क्षेत्र को व्यवस्थित रखें और समय-समय पर अपने दस्तावेजों को देखते रहे ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) आप अपने को शांत रखे क्यों की कुछ स्थितियों में आप अपना आपा खो सकते है । कुछ भी क्रोधित तरीके से न बोले की किसी को वो आक्रामक या गलत लगे । इस समय इस बिंदु पर अनभिज्ञ रहे और बाद में एक परिष्कृत तरीके से अपना रोष बाहर निकाले । आप खुश रहे क्योंकि आपने काफी धन एकत्रित कर लिया है ,जो की आप विलासिता से भरी वस्तु पर खर्च कर सकते है ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) आपका मन अभी आनंद और प्रेम की तरफ भाग रहा है , हालाँकि इसके विपरीत आपका मन हमेशा कार्यो में उलझा रहता है । लेकिन यह ठीक है, काम से एक दिन की छुट्टी ले और अपने दिन का आनंद लें। ज्यादा चिंता न करे , क्योंकि आपको आनंद लेने और कार्य करने की सीमा ज्ञात है । कार्यस्थल पर प्रबंधन आपके काम।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) आज के दिन आपका जोर निवेश और धन पर रहेगा । अपने आप पर नियंत्रण रखे ! आज के दिन सम्पति के बारे में खोज खबर कर सकते है पर किसी भी तरह के धन वृद्धि उद्यम में न फंसे । वेतन वृद्धि के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारीयों पर दबाव न डाले । इसके लिए अभी सही समय नहीं है ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) आपके अहं को आज पूरी तरह से तृप्ति मिलेगी क्योंकि आपके नेतृत्व और संगठन के लिए बहुमूल्य योगदान के लिए आपको पुरस्कृत किया जाएगा । आप परदे के पीछे रहकर अच्छी तरह से काम नहीं कर सकते है , इसलिए आपको अपनी प्रतिभा और क्षमता अपने विभिन्न मुद्दों में जिस पर आप अभी कार्य कर रहे है।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) आज आप वह प्यार और ख़ुशी को पाएंगे जो आप अपने कार्य क्षेत्र में महसूस करते थे । बाहरी दबावों और काम के बोझ की वजह से वह ख़ुशी कही दब सी गई थी पर एक खुशनुमा पल आपको ये एहसास कराएगा की क्यों अपने ये कार्य क्षेत्र चुना था और ये क्यों आप पर इतना जचता है । आज का दिन अपने कार्य क्षेत्र में अपना रवैया बदलने के लिए अति उत्तम है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

## 2 बच्चों की मां संग 'सुहागरात' मनाने पहुंचा पड़ोसी, डिमांड नहीं हुई पूरी तो कमरे में घुसा

संतकबीरनगर, 12 जून (एजेंसियां)। इन दिनों एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर होना कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। आए दिन इस तरह की खबरें सामने आती रहती हैं। लेकिन शादी के बाद पार्टनर को धोखा देना कभी-कभी खुद पर ही भारी जरूर पड़ जाता है। ठीक ऐसा ही एक मामला सामने आया है उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर से। यहां दो बच्चों की मां को पड़ोसी से प्यार हो गया। आधी रात को पड़ोसी अपनी शादीशुदा गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंच गया। गर्लफ्रेंड ने उसकी डिमांड पूरी नहीं की तो नाराज होकर पड़ोसी ने आत्महत्या कर ली। अगली सुबह जैसे ही महिला ने अपने कमरे का दरवाजा खोला तो पड़ोसी की लाश वहां लटकी हुई थी। लाश देख महिला की चीख निकल पड़ी। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

# दिनेश शर्मा बोले- कपिल शर्मा शो नहीं देखने को मिलता तो राहुल गांधी का भाषण सुनते हैं लोग



मेरठ, 12 जून (एजेंसियां)। मेरठ पहुंचे यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को निशाने पर ले लिया। राहुल गांधी पर एक के बाद एक कटाक्ष किए और यहां तक कह डाला कि जिस दिन कॉमेडियन कपिल शर्मा का शो देखने को नहीं मिलता उस दिन लोग राहुल गांधी का भाषण सुनते हैं। उन्होंने अखिलेश यादव के दावों को लेकर उनके बयानों को बीजेपी के लिए अमृतबाण भी बता डाला।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा राहुल गांधी को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते थे। राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाने के बयान पर बोले कि राहुल गांधी की बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता, उनकी बातों पर एन्जॉयमेंट किया जाता है। उन्होंने चुटकी लेती हुए कहा कि राहुल गांधी 56 साल की उम्र में सीनियर सिटीजन की तरफ बढ़ रहें हैं।

### अखिलेश यादव और राकेश टिकैत पर बोला हमला

राहुल गांधी पर कटाक्ष और चुटकी लेने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने अखिलेश यादव को निशाने पर लिया। जब उनसे सवाल पूछा गया कि अखिलेश यादव दावा कर रहें हैं कि 2027 में यूपी से बीजेपी का सफाया हो जाएगा, तो इस सवाल पर बड़ा पलटवार करते हुए बोले-22 में भी ऐसी ही बड़ी बातें कर रहे थे अखिलेश यादव, लेकिन क्या हुआ। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की बातें अमृतबाण हैं, जब बोलते हैं तो बीजेपी नहीं विपक्ष का सफाया हो जाता है। यूपी में रामराज्य है और यूपी ही नहीं देश भी बदल रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के बयानों पर भी उन्होंने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। जब उनसे पूछा गया कि राकेश टिकैत ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल खड़ कर रहें हैं और कह रहें हैं कि सिंदूर नाम गलत है तो उन्होंने कहा कि ये बोलने वाले लोग गलत हैं। जब उनसे दूसरा सवाल किया गया कि अमेरिका में भारतीय छात्र के साथ जो बर्ताव किया गया, उस पर राकेश टिकैत कह रहें हैं कि देश के राजा कमजोर है तो बोले-अंतर्राष्ट्रीय कानून में बहुत चीजें हैं, हमने विरोध भी दर्ज कराया है। क्या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संबंध बिगाड़ लें जो चौथी अर्थव्यवस्था चल रही है, किसी के बहकावे में नहीं आएंगे। मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को लेकर मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्विधालय में प्रोफेशनल मीट थी, जिसमें यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने 1000 किलोमीटर में भी आतंकवादी सुरक्षित नहीं है। तीन तलाक की बात हो, धारा 370 की समाप्ति की बात हो, पाकिस्तान के अंदर घुसने की प्रक्रिया हो, जो सरकार ने कहा वो किया।

सीसीएसयू के कार्यक्रम से पहले उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की और यहां भी मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर एमएलसी विजय शिवहरे, मेरठ लोकसभा सांसद अरूण गोविल, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, बीजेपी एमएलए अमित अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी और पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## बिहार और नीतीश कुमार पर प्रशांत किशोर का बड़ा दावा, अपनी परफॉर्मेंस पर भी दिया बयान



पटना, 12 जून (एजेंसियां)। बिहार चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, राजनीतिक पार्टियां कई दावे करने लगी हैं, कभी जनता को लेकर तो कभी अपनी ही सीटों को लेकर। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर का कहना है कि हमारी पार्टी बिहार की व्यवस्था बदल कर रहेगी, फिर चाहे वह सत्ता में रहकर बदले या फिर 5-6 साल तक संघर्ष करके बदले। प्रशांत किशोर ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने बिहार चुनाव को लेकर कई दावे किए। उन्होंने कहा कि जन सुराज या तो अर्श पर रहेगी या फर्श पर रहेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की या तो इतनी कम सीटें आएंगी की हम लोगों को 5-6 साल और संघर्ष करना पड़ेगा या इतनी ज्यादा सीटें आएंगी कि हम लोग बिहार की व्यवस्था को बदलने में लग जाएंगे। किशोर ने आगे कहा कि बिहार की व्यवस्था या तो सत्ता में आकर बदलेंगे या फिर 5 साल संघर्ष करके बदलेंगे लेकिन बदलेंगे जरूर।

### 'नीतीश कुमार नहीं रहेंगे मुख्यमंत्री'

प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि नवंबर में यानी चुनाव के नतीजे आने के बाद बिहार वैसा नहीं रहेगा जैसा है। क्योंकि नवंबर के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं रहेंगे। चुनाव के नतीजों के बाद बिहार में नया मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कोई भी बने बिहार की व्यवस्था तो बदलने वाली है।

# सीएम योगी ने मेधावियों को किया सम्मानित

## बालिकाओं की सराहना कर बोले- बालक भी खूब मेहनत करें



लखनऊ, 12 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने मेधावियों को एक लाख रुपये का चेक, एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया। इसके पहले, मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ एवं माध्यमिक संस्कृत शिक्षा निदेशालय, नवीन भवन सहित 122 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेधावियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस बार जो हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में जो परिणाम आए हैं उससे पता चलता है कि बालिकाओं ने बालकों के मुकाबले अधिक सफलता प्राप्त की है। इससे पता चलता है कि बालिकाएं मेहनत करने में आगे हैं। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी।

### वित्त मंत्री बोले- हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है यूपी

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस दिन से शपथ ली है। हर क्षेत्र में मेरिट का सम्मान किया है। शिक्षा में मेधावी का समान यानि बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। विभिन्न योजनाओं से छात्रों को शिक्षा के लिए बेहतर अवसर मिल रहे हैं। प्रदेश ही नहीं पूरा देश यूपी की योजनाओं को रोल मॉडल मान रहा है। सरकार ने संस्कृत को भी महत्व दिया है। अब इसका अपना नया भवन होगा। 42.42 करोड़ से भवन बनेगा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के नए भवन का निर्माण भी होगा। आज सभी बोर्ड के 166 मेधावियों को एक, एक लाख का नकद पुरस्कार और टैबलेट वितरण किया जाएगा।

जिला स्तर पर भी सम्मान समारोह किया जा रहा है। सभी मेधावियों को एक-एक टैबलेट, 21-21 हजार की राशि दी जा रही है। खेल के विजेताओं को भी सम्मानित किया जा रहा है। बुरा विचार कभी भी जीवन में उसे कुचल देना चाहिए। किसी भी स्तर पर गलत विचार न पाले। एक छात्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि बुरे विचार को मन में कभी भी पलने न दे। उन्होंने कहा कि यूपी बीमारू प्रदेश के रूप में जाना जाता था पर आज हर क्षेत्र में सुधार हो रहा है।

## वाहन चेंकिंग कर रहे थे पुलिसकर्मी, तभी तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, 1 की मौत



पटना, 12 जून (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में वाहन चेंकिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जिसमें एक महिला पुलिसकर्मी समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रुप से घायल हो गए। इलाज को दौरान महिला पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पटना में सीनियर एसपी अवकाश कुमार के निर्देश पर वाहन जांच अभियान शुरू किया गया था। इसी दौरान पटना के अटल पथ पटना पुलिस वाहन जांच कर रही थी। रात में लगभग 12:00 के करीब एक बेकाबू तेज रफ्तार कार ने तीन पुलिसकर्मियों को कुचल दिया। इस हादसे में एक दरोगा, एक एएसआई और एक महिला कांस्टेबल शामिल घायल हुए। घटना पटना के एस के पुरी थाना क्षेत्र की है, जब पटना पुलिस वाहन चेकिंग अभियान में लगी थी। रात 10:30 बजे से 12:30 बजे तक यह विशेष अभियान शुरू किया गया था।

इसी दौरान देर रात चार पहिया वाहन ने वाहन चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ा दी। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना एसएसपी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घायल पुलिस कर्मियों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसपी ने बताया कि पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने वाले वाहन का चालक फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये दोनों लोग हादसे के समय कार में सवार थे। हादसे में घायल हुईं महिला कांस्टेबल कोमल कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य दो पुलिसकर्मियों का इलाज जारी है।

# स्टांप चोरी मामले में बढ़ीं अब्दुल्लाह आजम की मुश्किलें, 4.64 करोड़ रुपये की आरसी जारी



रामपुर, 12 जून (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान और उनके परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। करोड़ों की स्टाप चोरी मामले में फंसे आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्लाह आजम के खिलाफ अब आरसी जारी हो गई है। ऐसे में अब उनसे 4.64 करोड़ रुपये के जुर्माने की वसूली की जाएगी। उन्हें जुर्माने के साथ दस फीसद अतिरिक्त वसूली यानी प्रशासनिक कर भी जमा करना होगा। अब्दुल्लाह आजम पर साल 2019 और 2022 में खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री में स्टांप की चोरी पकड़ी गई थी। इस मामले में एडीएम कोर्ट ने अप्रैल महीने में उन्हें 4.64 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 30 दिनों के भीतर ये राशि जमा करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, अब्दुल्लाह आजम ने इस जुर्माने को जमा नहीं किया था, जिसके बाद अब एडीएम वित्त एवं राजस्व ने वसूली के लिए नोटिस भेजा है।

### डीएम कोर्ट ने लगाया था अर्थदंड

प्रशासन के मुताबिक अब्दुल्लाह आजम ने 2022 घाटमपुर-बेनजीर क्षेत्र में जमीनें खरीदी थीं, जिसमें करीब डेढ़ हेक्टेयर जमीन की खरीद पर स्टांप चोरी करने का मामला सामने आया था। इस मामले में 2023 तत्कालीन एसडीएम ने डीएम को रिपोर्ट भेजी थी, जिसमें स्टांप चोरी के बारे में जानकारी दी गई थी। इसके बाद इस मामले में शिकायत दर्ज की गई और फिर डीएम कोर्ट में इसकी सुनवाई हुई। अप्रैल महीने में कोर्ट ने अब्दुल्लाह आजम को स्टांप चोरी मामले में दोषी पाया और उन पर 4.64 करोड़ का जुर्माना लगाया था। डीएम ने स्टांप चोरी के तीन केस में ये अर्थदंड लगाया था। इस जुर्माने को उन्हें तीस दिनों के अंदर जमा करना था, लेकिन ये जुर्माना अब तक जमा नहीं किया गया है। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने अब इस जुर्माने की वसूली के लिए आरसी भेजी है और वसूली सुनिश्चित करने कि लिए कहा है। बता दें कि अब्दुल्लाह आजम कुछ समय पहले ही हरदोई की जेल से जमानत पर रिहा होकर बाहर आए हैं।

## टॉफी में जहर देकर 3 बच्चियों की कर दी हत्या कौशांबी में दोषी को कोर्ट ने दी ऐसी सजा

कौशांबी, 12 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पर एक कोर्ट ने टॉफी में जहर देखकर तीन बच्चियों की हत्या करने के दोषी व्यक्ति को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 35,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि 17 अगस्त, 2023 को वादी राजकुमार प्रजापति ने कड़ा धाम थाना पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 8 साल की बेटी वर्षा रानी छत पर सो रही थी। सुबह उसके पड़ोसी शिव शंकर ने अपनी छत से टॉफी में जहर मिलाकर उसकी बेटी के बिस्तर पर फेंक दी। तहरीर के मुताबिक, वर्षा रानी ने टॉफी उठा ली और नीचे आकर उसके चचेरे भाई वासुदेव की 8 साल की दो बेटियों साधना और 6 साल की शालिनी के साथ बांटकर खा ली, जिसके बाद तीनों की हालत बिगड़ने लगी और तीनों को अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने इलाज कर बच्चियो की हालत को स्थिर करने की कोशिस की, लेकिन फिर भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। तीनों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जहां एंबुलेस से अस्पताल ले जाते समय साधना ने दम तोड़ दिया। वहीं उसकी बहन शालिनी और वर्षा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अनिल कुमार चौधरी ने यह बताया कि इस मामले में दोषी पाए गए शिव शंकर को अपर जिला जस्टिस शिरीन जैदी की कोर्ट ने आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 35,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

# यूपी के सिद्धार्थनगर में सामने आई सोनम पार्ट-2

## पति की हत्या कर नदी में फेंकी लाश, कंकाल मिला; 18 साल पहले की थी लव मैरिज



सिद्धार्थनगर, 12 जून (एजेंसियां)। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड जैसा ही एक मामला यूपी के सिद्धार्थनगर जिले से सामने आया है। यहां एक महिला ने शादी के 18 साल बाद प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। इतना ही नहीं, अपना अपराध छिपाने के लिए पति का शव बलरामपुर जिले में राप्ती नदी में फेंक दिया और फिर पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी।

### क्या है पूरा मामला?

पूरा मामला जिले के ढेबरुवा थानाक्षेत्र के नजरगढ़वा गांव का है। यहां रहने वाले कन्नन ने 18 साल पहले दिल्ली की रहने वाली संगीता से विवाह किया था। दोनों गांव में अलग घर बनाकर दोनों रहते थे। इसी बीच लगभग 2 साल पहले दिल्ली जाते समय रास्ते में बलरामपुर के निवासी अनिल शुक्ला से कन्नन की पत्नी संगीता की दोस्ती हो गई। दोनों में मोबाईल नंबर का आदान प्रदान हो गया और बाते होने लगी। धीरे-धीरे प्रेम परवान चढ़ा और अनिल बीच बीच में गांव आकर मिलने जुलने लगा। संगीता ने लोगो को बताया कि प्रेमी अनिल उसकी बुआ का लड़का है इसलिए किसी ने शक भी नहीं किया।

### बलरामपुर में मिला कंकाल

इसी बीच 2 जून 2025 को अचानक कन्नन लापता हो गया। 5 जून को पत्नी संगीता ने ढेबरुवा थाने में जाकर पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इसी बीच 9 जून को कन्नन के भाई बाबूलाल ने आसपास पता किया तो पता चला कि 2 जून को पति पत्नी साथ में गांव से गए थे। यह जानकारी मिलते ही बाबूलाल ने थाने में जाकर अपने भाई के लापता होने में पत्नी की भूमिका संदिग्ध बताई।

इसके बाद जब पुलिस ने संगीता को पकड़कर कड़ी पूछताछ की तब संगीता ने बताया कि उसने अपने प्रेमी अनिल शुक्ला के साथ मिलकर रास्ते में अपने पति को जहर खिलाया और राप्ती नदी में फेंक दिया है। पत्नी की निशानदेही पर पुलिस मौके पर पहुंची और कन्नन का कंकाल बरामद किया जिसकी पुष्टि परिजनों ने की है।


### पुलिस ने क्या कहा?

इस पूरे मामले को लेकर शोहरतगढ़ के सीओ सुजीत राय ने बताया, 5 जून को नजरगढ़वा गांव की संगीता ने अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई जिसकी विवेचना में पता चला कि पत्नी के किसी से प्रेम संबंध है। इस सूचना पर जब संगीता से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया बलरामपुर में सेमरहना गांव के पास उसने पति को जहरीला पदार्थ पिलाकर पुल से नदी में फेंक दिया है। 10 जून को उसकी बताये स्थान के पास से उसके पति का कंकाल बरामद कर लिया गया। परिजनों ने इसकी शिनाख्त की है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## घायल तेंदुए की दहाड़ से भागे लोग: 19 घंटे से पुलिया के नीचे बैठा, बाहर निकलने में जख्मी हुआ

ललितपुर, 12 जून (एजेंसियां)। ललितपुर में घायल तेंदुआ 19 घंटे से पुलिया के नीचे बैठा हुआ है। रातभर वन विभाग की टीम निगरानी करती रही। पिछले पैर में चोट लगने के कारण तेंदुआ ठीक से चल नहीं पा रहा है। हालांकि उसे चोट कैसे लगी है, यह अभी कन्फर्म नहीं हो पाया है। तेंदुए की स्थिति अब खराब हो रही है। भीड़ को देखकर बार-बार दहाड़ रहा है। पुलिया के अंदर छिपने का प्रयास कर रहा है। मामला जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर स्थित मड़ावरा वन रेंज के पास भौंती गांव का है। तेंदुए को रेस्क्यू करने के लिए गुरुवार सुबह कानपुर से डॉक्टरों की टीम पहुंची।

## हिंदू लड़की को पहचान छिपाकर प्रेम जाल में फंसाया फिर धर्म परिवर्तन के लिए करने लगा मजबूर



कानपुर, 12 जून (एजेंसियां)। यूपी के कानपुर से लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू युवती को झूठ बोलकर फंसाया और अपनी पहचान छिपाई। जब युवती ने उसके ऊपर शादी का दबाव डाला तो वह धर्म परिवर्तन और ऊं का निशान हटवाने के लिए कहने लगा। मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र का है। कानपुर में एक मुस्लिम युवक ने सोशल मीडिया पर नाम बदलकर युवती से दोस्ती की और फिर जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। दरअसल नवाबगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि इंस्टा और व्हाट्सएप पर सोनू नाम से दोस्त बने युवक ने असल में अपनी पहचान छिपाई। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी उसे जबरन धर्म परिवर्तन करने और हाथ पर गुदे ओम निशान को हटाने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता के मुताबिक, युवक का असली नाम सरताज है। जिसने 9 महीने पहले नाम बदलकर उससे दोस्ती की थी। बताया जा रहा है कि युवक ने इस दौरान कई महीनों तक एक भी बार नमाज नहीं पढ़ी लेकिन पिछले कुछ दिनों से पीड़िता से ओम का निशान हटाने का दबाव बना रहा है। वहीं बुधवार को मामले की जानकारी होने पर हिंदू संगठन के लोगों ने पीड़िता के साथ पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से मामले की शिकायत की है। उधर एडीसीपी सेंट्रल का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## महिला सिपाही ने दूसरी जाति के दारोगा से की शादी, पंचायत ने बंद किया परिवार का हुक्का पानी

झांसी, 12 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के झांसी से बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक महिला सिपाही ने दूसरी जाति के दारोगा से शादी कर ली, जिसके बाद पूरे गांव में बवाल मच गया। गांववालों ने पंचायत बुलाकर महिला सिपाही के परिवार को बहिष्कार कर दिया और उनका हुक्का पानी बंद कर दिया। यहीं नहीं पंचायत ने ये भी फैसला सुनाया कि अगर कोई इस परिवार से बात करेगा तो उस पर भी 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पीड़ित परिवार ने इसे लेकर पुलिस में शिकायत की है जिसके बाद एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरा मामला झांसी के टोड़ी फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बचेरा का है। जहां रहने वाले चिरंजी लाल ने पुलिस को दी शिकायत दी है

# जदयू के बड़े नेता ने की लालू यादव से मुलाकात, बिहार में सियासी हलचल तेज




पटना, 12 जून (एजेंसियां)। बिहार की सियासत एक बार फिर हलचल में है. वजह है जेडीयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद रणविजय सिंह की आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात. गुरुवार को पटना स्थित राबड़ी देवी के सरकारी आवास पर दोनों नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है. रणविजय सिंह की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब राज्य में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां धीरे-धीरे तेज हो रही हैं. ऐसे में जेडीयू नेता का विपक्षी दल के शीर्ष नेता से मिलना केवल 'शिष्टाचार भेंट' तक सीमित माना जाए या इसके पीछे कोई गहरी राजनीतिक रणनीति है, यह सवाल उठने लाजिमी हैं. मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए रणविजय सिंह ने साफ किया कि यह कोई राजनीतिक मीटिंग नहीं थी. उन्होंने कहा, "लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन था. मैं उन्हें शुभकामनाएं देने गया था. उनसे मेरा निजी और पारिवारिक संबंध है. इस मुलाकात को ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए."उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मुलाकात में किसी तरह की राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है और न ही भविष्य में किसी राजनीतिक बदलाव के संकेत हैं. हालांकि जब पत्रकारों ने चुनावी वर्ष में इस मुलाकात के समय पर सवाल उठाया तो रणविजय मुस्कराते हुए बोले, "अभी तो सिर्फ बधाई देने आया था." हालांकि राजनीतिक जानकार इस मुलाकात को यूं ही नजरअंदाज करने को तैयार नहीं हैं. बिहार की राजनीति में ऐसा कई बार हुआ है जब निजी संबंधों के बहाने शुरू हुई मुलाकातों ने बड़ा राजनीतिक रूप ले लिया. रणविजय सिंह का लालू यादव से मिलना भी कुछ ऐसा ही संकेत दे रहा है. वर्तमान में जेडीयू और बीजेपी के रिश्तों में उतार-चढ़ाव की चर्चाएं लगातार चल रही हैं, ऐसे में यह मुलाकात गठबंधन समीकरणों को लेकर अटकलों को और भी हवा देती है. अब यह तो वक्त बताएगा कि यह मुलाकात महज एक 'शिष्टाचार भेंट' थी या कोई नई राजनीतिक पटकथा लिखी जा रही है. लेकिन इतना तय है कि बिहार की सियासत में इसका असर जरूर दिखेगा.

## महाकुंभ में 82 मौतों के दावे पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की पहली प्रतिक्रिया



लखनऊ, 12 जून (एजेंसियां)। प्रयागराज उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में वर्ष 2025 में 14 जनवरी से 26 फरवरी तक चले महाकुंभ में 29 जनवरी, मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ के संदर्भ में सरकार ने बताया था कि 37 मौतें हुईं हैं। वहीं बीबीसी हिन्दी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 37 नहीं 82 मौतें हुईं हैं। अब इस रिपोर्ट पर उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी है। वाराणसी में एक रिपोर्ट में दावे पर सवाल पूछा। इसके जवाब में उन्होंने कहा है कि आप लोग कुछ समाचार चला दें मैं उसका जवाब दूं ये नहीं है। घटना दुखद थी और हर पीड़ित परिवार की सहायता हुई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि महाकुंभ बहुत ही दिव्य और भव्य रहा। 66 करोड़ लोग आए और पुण्य के भागी बने। एक दुःखद घटना घटी, जिसका हम सभी को खेद है।जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताया। हमारी कोशिश रहती है कि कोई श्रद्धालु आए तो वह सकुशल जाए। उन परिवारों के प्रति हमारी सदा संवेदना है। रिपोर्ट के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सरकार से 8 सवाल पूछे थे। उन्होंने कहा था कि ये रिपोर्ट अंत नहीं, महाकुंभ में हुई मृत्युओं और उनसे जुड़े पैसों के महासत्य की खोज का आरंभ है।



# निवेश की रफ्तार को मिलेगी जमीन

## एमओयू अब हकीकत में बदलने को तैयार

जयपुर, 12 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में आयोजित राइजिंग राजस्थान निवेश समिट के दौरान किए गए एमओयू अब जमीन के इंतजार में हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में भूमि आवंटन का मुद्दा प्रमुख रूप से सामने आया। इसके बाद राज्य सरकार ने सभी जिला कलेक्टर्स को अपने-अपने जिलों में लैंड बैंक की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं।



**मुख्यमंत्री ने बनाई भूमि आवंटन की निगरानी समिति**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महत्वपूर्ण एमओयू से जुड़ी भूमि आवश्यकताओं की पहचान और आवंटन प्रक्रिया को गति देने के लिए एक विशेष समिति के गठन के आदेश भी दिए हैं। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि उद्योगों व निवेशकों को समय पर जमीन मिल सके।

**जिलों में हुए एमओयू की रिपोर्ट भी तलब**

राज्य सरकार ने बताया कि राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान बड़ी संख्या में एमओयू जिला कलेक्टर्स के स्तर पर भी हुए थे। अब इनकी प्रगति रिपोर्ट भी सभी जिलों से मांगी गई है। साथ ही जिला प्रभारी सचिवों और विभागीय अधिकारियों को स्थानीय एमओयू की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अब तक सवा तीन लाख करोड़ का निवेश जमीन पर उतर चुका**

सरकार का दावा है कि अब तक इस समिट के तहत किए गए एमओयू में से 3.25 लाख करोड़ रुपए का निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग स्टेज पर पहुंच चुका है। वहीं जुलाई महीने में 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग का लक्ष्य तय किया गया है।

**लंबित नीतियों के नोटिफिकेशन की समयसीमा तय**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जो नीतियां अभी लंबित हैं, उन्हें 31 जुलाई तक अंतिम रूप दे दिया जाए। साथ ही पहले से घोषित पॉलिसियों के बचे हुए नोटिफिकेशन को 30 जून तक जारी करने के आदेश दिए गए हैं।

**सौर ऊर्जा और हाइब्रिड सेक्टर में सबसे अधिक एमओयू**

पिछले साल हुई इस निवेश समिट में राज्य सरकार ने कुल 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए थे। इनमें सबसे ज्यादा एमओयू सोलर और हाइब्रिड एनर्जी सेक्टर में हुए हैं, जिनके लिए बड़ी मात्रा में भूमि की आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर बढ़ रहा देश', बूंदी से बोले सांसद सीपी जोशी

बूंदी, 12 जून (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ के सांसद सी.पी. जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में नई यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

बूंदी के गणगौर होटल में 'संकल्प से सिद्धि तक' अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रोफेशनल मीट में जोशी ने कहा कि बीते 11 वर्षों की विकास यात्रा में करदाताओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि अब सत्ता में राजा नहीं, सेवक हैं। बेरोजगारी नहीं, कौशल प्रमुख है। प्रोफेशनल मीट के विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सोनिल भंडारी ने मोदी सरकार के 11 सालों में टैक्स प्रणाली में हुए बड़े परिवर्तनों पर प्रकाश डाला।



उन्होंने कहा कि अब टैक्स को बोझ नहीं बल्कि योगदान के रूप में देखा जा रहा है।

भंडारी ने बताया कि 'एक देश, एक कर' नीति के तहत जीएसटी लागू किया गया, जिससे व्यापारियों को व्यापार में सरलता मिली है। इसके साथ ही आयकर में नई स्कीम के अंतर्गत 12 लाख तक की छूट सीमा ने मध्यम वर्ग को राहत दी है। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष एवं उद्योगपति सत्यनारायण माहेश्वरी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में व्यापारियों और उद्योगपतियों का सामाजिक और आर्थिक सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पहले ड्यूटी लगती थी, अब सब्सिडी मिलती है। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने 'संकल्प से सिद्धि तक' अभियान की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मंच पर उपस्थित मुख्य वक्ता सी.पी. जोशी का पंचरंगी साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री योगेन्द्र श्रृंगी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन समिति सदस्य शक्ति सिंह आसावत ने दिया।

मंचासीन अतिथियों में पूर्व विधायक ओम प्रकाश शर्मा, चंद्रकांता मेघवाल, सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष कालूलाल जांगिड़, कुंज बिहारी बील्या, छीतर राणा, सुरेश अग्रवाल, शहर अध्यक्ष राज कुमार श्रृंगी, नैनवां प्रधान पदम नागर, केशवरायपाटन प्रधान वीरेंद्र सिंह हाड़ा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में व्यापारी, उद्योगपति, समाजसेवी, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चाहे मैं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को हरा दूं

## लेकिन ये 'सास-बहू' मेरा पीछा नहीं छोड़ेगी, अलवर में बोलीं स्मृति ईरानी

अलवर, 12 जून (एजेंसियां)। अलवर जिले के एलआईईटी कॉलेज में सांसद खेल उत्सव के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 10 दिवसीय समर कैंप (बालिका) की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि चाहे मैं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को हरा दूं। चाहे सांसद बन जांऊ, मंत्री बन जांऊ, लेकिन ये 'सास-बहू' मेरा पीछा नहीं छोड़ेगी।

स्मृति का इशारा चर्चित टीवी धारावाहिक 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की तरफ था। इस सीरियल में स्मृति ने तुलसी बहू का अहम किरदार निभाया था। ईरानी ने आगे की राजनीतिक पारी को लेकर कहा कि खिलाड़ी केवल मैदान देखता है। नया क्या कीर्तिमान स्थापित करना है वो देखता है। खिलाड़ी कौनसे नम्बर पर खेलने जाएगा। ये कप्तान तय करता है। उन्होंने अलवर को खेलों का मुख्य केन्द्र बनाने और खेलकूद उत्सव के लिए भूपेन्द्र यादव को बधाई दी और कहा कि भूपेंद्र यादव हमेशा वंचित वर्ग को आगे लाने का काम करते हैं। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासिंह चौधरी, रामहेत यादव, बनवारी लाल सिंघल, संजय नरूका आदि मौजूद रहे।



**ईरानी ने खिलाड़ियों से किया संवाद**

समर कैम्प में प्रशिक्षण लेने वाली 300 खिलाड़ियों से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने सानवी के सवाल पर कहा कि मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए अन्य लोगों को आगे बढ़ने में मदद करनी चाहिए। वहीं, कोमल सैनी के सवाल पर कहा कि पूर्ण मनोयोग से प्रयास करने पर सफलता निश्चित है। ईरानी ने खिलाड़ियों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित कर बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि अनुशासन और निरन्तर मेहनत के बल पर अपने लक्ष्य को अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल व पढाई का तालमेल बनाएं।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि खेल उत्सव के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को देश के श्रेष्ठ कोचेज से समर कैम्प में प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। साथ ही खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम गौरवांवित कराने वाले खिलाड़ियों को भी यहां आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि 18 जून को एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज भी यहां आकर खिलाड़ियों को खेल के टिप्स देने के साथ मोटिवेट भी करेंगी। प्रशिक्षण लेने वाली खिलाड़ियों का माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें खेल व युवा मामलो मंत्रालय की विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण लेने वाली खिलाड़ियों को खेल पर बनी उत्कृष्ट फिल्में भी दिखाई जाएगी तथा प्रकृति से जोड़ने के लिए नेचर वॉक भी कराई जाएगी। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि आलस्य व गलत इच्छाओं का परित्याग करने के साथ अभिमान से मुक्त होंगे तो दुनिया की कोई भी ताकत आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती।

# अशोक गहलोत ने भाजपा पर दागे कई सवाल

## बोले-देश में हो रही है लोकतंत्र की हत्या

उदयपुर, 12 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत आज गुरुवार 12 जून को 3 दिनी उदयपुर संभाग के दौरे पर उदयपुर डबोक एयरपोर्ट पर पहुंचे तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने अशोक गहलोत पर कई सवाल पूछे। अशोक गहलोत ने कहा पूरा देश देख रहा है। ऐसा तनाव मुल्क के अंदर आजादी के बाद पहली बार देखने को मिला। पूरा ध्रुवीकरण। यह देश के हित में नहीं है, समाज के हित में नहीं है, यह मेरा मानना है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी धर्म, सभी जाति, सभी वर्ग साथ चलें तभी लोकतंत्र मजबूत हो रहा है।

कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा चुनाव जीतना एक बात है मगर लोकतंत्र बचाना दूसरी बात है। धीरे-धीरे लोकतंत्र की हत्या हो रही है और संविधान खतरे में है। अशोक गहलोत ने कहा राहुल गांधी बार-बार बोल रहे हैं संविधान बचाओ, तो आप समझ सकते हैं कि उसके पीछे क्या मंशा है। जिस प्रकार हर क्षेत्र में ज्यूडिशियरी में सुनवाई नहीं हो रही है। चुनाव आयोग सुनवाई नहीं कर रहा है।

अशोक गहलोत ने कहा कि क्या आपने सीवीसी (केंद्रीय सतर्कता आयोग) का नाम सुना है। एक जमाने सीवीसी का देश में भय था। आज यह हाल है कि उसकी कोई सुनवाई नहीं होती है। उसका नाम ही कोई नहीं जानता है। लोकपाल को लेकर हमारी सरकार बदल गई। लोकपाल को लेकर अन्ना हजारे और बाबा रामदेव के धरने हुए। यह पूरी तरह से आरएसएस से स्पॉन्सर था। 2 जी स्पेक्ट्रम, कोलगेट जैसे घोटलों को लेकर देश में माहौल बना दिया गया था। अब हम सवाल करते हैं कि 11 साल बीत चुके जो आरोप लगे थे उस पर सरकार ने क्या किया। जवाब दे। अशोक गहलोत ने कहा लोकतंत्र में विपक्ष का एक महत्व होता है। बिना विपक्ष के पक्ष नहीं होता है। विपक्ष जनता के लिए आवाज उठाता है। सत्ता पक्ष को बुरा नहीं मानना चाहिए। राहुल गांधी ने आवाज उठाई। उन्होंने पहलगाम की हत्या के बाद के जब सत्ता पक्ष सवाल पूछे गए तो सरकार कोई जवाब नहीं दे सकी। मारने वालों का क्या हुआ, सरकार को कुछ पता नही। अशोक गहलोत ने कहा फिर सिंदूर हो गया। सवाल उठाए गए। पर कोई जवाब नही। राहुल गांधी ने कहा पूरा विपक्ष के मोदी के साथ है। पहली बार पूरा मुल्क मोदी जी के साथ खड़ा था।

# 4 शहरों में ईडी के छापे, 2700 करोड़ की मनी-लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला

## पुलिस ने दर्ज किया था सैकड़ों केस

जयपुर, 12 जून (एजेंसियां)। राजस्थान, गुजरात और दिल्ली के करीब दो दर्जन जगहों पर गुरुवार को सुबह से प्रवर्तन निदेशालय की टीमें छापेमारी कर रही हैं। जांच एजेंसी के सूत्र के मुताबिक करीब 2700 करोड़ रुपए का मनी लॉन्ड्रिंग के चलते कार्रवाई की जा रही है।

राजस्थान के किसानों के लिए खुशखबरी: इस योजना में सरकार दे रही 30 हजार रुपए, करें ऑनलाइन आवेदन

ईडी द्वारा सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई सीकर, जयपुर, जोधपुर, झुंझुनू सहित गुजरात के अहमदाबाद में भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि "नेक्सा एवर ग्रीन नाम के प्रोजेक्ट" के मार्फत हजारों लोगों को चूना लगाने की जांच हो रही है। इस प्रोजेक्ट में पैसे लगाने पर एक समय के बाद फ्लैट या जमीन से ज्यादा रेट पर पैसे वापस लौटने का देने का भरोसा दिया गया था।

बता दें कि इस मामले में राजस्थान पुलिस के द्वारा आरोपियों के खिलाफ करीब सैकड़ों एफआईआर दर्ज की गई है। जांच एजेंसी द्वारा अब मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की जा रही है। नेक्सा एवरग्रीन कंपनी का रजिस्ट्रेशन अहमदाबाद में 17 अप्रैल 2021 को हुआ। जिसके मालिक सीकर के पनलावा निवासी सुभाष बिजारणियां व रणवीर बिजारणियां हैं। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज अहमदाबाद के रिकॉर्ड से पता चलता है कि यह कंपनी रियल एस्टेट एक्टिविटी के लिए रजिस्टर्ड कराई गई थी।

खास बात है कि इन कंपनियों में डायरेक्टर अलग-अलग थे। लोगों को झांसे में लेने के लिए सारे प्रोजेक्ट और कंपनी के नाम अधिकतर धोलेरा सिटी के नाम पर ही रखे गए थे।

# केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिखाई हरित भारत की राह, ग्रीन अरावली वॉल का ऐलान

अलवर, 12 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश ने कुशासन से सुशासन की ओर कदम बढ़ाया है।

**जंगलों में बढ़ती वन्यजीव संख्या**

भूपेंद्र यादव ने जानकारी दी कि देश भर में जंगली जानवरों की संख्या बढ़ रही है, जिसके मद्देनज़र दक्षिण भारत में एक विशेष वन्यजीव केंद्र बनाया जा रहा है। इसका निरीक्षण वह 19 और 20 जून को करेंगे।

**ग्रीन अरावली वॉल का सपना: 29 जिलों में बनेंगी नर्सरी**

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि 5 जून को ग्रीन अरावली वॉल की संकल्पना रखी गई है, जिसे दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और हरियाणा में तैयार किया जाएगा। इसके तहत इन राज्यों के 29 जिलों में पौधों की नर्सरी बनाई जाएगी। इस पर 17 जून को जोधपुर में विस्तृत चर्चा की जाएगी।





**रणथंभौर में टाइगर अटैक पर बयान**

रणथंभौर में हाल ही में हुए टाइगर अटैक पर मंत्री ने कहा कि टूटी हुई दीवार को जल्द ठीक किया जाएगा और आवश्यक गाइडलाइन भी जारी की गई हैं। उन्होंने आमजन से भी सतर्क रहने की अपील की। वन मंत्री ने कहा कि सरिस्का टाइगर रिजर्व में प्लास्टिक पूरी तरह बैन रहेगा। उन्होंने बताया कि थैलियों का वितरण किया गया है और 15 जून को टहला क्षेत्र में जाकर खुद इस अभियान की समीक्षा करेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि प्लास्टिक मुक्त सरिस्का अभियान से सभी जुड़ें।

**मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनाई**

भूपेंद्र यादव ने कहा कि 11 वर्षों में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने महिलाओं को उज्ज्वला योजना, किसानों को सम्मान निधि, छात्रवृत्ति और कोविड राहत जैसे अनेक कल्याणकारी कार्य गिनाए। उन्होंने यह भी कहा कि पहले 1 रुपये में से 85 पैसे बीच में रुक जाते थे, लेकिन अब 100 प्रतिशत पैसा सीधे आमजन के खाते में पहुंचता है। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मिसाल पेश की है।

**धारा 370, डिफेंस और आतंकवाद पर रुख स्पष्ट**

उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने, डिफेंस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आतंकवाद पर कठोर रुख ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब किसी तरह का समझौता नहीं करता। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत यादव, बनवारी लाल, संजय नरूका, मामन सिंह, मोहित यादव सहित कई स्थानीय नेता मौजूद रहे।

# एसआई भर्ती परीक्षा रद्द नहीं हुई तो होगी आर-पार की लड़ाई

## हनुमान बेनीवाल की सरकार को चेतावनी

जयपुर, 12 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष एवं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने चेतावनी दी कि पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती-2021 रद्द करने और राजस्थान लोक सेवा आयोग के पुनर्गठन की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती मुख्य परीक्षा और स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग भी उठाई।

बेनीवाल ने जयपुर में शहीद स्मारक पर जारी धरने में शामिल आंदोलनकारियों को संबोधित किया। पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती रद्द करने और लोक सेवा आयोग के पुनर्गठन की मांग को लेकर 50 दिन से आंदोलन किया जा रहा है।

**पीएम मोदी से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल**

बेनीवाल ने कहा कि इन मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए समय मांगा गया है। उम्मीद है जल्द ही प्रतिनिधिमंडल को समय मिलेगा और इस विषय पर कोई निर्णय होगा।

सांसद हनुमान बेनीवाल ने यह भी कहा कि युवा आरएएस मुख्य परीक्षा और व्याख्याता परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग को लेकर भी आंदोलन कर रहे है, सरकार को इन दोनों परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

बेनीवाल ने कहा कि एसआई भर्ती रद्द करने व आरपीएससी के पुनर्गठन की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर जारी धरना अब सबसे लंबे समय तक चलने वाले आंदोलनों में शामिल हो गया है। इसके बावजूद सरकार सुनवाई नहीं कर रही, यह सरकार की संवेदनहीनता और जिद को दर्शाता है।

# सरकार ने बदल दिया मंत्री किरोड़ी लाल मीना के 'गांव' का नाम, विभाग ने अधिसूचना की जारी

दौसा, 12 जून (एजेंसियां)। महुवा विधानसभा क्षेत्र के गांव खोहरा मुल्ला को अब मनोहरपुर के नाम से जाना जाएगा। जबकि खोहरा मुल्ला कैबिनेट मंत्री डॉ किरोडीलाल मीणा एवं महुवा विधायक राजेंद्र मीणा का पैतृक गांव है तो पूर्व मंत्री गोलमा देवी की खोहरामुल्ला में ससुराल है।

शासन उप सचिव हरि सिंह मीणा द्वारा जारी निर्देशानुसार राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 16 के प्रावधानों में निहित शक्तियों का प्रयोग कर राज्य सरकार एवं गृह मंत्रालय की अनापत्ति के अनुसरण में महुवा के राजस्व ग्राम खोहरा मुल्ला का नाम परिवर्तित कर मनोहरपुर कर दिया गया है।

**जानें आदेश में क्या?**

आदेशों में बताया गया कि भविष्य में उक्त राजस्व गांव को परिवर्तित नाम मनोहरपुर के नाम से संबोधित किया जाएगा।

जिला कलक्टर कार्य निष्पादन की सूचना से राज्य सरकार को सूचित कर अधिसूचना की पालना अन्य विभागों के जिला कार्यालय से भी कराना सुनिश्चित करेंगे।

**ग्रमीणों ने किया सरकार के फैसले का स्वागत**

बता दें कि किरोड़ी लाल मीना का यह गांव करीब 15 किमी के दायरे में सघन पौधरोपण और करीब तीन लाख जीवित पेड़ों के लिए खासा चर्चा में रहा है। ग्रामीणों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब वे अपने गांव की पहचान को एक सम्मानजनक और प्रेरणादायक नाम से जोड़ पाएंगे।

# अवैध बंदूक के साथ आरोपी गिरफ्तार

बूंदी, 12 जून (एजेंसियां)। बूंदी जिले में अवैध हथियार और अपराधों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने सभी थानों को सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। इसी के तहत तालेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को बिना लाइसेंस की बंदूक के साथ पकड़ा है। बूंदी जिले में अवैध हथियारों व आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा द्वारा सभी थानाधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में तालेड़ा थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तालेड़ा थानाधिकारी अजीत बगडोलिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गश्त व अवैध गतिविधियों की जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस ने ओमप्रकाश उर्फ पप्पू पुत्र गोपीलाल खटीक (उम्र 55), निवासी लक्ष्मीपुरा, थाना तालेड़ा को एक नाली टोपीदार बंदूक के साथ गिरफ्तारढ़ किया।थानाधिकारी अजीत बगडोलिया ने बताया कि आरोपी के पास बंदूक रखने का कोई वैध अनुज्ञापत्र नहीं था।

आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बंदूक को पुलिस ने जप्त कर लिया है।

# सेल्समैन की हत्या

## दो आरोपी गिरफ्तार

बूंदी, 12 जून (एजेंसियां)। बूंदी जिले के कापरेन थाना क्षेत्र में कुछ दिनों पहले शराब दुकान के सेल्समैन ओम प्रकाश मेहरा पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इलाज के दौरान कोटा एमबीएस अस्पताल में उनकी मौत हो गई। इसके विरोध में मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने दौसा-लालसोट मेगा हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम हटा दिया।

# भीषण गर्मी का कहर हीटवेव को लेकर अलर्ट

जयपुर, 12 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में गर्मी ने इस बार कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बीते 24 घंटों में श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 2019 के बाद अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है, जब जून में 49 डिग्री तक पारा पहुंचा था। अब तक पश्चिमी राजस्थान में ही भीषण गर्मी देखी जा रही थी, लेकिन अब पूर्वी राजस्थान भी इसकी चपेट में आ गया है। बीते 24 घंटों में प्रदेश के 8 शहरों में तापमान 45 डिग्री से अधिक रहा, जिनमें वनस्थली, दौसा, चूरू, बीकानेर, फलौदी, चित्तौड़गढ़, कोटा और श्रीगंगानगर प्रमुख हैं।

जयपुर मौसम केंद्र ने 12 और 13 जून को बीकानेर संभाग में प्रचंड हीटवेव्स को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, अलवर, चित्तौड़गढ़ और धौलपुर में भी हीटवेव्स की चेतावनी दी गई है। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि आसपास के शहरों में पारा 45 डिग्री को पार कर गया। रात का तापमान भी 32.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, 15 जून से पूर्वी राजस्थान में नया वेदर सिस्टम सक्रिय हो सकता है। इसके प्रभाव से जयपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर और भरतपुर समेत 25 जिलों में आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। इससे तेज गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

# सीएम नायुडू ने सरकार की पहली वर्षगांठ पर और अधिक कल्याणकारी योजनाओं का किया वादा



अमरावती, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू ने गुरुवार को कहा कि लोगों के निरंतर समर्थन से राज्य सरकार कई और कल्याणकारी और विकास पहल शुरू करेगी। नायुडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस अवसर पर, मैं वादा करना चाहता हूं कि हम लोगों के आशीर्वाद से कई और कल्याणकारी और विकास कार्यक्रम चलाएंगे।

उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन सरकार, जिसने हाल ही में अपना एक वर्ष पूरा किया है, को कल्याण, विकास और सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए दक्षिणी राज्य के पुनर्निर्माण के लिए जनादेश मिला है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद पेंशन, अन्ना कैंटीन और अन्य जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं एक वर्ष के भीतर लागू की गईं। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए निवेश आकर्षित करने के अलावा किसानों से 55 टन धान की खरीद की गई तथा उनके कल्याण के लिए कई निर्णय लिए गए। इसके अलावा, टीडीपी सुप्रीमो ने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार जून में 'अन्नदाता सुखीबावा' लागू करेगी, जिसके तहत किसानों को प्रति वर्ष 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। नायुडू ने कहा कि सरकार ने हर एकड़ जमीन को पानी उपलब्ध कराने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को अत्यधिक महत्व दिया है। उन्होंने अपने कार्यकाल का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा करने में सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति को धन्यवाद दिया तथा भविष्य में और अधिक सफलता की आशा व्यक्त की।

## आंध्र प्रदेश में फार्मा प्लांट दुर्घटना में 2 लोगों की मौत

परवाड़ा, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यहां एक फार्मा कंपनी के अपशिष्ट उपचार संयंत्र में हुई दुर्घटना में दो श्रमिकों की मौत हो गई। परवाड़ा उप-विभागीय पुलिस अधिकारी विष्णु स्वरूप ने बताया कि यह दुर्घटना अनकापल्ली जिले के जवाहरलाल नेहरू फार्मा सिटी में एसएस फार्मा कंपनी में रात करीब 1 बजे हुई। स्वरूप ने बताया, तीन कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक अन्य कर्मचारी की हालत गंभीर है... उन्होंने बताया कि पुलिस को सुबह करीब 3 बजे इस बारे में सूचना मिली। हालांकि, उन्होंने कहा कि दुर्घटना का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है क्योंकि पुलिस प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) और फैक्ट्री इंस्पेक्टर की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, भोजन और आवास प्रदान किया जाना चाहिए : पोन्नम

*> मंत्री ने बीसी कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की*

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सुझाव दिया कि शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत से ही छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ भोजन और आवास की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। बुधवार से 2025-26 शैक्षणिक वर्ष फिर से शुरू होने के साथ ही बीसी कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की गई। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी को गरीब और कमजोर वर्गों के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से काम करना चाहिए।

मंत्री ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं और शिक्षा उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने प्राचार्यों और छात्रावास वार्डन से विशेष ध्यान से काम करने का आह्वान किया। प्रत्येक विद्यार्थी पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए और विद्यार्थियों के भविष्य के लिए मैदानी स्तर पर सभी को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए, जिससे राज्य और देश का नाम रोशन हो। कल का भविष्य आज के विद्यार्थियों पर निर्भर करता है और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में कार्यरत सभी लोगों को यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सभी क्षेत्रों में तैयार करने का ध्यान रखना चाहिए। राज्य सरकार ने चार



महीने का किराया बकाया जारी कर दिया है। भवन मालिकों से बात कर विद्यार्थियों को बिना किसी असुविधा के बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। स्कूल और छात्रावास में साफ-सफाई रखी जानी चाहिए और मच्छरों से बचाने के लिए जालियां लगाई जानी चाहिए। मंत्री ने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें, गणवेश और आवास सामग्री तुरंत उपलब्ध कराई जानी चाहिए। राज्य स्तर के अधिकारियों को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए और विद्यार्थियों को बिना किसी कमी के शिक्षा और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। सरकार बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान में कोई कमी नहीं चाहती है और अधिकारियों को विद्यार्थियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय या छात्रावास में यदि कोई समस्या है तो उसे तत्काल संबंधित प्राचार्य एवं वार्डन के ध्यान में लाकर क्षेत्र स्तर पर उसका समाधान किया जाना चाहिए। यदि क्षेत्र स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होता है तो जिला स्तर और फिर राज्य स्तर पर समस्या को ध्यान में लाकर समाधान के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। जिन विद्यालयों में समुचित सुविधाएं नहीं हैं, उनकी पहचान कर उन्हें बेहतर बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए। रसोई, पानी की टंकी, शौचालय, स्नानघर, विद्यालय परिसर में खरपतवार और कचरा साफ किया जाना चाहिए। आवास की सुविधाएं उचित तरीके से उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

इस शैक्षणिक वर्ष से विद्यार्थियों के कॉस्मेटिक शुल्क सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराने के लिए कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में सभी विद्यार्थियों के बैंक खाते खोले गए हैं। शिक्षा में गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाना चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी को सभी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए और उनकी प्रगति ऐसी होनी चाहिए कि संस्थान को उन पर गर्व हो। सभी मामलों की गहनता से जांच की जानी चाहिए और समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाने चाहिए। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए मासिक स्वास्थ्य चार्ट तैयार किया जाना चाहिए। ऊंचाई और वजन हर महीने दर्ज किया जाना चाहिए। शैक्षणिक प्रणाली को मजबूत किया जाना चाहिए।

# भूमि अधिकार वापस पाने के लिए आदिवासियों ने की 80 किमी की पैदल यात्रा



कोत्तागुडेम, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के अश्वरावपेट मंडल के रामन्नागुडेम गांव के आदिवासियों ने अपनी जमीन पर अधिकार की मांग को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय तक 80 किलोमीटर की पदयात्रा की। बारिश का सामना करते हुए आदिवासियों ने जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरना दिया और प्रशासन से आग्रह किया कि वह उन्हें वह ज़मीन वापस कर दे जिस पर उनका दावा है कि उनका हक है। पूर्व सरपंच मदकम सरूपा और तुदुम देब्बा नेता तंबल्ला रवि ने कहा कि करीब 150 आदिवासी परिवार 1954 से रामन्नागुडेम के सर्वे नंबर 30, 36 और 39 में ज़मीन पर खेती कर रहे हैं।

आदिवासियों और वन विभाग के बीच 573.20 एकड़ जमीन को लेकर विवाद करीब दो दशक से चल रहा है। 2011 में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया था कि खेती की जमीन आदिवासियों की है। हालांकि, नेताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने कोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया कि हालांकि सरकार ने पट्टा पासबुक जारी की थी, लेकिन वन अधिकारी लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि सर्वेक्षण संख्या लंकालापल्ली राजस्व गांव के अंतर्गत आती है और वन विभाग की है। नतीजतन, वन अधिकारी आदिवासियों को जमीन पर खेती करने से रोक रहे हैं।

नेताओं ने आगे शिकायत की कि रामन्नागुडेम के लिए स्वीकृत चार इंदिराम्मा घरों को गैर-आदिवासियों को आवंटित किया गया, जो कि पेसा अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने एमपीडीओ और पंचायत सचिव को निलंबित करने की मांग की, उन पर आदिवासियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी आदिवासियों ने अतिरिक्त कलेक्टर वेणु गोपाल को एक ज्ञापन सौंपा, जिन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि मामला जिला कलेक्टर जीतेश वी. पाटिल के संज्ञान में लाया जाएगा और दस दिनों के भीतर इसका समाधान किया जाएगा।

## सिंचाई ईई श्रीधर को एसीबी ने डीए मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कलेश्वरम सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता नुने श्रीधर को आज एसीबी अदालत ने आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। श्रीधर और उनके रिश्तेदारों से संबंधित 13 स्थानों पर तलाशी लेने वाले एसीबी अधिकारियों ने बुधवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें चंचलगुडा जेल भेज दिया गया। इस बीच, एसीबी अधिकारी उनके बैंक लॉकर खोलने के लिए उनकी हिरासत की मांग करेंगे।

एसीबी ने पहले ही पहचान कर ली है कि आरोपी ने सैकड़ों करोड़ की अवैध संपत्ति अर्जित की है। बताया जाता है कि खुले बाजार में उनकी अवैध संपत्ति की कीमत 100 करोड़ रुपये से अधिक है। एसीबी अधिकारियों ने बेंगलुरू में चार और हैदराबाद में छह स्थानों पर तलाशी ली। करीमनगर में कलेश्वरम परियोजना कार्यालय पर भी छापेमारी की गई। श्रीधर की अवैध आय के संबंध में बड़ी मात्रा में संपत्ति की पहचान की गई। एसीबी अधिकारियों ने तब कार्रवाई की जब आरोप लगे कि श्रीधर कालेश्वरम परियोजना में महत्वपूर्ण गायत्री पंप हाउस के प्रभारी थे और उन्होंने वहां स्थापित बाहुबली मोटर्स की खरीद में कमीशन लिया था। ऐसा माना जाता है कि श्रीधर चोप्पाडांडी निर्वाचन क्षेत्र के रामदुगु मंडल में बने विशाल पंप हाउस के भी प्रभारी थे।

## गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा किया जाना चाहिए : भास्कर रेड्डी

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी के मुख्य अभियंता भास्कर रेड्डी ने अपने अधीनस्थों को गुणवत्ता से समझौता किए बिना समय पर काम पूरा करने का आदेश दिया है। गुरुवार को उन्होंने चारमीनार जोन में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान शास्त्रीपुरम आरओबी, फलकनुमा आरओबी, नलगोंडा एक्स रोड से ओवैसी फ्लाईओवर, अजीम होटल रोड, गुर्रम चेरुवु ड्रेन के कार्यों का निरीक्षण किया गया।स हालांकि प्रगति देखी गई है, लेकिन जगह की कमी, उपकरणों की आपूर्ति के मुद्दों और समन्वय चुनौतियों के कारण कुछ स्थानों पर देरी हुई है, और काम में तेजी लाई जानी चाहिए।

# समाज सेवी गेनालाल कुशवाहा को भामाशाह सम्मान

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कछवाहा (कुशवाहा) क्षत्रिय महासभा की ओर से कोटा (राजस्थान) के नूतन महाराष्ट्र सभा भवन में कुशवाहा समाज कोटा संभाग के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। समाज के आराध्य देव कुश महाराज की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात अधिवेशन सत्र एवं सामाजिक विचार मंथन का कार्यक्रम आरंभ हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव मुकुट कुशवाहा ने कहा कि समाज को व्यापार में आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा और समस्त कुशवाहा समाज को एकता के साथ रहना है और राजनीति में भी सक्रिय होना है। बालक-बालिकाओं ने भी अपना-अपना परिचय दिया। शिक्षित युवाओं ने बताया कि अपने हौसले बुलंद रखो, मंज़िल ज़रूर मिलेगी। स्वयं पर आत्ममविश्वास होना आवश्यक है।

कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नूर सिंह कुशवाहा ने समाज को संबोधित किया और कहा कि युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना ज़रूरी है। इस अवसर पर कुशवाहा समाज को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, कुशवाहा सैनिकों का सम्मान, भामाशाह सम्मान प्रदान किये



गये। सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नूर सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लखपति सिंह कुशवाहा (रिटायर्ड प्रिंसिपल) और राष्ट्रीय महासचिव मुकुट कुशवाहा (विद्यालय निदेशक) के अनुसार महासभा के इस कार्यक्रम में हैदराबाद (तेलंगाना) के समाज सेवी गेनालाल कुशवाहा को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सर्वसम्मति से कछवाहा (कुशवाहा) क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत कर शपथ दिलायी गयी। सम्मान प्राप्त करने के बाद विशिष्ट अतिथि गेनालाल कुशवाहा ने कहा कि कोटा में समाज का इतना भव्य आयोजन करना समाज की एक उपलब्धि है। देश के हर प्रांत से समाज के सदस्यों ने इसमें भाग लेकर समाज की एकता का परिचय दिया है। समाज की एकता का परिचय इस सम्मेलन के माध्यम से देशभर के हर कोने में पहुंचेगा। मैं हैदराबाद से इस सम्मेलन में उपस्थित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। समाज को नयी सोच के साथ नयी राह दिखायी जा रही है। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर कुशवाहा समाज एक महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है जो समाज के लिए एक प्रशंसनीय कार्य है। हैदराबाद में भी कुशवाहा समाज के सदस्य बड़ी संख्या में हर क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं जो अखिल भारतीय कुशवाहा समाज से जुड़ चुके हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सनातनी क्षत्रिय कुशवाहा समाज ईमानदार, परिश्रमी समाज है जो हमेशा धरती फाड़कर खेती कर अपनी आजीविका का निर्वहन करता आ रहा है। धीरे-धीरे समाज में उन्नति हो रही है, बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का जो प्रयास समाज द्वारा किया जा रहा है वह प्रशंसनीय और सराहनीय है।

मुख्य अतिथि राजेश बिरला ने कहा कि कुशवाहा समाज प्रतिभाओं की कमी नहीं है। आप धैर्य रखकर इतना अच्छा कार्यक्रम करके समाज को जोड़ने की दिशा में एक अनूठा प्रयास कर रहे हैं, मेरे छोटे भाई ओम बिरला जो लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं वह आपके हर सुख-दुख में खड़े रहते हैं और रहेंगे। आज वह विदेश यात्रा पर होने के कारण नहीं आ सके हैं। झालवाड़ा निवासी मुरारीलाल कुशवाहा ने हैरत अंगेज करतब दिखाकर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया, उन्हें भी राजेश बिरला ने सम्मान प्रदान किया। अंत में संभागीय अध्यक्ष लालचंद कछवाहा ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और उपस्थित श्रोताओं का आभार प्रकट किया।

# कृषि प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला का आयोजन

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 पर सीएसआईआर-आईआईसीटी ने विश्व पर्यावरण दिवस के लिए सतत कृषि प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला आयोजित की।

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कृषि मंत्रालय सचिव तेलंगाना सरकार, एपीसी एम. रघुनंदन राव, आईएएस ने कहा कि, किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सीएसआईआर-आईआईसीटी जैसे राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। गुरुवार 12 जून को विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के हिस्से के रूप में किसानों के लिए पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल कृषि पद्धतियां: अवायवीय पाचन से किण्वित जैविक खाद और कीट नियंत्रण के लिए फेरोमोन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। निदेशक डॉ. श्रीनिवास रेड्डी ने सीएसआईआर-आईआईसीटी की बहुमुखी भूमिका पर जोर दिया, जो रासायनिक प्रौद्योगिकी से परे है, बल्कि कृषि विज्ञान और किसानों की जरूरतों को पूरा करने वाला एक संस्थान भी है। इस सत्र में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान और विश्व पर्यावरण दिवस पुरस्कारों की प्रस्तुति भी शामिल रही।

इस कार्यशाला में डॉ. ए.जी. राव, डॉ.के. राजू, डॉ.बी.वी. सुब्बा रेड्डी, डॉ.पी. आनंद और डॉ. सुरेखा सहित प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों द्वारा व्यावहारिक प्रस्तुतियां दीं गईं। मुख्य वैज्ञानिक डॉ.ए. गंगाग्नि राव की अध्यक्षता में एक पैनल चर्चा और किसानों के साथ वार्तालाप भी शामिल रहा। इस कार्यशाला में तत्संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।



**मल्लापुर स्थित श्री आईमाताजी बडेर में स्व. श्रीमती भंवरीदेवी भायल की श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए चुन्नीलाल, अशोक कुमार, उत्तम भायल, ताराराम, वेलाराम, नारायणलाल, रतनलाल, मोहनलाल, सुरेश, ओंकाराम, लक्ष्मण, गौतम, गणेश, ललित, किरण, प्रवीण, प्रकाश, वजाराम, स्वरुपराम, नैनाराम, सोहनसिंह राजपुरोहित, ढगलाराम सेपटा, सुशील भायल व समाज बन्धु।**

# गदवाल राजपरिवार ने मनाया एरुवाका महोत्सव, कृषि परंपराओं का किया सम्मान



गदवाल, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पारंपरिक इरुवाका महोत्सव, जो मानसून के आगमन का प्रतीक है और कृषि की प्रचुरता का जश्न मनाता है, आंध्र प्रदेश, रायलसीमा और तेलंगाना के किसानों और ग्रामीणों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

कृषि संस्कृति से जुड़े इस त्यौहार में किसान जीवनदायी बारिश के लिए आभार प्रकट करते हुए वर्षा देवताओं से प्रार्थना करते हैं। इस उत्सव के हिस्से के रूप में, किसान अपने औजारों और हलों को सजाते हैं, और खेती की गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गायों और बैलों जैसे मवेशियों को नहलाते और सजाते हैं। गडवाल में एरुवाका उत्सव ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। इसकी शुरुआत गडवाल समस्थान के संस्थापक राजा नल्ला सोमनाद्री भूपाल ने की थी और इसे कई पीढ़ियों तक, खास तौर पर महारानी आदिलक्ष्मी देवम्मा ने आगे बढ़ाया। शाही वंश के वंशज कृष्ण राम भूपाल ने इस वर्ष के उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने गौरव और प्रतिबद्धता की गहरी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'मैं इस तरह के जीवंत समारोह का हिस्सा बनकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।' 'इस परंपरा को आगे बढ़ाना सम्मान की बात है, क्योंकि समस्थान के राजा इस समारोह का नेतृत्व करते हैं।'

उन्होंने स्थानीय समुदाय से मिले गर्मजोशी और समर्थन के लिए भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'यह कई सामाजिक और सामाजिक पहलों की शुरुआत है, जिन्हें मैं शुरू करने की योजना बना रहा हूं, क्योंकि मैं अपनी पैतृक विरासत से फिर से जुड़ना चाहता हूं और पूरे गडवाल समुदाय को इसमें शामिल करना चाहता हूं।' इस कार्यक्रम ने न केवल क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला, बल्कि भूमि और इसकी सदियों पुरानी कृषि परंपराओं के साथ समुदाय के गहरे संबंधों को भी मजबूत किया।

# सीआईएसएफ में 'श्री अन्ना' बाजरे का उपयोग खाद्य उपभोग का 30 प्रतिशत पार कर गया

हैदराबाद, 12 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सीएपीएफ में सतत स्वास्थ्य के लिए गृह मंत्रालय के 'श्री अन्ना' मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने देश भर में अपनी 434 इकाइयों और संरचनाओं में बाजरे (श्री अन्ना) की खपत के लक्ष्य को पार कर लिया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि सीआईएसएफ की गृह मंत्रालय की पहल के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, ताकि न केवल अपने कर्मियों के बीच बल्कि उनके परिवारों और व्यापक नागरिकों के बीच भी अपने पारंपरिक पौष्टिक अनाज को बढ़ावा दिया जा सके। इस उपलब्धि की यात्रा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष' घोषित करने के साथ शुरू हुई, जो भारत के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। इसके बाद, गृह मंत्रालय ने 04.05.2023 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के दैनिक आहार में बाजरा शामिल करने का आदेश दिया, जिसमें 2024-25 के लिए जवानों के दैनिक आहार में 30 प्रतिशत श्री अन्ना शामिल करने का विशिष्ट लक्ष्य रखा गया। सीआईएसएफ की सफलता का श्रेय सभी इकाइयों को कवर करने वाले बहुआयामी दृष्टिकोण को जाता है।

दैनिक रोल कॉल, ब्रीफिंग, सैनिक सम्मेलन और अन्य बैठकों के माध्यम से, जवानों को बाजरा के लाभों के बारे में लगातार शिक्षित किया जाता है। कल्याणकारी गतिविधियों में परिवार के सदस्यों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाता है, जिससे उन्हें अपने घर के आहार में श्री अन्ना को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बाजरा से बने व्यंजन भी स्वस्थ जलपान के रूप में सरकारी कार्यों में अपनी जगह बना रहे हैं। श्री अन्ना सारथी- एक पाक क्रांति: अभिनव प्रचार के एक प्रमाण के रूप में, सीआईएसएफ ने श्री अन्ना सारथी नामक एक अनूठी पुस्तिका लॉन्च की है। इस व्यापक गाइड में भारत भर से बाजरे की विभिन्न रेसिपीज दी गई हैं, सेना के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया है, रसोइयों से फीडबैक शामिल किया गया है और बाजरा अपनाने वाले बल के सदस्यों के बीच स्वास्थ्य सुधार की प्रेरक कहानियाँ भी साझा की गई हैं। सीआईएसएफ की वेबसाइट पर एक डिजिटल संस्करण आसानी से उपलब्ध है, जो व्यापक पहुंच सुनिश्चित करता है।

प्रशिक्षण और सहभागिता: सीआईएसएफ के 100 प्रतिशत रसोइयों को स्वादिष्ट बाजरा व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। बल ने ज्ञान प्रदान करने और गलतफहमियों को दूर करने के लिए आहार विशेषज्ञों और डॉक्टरों द्वारा 662 व्याख्यानों के साथ-साथ 1,110 सेमिनार, वेबिनार और कार्यशालाएं आयोजित की हैं।

**बाजरा मेला-स्वास्थ्य का स्वाद**

इकाइयों ने 335 अत्यधिक सफल प्रदर्शनियां, या बाजरा मेला आयोजित किए हैं, जो जनता और सीआईएसएफ परिवारों को यह व्यावहारिक प्रदर्शन प्रदान करते हैं कि बाजरा को अपने आहार में शामिल करना कितना आसान है। ये मेले लोगों को बाजरा आधारित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं, जो प्रभावी रूप से किसी भी संदेह को दूर करते हैं और व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित करते हैं। बाजरे को अक्सर "पहले पुलिसकर्मी" और "भविष्य की फसल" के रूप में जाना जाता है, यह पोषण का खजाना है। जलवायु के अनुकूल अनाज को कम से कम पानी, उर्वरक या कीटनाशकों की आवश्यकता होती है और यह सूखे और कीटों के प्रति अविश्वसनीय रूप से लचीला होता है। जबकि असंगत आपूर्ति श्रृंखला और सीमित सार्वजनिक जागरूकता जैसी चुनौतियों ने ऐतिहासिक रूप से बाजरे को अपनाने में बाधा डाली है, सीआईएसएफ के असाधारण प्रयास सक्रिय रूप से इन बाधाओं को तोड़ रहे हैं। उदाहरण के माध्यम से नेतृत्व करके और अपने कर्मियों और उनके परिवारों को ज्ञान और स्वादिष्ट विकल्पों के साथ सशक्त बनाकर, सीआईएसएफ किसानों, उपभोक्ताओं और जलवायु के लाभ के लिए बाजरे को बढ़ावा देने के भारत सरकार के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# स्टीव स्मिथ लॉर्ड्स स्टेडियम में टॉप विदेशी स्कोरर

## इंग्लैंड में 18वीं फिफ्टी लगाई, वेरियन का एक हाथ से डाइविंग कैच

लंदन, 12 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 212 रन बनाकर सिमट गई। साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट खोकर 43 रन बना लिए।

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने 66 रन बनाए, इसी के साथ वे इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बने। वे लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी भी बने। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट महज 22 रन बनाने में गंवा दिए।




**इंग्लैंड में हाईएस्ट 50+ स्कोर वाले विदेशी बने स्मिथ**

ऑस्ट्रेलिया के नंबर-4 बैटर स्टीव स्मिथ 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 10वीं फिफ्टी लगाई, वे यहां 8 सेंचुरी भी लगा चुके हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिफ्टी लगाकर स्मिथ इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 18 फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ही एलन बॉर्डर और वेस्टइंडीज के विवियन रिचर्ड्स का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों के नाम इंग्लैंड में 17-17 फिफ्टी प्लस स्कोर का रिकॉर्ड रहा।

**लॉर्ड्स में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बने स्मिथ**

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बैटर भी बन गए। उनके अब 6 मैच की 10 पारियों में 591 रन हो गए। इनमें उन्होंने 2 शतक और 3 फिफ्टी लगाई हैं। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के ही वारेन बार्डस्ले का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 5 मुकाबलों में 575 रन बनाए।

**काइल वेरियन का डाइविंग कैच**

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरियन ने एक हाथ से बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा। 24वें ओवर की दूसरी बॉल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर लेग स्टंप की ओर फेंकी। ट्रैविस हेड फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर विकेटकीपर की ओर चली गई। यहां वेरियन ने अपने दाईं ओर डाइव लगाई और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। हेड को 11 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।

# बेंगलुरु भगदड़ हादसे के बाद बीसीसीआई सख्त




मुंबई, 12 जून (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 का खिताब इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने नाम किया था। जिसके बाद बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की जीत के लिए एक समारोह रखा गया था। इस दौरान मैदान के बाहर भारी संख्या में फैंस मौजूद हो गए थे, जिसके बाद वहां भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे को कई दिन हो चुके हैं वहीं अब इसको लेकर बीसीसीआई आईपीएल में जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देशों जैसे मुद्दों को लेकर एक बैठक करने वाली है। इसके अलावा बीसीसीआई की बैठक में कई ओर मुद्दों पर चर्चा होगी।

बेंगलुरु में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद बीसीसीआई का मानना है कि इस समारोह के लिए ओर बेहतर इंतजाम हो सकता था। अब मामले पर बैठक के दौरान गहन चर्चा होगी और कुछ दिशानिर्देश बनाए जाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र के मुताबिक शनिवार को होने वाली बैठक में आईपीएल में जीत के बाद होने वाले जश्न को लेकर नियम बनाने की जरुरत पर चर्चा होगी। इसके अलावा टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली सीरीज के वेन्यू पर विचार विमर्श किया जाएगा।

दरअसल आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। इसके अगले दिन बाद फैंस लगभग 3 लाख की संख्या में अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जमा हो गए थे। इस बीच ऐसी भगदड़ मची के 11 लोगों की जान चली गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इसके बाद कुछ लोगों ने आरसीबी से लेकर कर्नाटक सरकार और पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाने शुरू कर दिए थे।

# मिचेल स्टार्क ने भारत के दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड तोड़ा

## आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में सबसे ज्यादा विकेट लिया

लंदन, 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी फिलहाल इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं. इस बार उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में नहीं चुना गया है. इसी बीच उनके लिए एक बुरी खबर सामने आई है. दरअसल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच खेला जा रहा है. ये मुकाबला लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर हो रहा है. इस मुकाबले के बीच मोहम्मद शमी का एक बड़ा रिकॉर्ड टूट गया है.

**टूट गया मोहम्मद शमी का बड़ा रिकॉर्ड**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन एक नया इतिहास रच दिया है. उन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.





यह उपलब्धि उन्होंने लॉर्ड्स मैदान पर हासिल की. स्टार्क ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो अब तक फाइनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे.

मिचेल स्टार्क इस मैच में अभी तक 2 विकेट चटका चुके हैं और अब पांच आईसीसी फाइनल में उनके नाम 11 विकेट हो गए हैं, जो उन्हें इस लिस्ट में सबसे आगे ला खड़ा करता है. इससे पहले मोहम्मद शमी चार फाइनल में 10 विकेट लेकर इस लिस्ट में टॉप पर थे. स्टार्क की यह उपलब्धि उनके बड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने की क्षमता को दर्शाती है. फाइनल के पहले दिन उन्होंने साउथ अफ्रीका की पहली पारी में शुरुआती झटके देकर अपनी छाप छोड़ी, जिसमें उन्होंने एडेन मार्कराम को बिना खाता खोले आउट किया और रयान रिकेलटन को 16 रन पर पवेलियन भेजा. इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने दिन का अंत 2/10 के आंकड़ों के साथ किया.

**मिचेल स्टार्क ने करवाई टीम की वापसी**

इस मुकाबले में स्टार्क की गेंदबाजी ने साउथ अफ्रीका को दबाव में डाल दिया, जिसके कारण साउथ अफ्रीका ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 पर 4 विकेट गंवा दिए. जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 212 रन बनाकर ऑलआउट होने के बाद स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजी ने वापसी की राह दिखाई. अफ्रीका को अब दूसरा दिन दवाब में खेलना होगा, जहां स्टार्क की अगली चुनौती टीम को दूसरी बार डब्ल्यूटीसी खिताब दिलाने की होगी.

# भारतीय टीम की इंग्लैंड में प्रैक्टिस

## कप्तान शुभमन गिल सहित टीम के अन्य खिलाड़ियों का फील्डिंग अभ्यास

लंदन, 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड में फील्डिंग की प्रैक्टिस की। इसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी अन्य खिलाड़ियों के साथ कैच का प्रैक्टिस करते नजर आए। वहीं भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी थ्रो और फील्डिंग करते नजर आए

6 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना हुई थी टीम इंडिया

भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।

रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है।

**भारत का इंग्लैंड दौरा 2025**

**शेड्यूल**

| टेस्ट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| पहला | 20 से 24 जून तक | लीड्स |
| दूसरा | 2 से 6 जुलाई तक | बर्मिंघम |
| तीसरा | 10 से 14 जुलाई तक | लॉर्ड्स |
| चौथा | 23 से 27 जुलाई तक | मैनचेस्टर |
| पांचवां | 31 जुलाई से 4 अगस्त तक | द ओवल |

रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा।

8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन का हुआ था आयोजन

भारतीय टीम ने 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया था। इसमें कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया था। हालांकि, टीम में शामिल कई खिलाड़ी इंडिया ए के सदस्य होने की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे।

लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋशभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## अभी और खिलाड़ी लेंगे संन्यास

# डैरेन सैमी का चौंकाने वाला दावा

## *क्रिकेट जगत में मचा हड़कंप*

खेल डेस्क, 12 जून (एजेंसियां)। पिछले कुछ हफ्तों में कई स्टार खिलाड़ी संन्यास का ऐलान कर चुके हैं. इसमें सबसे नया नाम वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन का है. निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट छोड़कर सभी को चौंका दिया था. ऐसे में अब वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और मौजूदा हेड कोच डैरेन सैमी ने निकोलस पूरन के इंटरनेशनल क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने को लेकर गहरी चिंता जताई है. सैमी का मानना है कि यह घटना वेस्टइंडीज क्रिकेट के सामने एक बड़ी चुनौती को उजागर करती है.

डैरेन सैमी का चौंकाने वाला दावा

पूरन वेस्टइंडीज के टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, उन्होंने कभी भी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला और उनकी आखिरी वनडे पारी दो साल पहले खेली गई थी. उनका ये फैसला इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि टी20 वर्ल्ड कप महज आठ महीने बाद खेला जाना



है. उनके इस फैसले के पीछे की से बड़ी वजह फ्रेंचाइजी क्रिकेट को माना जा रहा है. वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट से सबसे ज्यादा कमाई कमाई करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं. ऐसे में डैरेन सैमी का मानना है कि आने वाले समय में और खिलाड़ी इसी राह पर चल सकते हैं और कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट छोड़ सकते हैं.

सैमी ने इंग्लैंड दौरे पर वेस्टइंडीज की छठी लगातार हार के बाद पूरन के संन्यास पर कहा, 'मेरी अंतररात्मा की आवाज कह रही थी कि ऐसा कुछ होगा. आदर्श रूप से ऐसी प्रतिभा को मैं टीम में रखना पसंद करूंगा. लेकिन मैं किसी के करियर को नियंत्रित नहीं कर सकता. मैंने उसे शुभकामनाएं दी, उसने टीम को शुभकामनाएं दीं. अब निकोलस पूरन के बिना रणनीति पर आगे बढ़ने की कोशिश की जा रही है. वर्ल्ड कप आने वाला है, मैं इस तथ्य का सम्मान करता हूं कि उसने हमें काफी पहले बताया ताकि हमारे पास उसके बिना योजना बनाने के लिए ज्यादा समय हो.'

और भी खिलाड़ी लेंगे संन्यास...

सैमी ने यह भी अनुमान लगाया कि टी20 क्रिकेट के बढ़ते चलन और फ्रेंचाइजी लीग के आकर्षण के कारण और भी खिलाड़ी जल्दी संन्यास ले सकते हैं. उन्होंने साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और क्विंटन डी कॉक जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जिन्होंने कम उम्र में ये फैसला लिया है. सैमी ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि और भी खिलाड़ी इस दिशा में आगे बढ़ेंगे. आपने देखा कि हर कोई हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डिकॉक, इन खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहा है जो संन्यास ले चुके हैं. यह हमारे नियंत्रण से बाहर है.'

# राशिद खान ने अचानक क्रिकेट से बनाई दूरी

## आईपीएल 2025 में फ्लॉप रहने के बाद लिया चौंकाने वाला फैसला

काबुल, 12 जून (एजेंसियां)। मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 की शुरुआत 13 जून से होने जा रही है. लेकिन इससे पहले एमआई न्यूयॉर्क की टीम को बड़ा झटका लगा है. अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी लेग स्पिनर राशिद खान ने बड़ा फैसला लिया है, जिसने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. हाल ही में राशिद खान का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है, आईपीएल 2025 में भी वह पूरी तरह फ्लॉप रहे थे. जिसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने बड़ा कदम उठाया है.

**राशिद खान ने लिया बड़ा फैसला**

राशिद खान मेजर लीग क्रिकेट 2025 में एमआई न्यूयॉर्क की टीम का हिस्सा नहीं होंगे. राशिद खान ने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है, जिसके चलते वे इस साल एमएलसी में नहीं खेलेंगे. वह पिछले एमएलसी सीजन में एमआई न्यूयॉर्क के लिए सबसे सफल गेंदबाज थे, उन्होंने पिछले साल 6.15 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ 10 विकेट



लिए थे. हालांकि, उनकी टीम सात में से केवल दो मैच जीतकर चौथे स्थान पर रही थी. राशिद का इस बार ना होना एमआई न्यूयॉर्क के लिए बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि उनकी गेंदबाजी टीम की रीढ़ थी.

राशिद खान ने कब तक के लिए क्रिकेट से दूरी बनाई है, फिलहाल इस पर कोई अपडेट सामने नहीं आया है. लेकिन राशिद का ब्रेक लेने का फैसला उनके लंबे करियर को ध्यान में रखते हुए समझदारी भरा कदम माना जा सकता है. इसके पीछे की वजह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना भी हो सकता है. बता दें, राशिद ने हाल ही में आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेला था, जहां उनका प्रदर्शन काफी कमजोर रहा. उन्होंने नौ विकेट लिए, लेकिन 9.34 की इकॉनमी रेट और 57.11 की औसत के साथ यह उनका सबसे खराब आईपीएल सीजन था.

इस दौरान उन्होंने 33 छक्के खाए, जो किसी भी गेंदबाज की ओर से एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा है.

**इस गेंदबाज ने भी लिया ब्रेक**

दूसरी ओर, अजमतुल्लाह उमरजई ने भी एमएलसी 2025 से हटने का फैसला किया है. वह भी एमआई न्यूयॉर्क की टीम का हिस्सा हैं. उमरजई ने आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के लिए खेला था, जो टूर्नामेंट में उपविजेता रही. हालांकि, उनका प्रदर्शन औसत रहा, जिसमें उन्होंने पांच पारियों में 57 रन बनाए और 10.33 की इकॉनमी रेट के साथ आठ विकेट लिए. हालांकि, अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक ने टीम के साथ जुड़ने की पुष्टि की है. नवीन की मौजूदगी से टीम की गेंदबाजी को कुछ हद तक मजबूती मिलेगी. एमआई न्यूयॉर्क 14 जून को ओकलैंड कोलिजीयम में टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी. जहां निकोलस पूरन की कप्तानी वाली यह टीम नई रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी.

# इंग्लैंड के उपकप्तान बोले: *भारतीय टीम में टैलेंट की कमी नहीं*

## विराट कोहली की चमक मिस करेंगे 16 साल से जीत का इंतजार

लंदन, 12 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड टेस्ट टीम के उपकप्तान ओली पोप का कहना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में काफी टैलेंट है, लेकिन उसे विराट कोहली की कमी खेलेगी।

टीम इंडिया अभी इंग्लैंड दौरे पर है, उसे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।

भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आईपीएल के दौरान ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था।

ओली पोप ने 'टॉकस्पोर्ट' क्रिकेट से कहा कि भारत की टीम युवा है, लेकिन इनके खिलाड़ियों



में बहुत टैलेंट है। उनके पास बहुत से युवा और अच्छे खिलाड़ी हैं। कप्तान शुभमन गिल शानदार हैं। लेकिन उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।

पोप ने यह भी कहा, 'भारतीय टीम के पास कुछ अच्छी प्रतिभाएं हैं। वे आत्मविश्वास से भरे होंगे। हमारे खिलाड़ी भी इसके लिए तैयार हैं.'

**एशेज ट्रॉफी से पहले भारत के साथ सीरीज महत्वपूर्ण**

ओली पोप ने कहा कि एशेज ट्रॉफी से पहले भारत के साथ यह सीरीज हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। भारत के साथ खेलने का यह एक बेहतरीन समय है। पिछली गर्मियों में हम वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ खेले थे।

**भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है**

भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत को इंग्लैंड में 2011, 2014 और 2018 में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 2021-22 की सीरीज ड्रॉ रही थी।

# शूटिंग विश्व कप में मनु भाकर फाइनल में पदक से चूकीं

## चैन सिंह सातवें स्थान पर रहे



म्यूनिख, 12 जून (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया।ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। चैन सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे। भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था। मनु भाकर ने प्रिसिशन में 290 और रैपिड फायर राउंड में शानदार प्रदर्शन करके 298 अंक हासिल किए थे लेकिन फाइनल में उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा। चीन की सुन युजी ने 38 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की ओह येजिन और यांग जिन ने क्रमशः 36 और 32 अंकों के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

# भांबरी-गैलोवे की जोड़ी बॉस ओपन टेनिस से बाहर



स्टटगार्ट, 12 जून (एजेंसियां)। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे को बॉस ओपन टेनिस प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। युकी और गैलोवे की जोड़ी को मैक्सिको के सैंटियागो गोंजालेस और अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक के हाथों 6-7, 6-7 से पराजय मिली। भारत के रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी भी अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं। बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला का सामना फ्रांस के दूसरी वरीयता प्राप्त सादियो दुम्बिया और फेबियन रेबाउल से होगा। वहीं बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर जाइल की टक्कर जर्मनी के जैकब श्नाइटेर और मार्क वालनेर से होगी।




**SHOWROOMS: TELANGANA: HYDERABAD:** RENAULT **GACHIBOWLI** Ph: 9289220863, RENAULT **HITECH CITY** Ph: 9311733970, RENAULT **KUKATPALLY** Ph: 7067322620, RENAULT **LB NAGAR** Ph: 9311700671. RENAULT **KARIMNAGAR** Ph: 9582305983. RENAULT **KHAMMAM** Ph: 8527234093. RENAULT **MAHBUBNAGAR** Ph: 9289995319. RENAULT **NIZAMABAD** Ph: 9311700672. RENAULT **SHADNAGAR** Ph: 9311700675.

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.